
CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 01-03-2026 00:40 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > शनिवार, 3 जनवरी 2026 > पौष 14 शक संवत 1947 पौष शुक्ल पूर्णिमा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16*> मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow•twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no 3

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




'वाइट कॉलर टेररिजम जैसी प्रवृतियां सामने आ रहीं' ▸p12

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में नस्लीय सोच पर बोले ख्वाजा ▸p11



जयशंकर बोले-भारत को बुरे पड़ोसियों से रक्षा का हक ▸▸पेज 12



बैठक के दौरान हार्ट अटैक, फरीदपुर के विधायक का निधन ▸▸पेज 7



उमर खालिद को ममदानी की चिट्ठी, BJP बोली-आंतरिक मामलों में दखल ▸▸पेज 12

## हाई कोर्ट में सरकार ने चार मौतें मानीं

■ आईएएनएस/पीटीआई, इंदौर : इंदौर के भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से सिर्फ चार लोगों की मौत हुई है, यह जानकारी राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को दी है। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने नगर निगम कमिश्नर और अडिशनल कमिश्नर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिसमें प्रशासन को दूषित पानी पीने से हुई मौतों का आंकड़ा पेश करना होगा। साथ ही कितने लोग बीमार हैं और आईसीयू में भर्ती हैं, यह भी जानकारी देनी होगी। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

इंदौर में पानी की सप्लाई में सीवेज मिलने से दस्त, उल्टी और डिहाइड्रेशन हो गया। स्टेटस रिपोर्ट में सरकार ने कोर्ट को बताया है कि 200 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें से 36 ICU में हैं। रिपोर्ट तब सामने आई है, जब स्थानीय लोगों ने 14 के दम तोड़ने की बात कही है, जिनमें छह महीने का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, इंदौर के मेयर ने 10 मौतों की जानकारी दी है, हालांकि दावों की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि नहीं की है। तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। ▸▸ पेज 10

### इंदौर में जानलेवा बना पानी, लोगों का दावा-14 की हुई मौत

PTI



पानी का सितम... इंदौर में अपनों को खोने के गम में तड़प उठे लोग।

#### कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं: सीएम

एमपी के सीएम मोहन यादव ने दूषित पानी पर समीक्षा बैठक के बाद शुक्रवार को तीन अफसरों पर ऐक्शन लिया। कमिश्नर को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिनमें एक अडिशनल कमिश्नर का शहर से तत्काल तबादला किए जाने का कदम शामिल है, जबकि इंचार्ज सुपरिटेंडेंट इंजिनियर से वॉटर डिस्ट्रिब्यूशन वर्क डिपार्टमेंट का दायित्व वापस लेने को कहा है।

#### मौतों की वजह दूषित पानी, लैब में पुष्टि

इंदौर के स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) ने बताया कि शहर के एक मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि भागीरथपुरा इलाके में एक पाइपलाइन में लीकेज के कारण पीने का पानी दूषित हो गया था, जहां से यह बीमारी फैली है।

इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा। घर-घर मातम है। सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? ये 'फोकट' सवाल नहीं, ये जवाबदेही की मांग है।

–राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

क्यों ख़रीदें सोना? पाएं 5% अधिक बिना ख़रीदे myGold For more details +91-90 4445 4178

Sandeep Rastogi

## हाड़कंपाऊ ठंड



गोमतीनगर, 1:30 PM

### दिन का पारा 6 डिग्री गिरा, स्कूल 5 तक बंद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

ठंड के लिए किवदंती बन चुकी 'पूस की रात' के साथ पूस के दिन कदमताल करते नजर आ रहे हैं। उस पर पछुआ हवा शूल सी चुभ रही है। शुक्रवार को लखनऊ वाले पूरे दिन भीषण ठंड से ठिठुरते रहे। गलन इतनी ज्यादा थी कि दोपहिया चालक कई जगह रुककर अलाव तापते नजर आए। सुबह का कोहरा छंटने के बाद भी पूरे दिन धुंध छाई रही। सूरज के दर्शन नहीं हुए। भीषण ठंड के कारण 12वीं तक के स्कूल 5 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं।

लखनऊ में शुक्रवार को दिन के तापमान में गुरुवार की तुलना में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। पूरे दिन पारा 14.60 डिग्री से ऊपर गया ही नहीं। उस पर 10-11 किमी/घंटा की गति से चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को ज्यादा देर खुले में रहने नहीं दिया। ऑफिसों में हाजिरी और पार्कों में पहुंचने वालों की संख्या भी कम रही। बाहर निकलने वाले ऊनी कपड़ों में पूरी तरह लिपटे नजर आए। राजधानी का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रेकॉर्ड किया गया। बाराबंकी और हरदोई में यूपी में सबसे ठंडे रहे, यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। सीएम ने अलाव जलाने और बेघरों को रैनबसेरों में शरण देने के निर्देश दिए हैं।

#### अगले चार दिन भीषण कोल्ड वेव

मौसम विभाग ने यूपी में अगले चार दिन भीषण कोल्ड-वेव की चेतावनी जारी की है। घने कोहरे के कारण सुबह और रात के समय विजिबिलिटी बेहद कम रह सकती है। लोगों को सतर्क रहने और जरूरी न होने पर यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रात का तापमान सामान्य से कम रहेगा। सात जनवरी तक प्रदेश में ठंड और कोहरे का असर बना रहेगा। कुछ इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है।

**35** से ज्यादा ट्रेनें लेट हुईं, तेजस एक्सप्रेस रद्द हुई

**28** फ्लाइटें डिले हो गईं

**30** बसें लेट हो गईं

खबरों के अंदर की बात NBT Lens देखें पेज 3

### अश्लील कंटेंट, xAI को केंद्र का नोटिस

केंद्र सरकार ने xAI को सख्त नोटिस जारी कर कहा है कि उसके Grok टूल का इस्तेमाल महिलाओं के खिलाफ अश्लील कंटेंट बनाने और फैलाने में हो रहा है, जो चिंता का विषय है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने xAI से 72 घंटे के भीतर ऐक्शन रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी शुक्रवार को AI टूल्स के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई। ▸▸पेज 10

### स्नान पर्वों पर बंद रहेगा संगम स्टेशन

माघ मेले के प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज संगम स्टेशन बंद रहेगा, जिससे 20 से अधिक ट्रेनें प्रभावित होंगी। सभी फाफामऊ और प्रयाग तक चलेंगी। पौष पूर्णिमा पर 2-4 जनवरी, मकर संक्रांति पर 14-16 जनवरी, मौनी अमावस्या पर 17-19 जनवरी, वसंत पंचमी पर 22-24 जनवरी, माघ पूर्णिमा पर 31 जनवरी-2 फरवरी और महाशिवरात्रि पर 14-16 फरवरी को स्टेशन बंद रहेगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने शुक्रवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### हैपी मॉर्निंग

**सोनू:** पापा, मुझे बाजा दिला दो

**पापा:** नहीं, तुम सबको तंग करोगे

**सोनू:** नहीं करूंगा पापा, जब सब सो जाएंगे तभी बजाऊंगा...

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

लखनऊ ₹1,38,465

चांदी .999 टंच प्रति किलो

लखनऊ ₹2,42,000

### अर्थसार

सेंसेक्स : 85,762.01 (+573.41)

निफ्टी : 26,328.55 (+182.00)

रुपया/डॉलर : 90.19 (+0.220)

रुपया/यूरो : 105.7176 (+0.061)


### मौसम

सूर्यास्त शनिवार 6:56 बजे

सूर्योदय रविवार 5:27 बजे



### ट्रैफिक जाम पर सीएम बोले- अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाएं



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी सहित अन्य शहरों में जाम की समस्या का संज्ञान लेते हुए अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड और वेंडरों को हटाकर निर्धारित स्थलों पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। योगी ने शुक्रवार रात अधिकारियों संग विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि कब्जा करने वाले माफिया एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। आमजन की भूमि एवं संपत्ति की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जिला स्तर पर नियमित जनसुनवाई आयोजित कर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

▸▸ जाम की अन्य खबरें : पेज 3

### धर्मशाला: रैगिंग से छात्रा की मौत! चार पर केस

■ पीटीआई, शिमला : धर्मशाला में एक सरकारी कॉलेज की स्टूडेंट की मौत के मामले में पुलिस ने तीन छात्राओं और कॉलेज प्रफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया है। छात्रा की 26 दिसंबर को मौत थी। छात्रा के पिता का आरोप है कि 18 सितंबर को कॉलेज की तीन सीनियर छात्राओं ने उनकी बेटी से रैगिंग और पिटाई की। प्रफेसर अशोक कुमार पर छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप है।

**विरोध** रोजगार की कमी और महंगाई को लेकर कई प्रांतों में हुए प्रदर्शन


## अब ईरान में सड़कों पर उतरे GenZ

■ एपी/आईएएनएस, दुबई : ईरान में रोजगार की कमी और बढ़ती महंगाई को लेकर बीते पांच दिनों से जारी GenZ के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया है। खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है और गुरुवार को ये प्रदर्शन प्रांतों में भी फैल गए, जिसमें पांच लोग मारे गए। बुधवार को दो लोगों की मौत हुई थी।

सामने आए विडियो में प्रदर्शनकारी सरकारी इमारतों पर पत्थरबाजी करते दिख रहे हैं। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरिस्टान प्रांत के अजना शहर में हुई। वहां के विडियो में सड़कों पर जलते हुए सामान दिखाई दे रहे हैं, साथ ही गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही हैं जबकि लोग बेशर्म! बेशर्म! चिल्ला रहे हैं। वहीं, अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में ईरान को चेतावनी दी है। ईरान ने कहा- अमेरिकी दखल से अशांति फैल जाएगी, उन्हें अपने सैनिकों की फिक्र करनी चाहिए।

इन प्रदर्शनों को 2022 के बाद ईरान में सबसे बड़े आंदोलन के रूप में देखा जा रहा है। 2022 में 22 साल की महसा अमिनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद देशभर में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुए थे। ▸▸ पेज 12

AFP



विडियो में प्रदर्शनकारी ईरान की सरकारी इमारतों पर पत्थरबाजी करते दिखे।

अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को बेरहमी से मारता है, तो अमेरिका उनको बचाने के लिए तैयार है।

–डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

## कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका बनीं एनबीटी प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर 2025

# ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम को राष्ट्र का सलाम



### ऑपरेशन सिंदूर के साथ दिए कई और संदेश

Poonam.Pandey@timesofindia.com

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने ऑपरेशन सिंदूर से लिया। 6 मई की रात एक बजकर पांच मिनट से रात डेढ़ बजे के बीच ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। 7 मई की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए दुनिया को जानकारी देनी थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस सुबह 10 बजे बुलाई गई, हालांकि ये थोड़ा देरी से शुरू हुई। कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले तक अंदाजा लगाया जा रहा था कि आर्म्ड फोर्सेस के सीनियर ऑफिसर कॉन्फ्रेंस करेंगे। लेकिन करीब 10-15 मिनट पहले ही सूत्रों से जानकारी मिली कि महिला अधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। पत्रकारों से हाउसफुल नैशनल मीडिया सेंटर में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और दो महिला अधिकारियों की एंट्री हुई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। आत्मविश्वास से लबरेज दोनों महिला अधिकारियों ने दुनिया को बताया कि किस तरह इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। ऑपरेशन के ठीक 9 घंटे बाद सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने दुनिया के सामने सबूत रखे कि कैसे आतंकवादियों के ठिकानों को चुना गया, कहां ये आतंकी ठिकाने थे और किस तरह उन्हें हिट किया गया।

जिसके बाद उन्होंने 8, 9 और 10 मई को भी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लगातार मीडिया को दी।

इस ऑपरेशन की जानकारी देने के लिए इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और इंडियन एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुना गया, जिसके जरिए संदेश दिया गया कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं और भारत ने महिला शक्ति की ताकत दिखाई। पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। सोफिया और व्योमिका के जरिए यह भी संदेश दिया गया कि हिंदू-मुस्लिम में तनाव बढ़ाने की कोई नापाक कोशिश सफल नहीं होगी। साथ ही भारत में सभी धर्मों का सम्मान है और धर्म के आधार पर बांटने के मंसूबों को करारा जवाब दिया गया। 7 मई की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हमने कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका को कई बार भारतीय सेना के एडीजीपीआई (एडिशनल डायरेक्टरेट जनरल ऑफ पब्लिक इन्फॉर्मेशन) ऑफिस में काम करते देखा। सूत्रों के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च होने से करीब 3-4 दिन पहले ही तय कर लिया गया था कि सोफिया और व्योमिका आर्म्ड फोर्सेस की प्रवक्ता के तौर पर ऑपरेशन की जानकारी दुनिया के सामने रखेंगी। 6 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च हुआ। सोफिया और व्योमिका सिंह को 6 मई की शाम को ही एडीजीपीआई ऑफिस में बुला लिया गया था। जिसके बाद से ही दुनिया के सामने सबूत के साथ सारी जानकारी रखने की तैयारी शुरू हो गई थी। ▸▸पेज 9

**NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर 2025**

**जनता ने चुना**

# 46%

**वोट से देश की वीरांगनाएं बनीं एनबीटी इंडियन ऑफ द इयर**



ऑपरेशन सिंदूर ने साबित किया कि जब बात राष्ट्र सुरक्षा की होती है तो भारतीय सशस्त्र सेनाएं एकजुटता, स्पष्ट उद्देश्य और असाधारण साहस के साथ खड़ी होती हैं। ऑपरेशन की सफलता हमारे जवानों की ट्रेनिंग, नेतृत्व और बलिदान भावना का परिणाम है। देश ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को 'एनबीटी प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर' चुना है, यह सम्मान हर उस सैनिक के नाम है जो वर्दी पहनकर देश के लिए अपने प्राण तक न्योछावर करने में पीछे नहीं रहता। ये देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति देश के लोगों का भरोसा और प्यार है।

जनरल अनिल चौहान

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

### NBT ने इन हस्तियों को भी शामिल किया था रेस में





शीतल देवी और सुमित अंतिल



शुभांशु शुक्ला



हरमनप्रीत कौर



दिव्या देशमुख

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 01-03-2026 00:09 Color:



## फटाफट खबरें


### आम बजट एक या दो फरवरी को?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: देश में पिछले कई वर्षों से एक फरवरी को आम बजट पेश किया जा रहा है। 2026 में एक फरवरी को रविवार है, ऐसे में सवाल यह है कि क्या इस बार रविवार को बजट पेश किया जाएगा? सरकारी सूत्रों का कहना है कि 1 फरवरी को बजट पेश किया जा रहा है और इस बार भी ऐसा ही होगा। दूसरी ओर 2 फरवरी को भी बजट पेश करने के कयास लगाए जा रहे हैं।



### रेप आरोपित की पत्नी संबंधित आदेश रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट का वह आदेश रद्द किया, जिसमें रेप के आरोपित सॉफ्टवेयर इंजिनियर की अमेरिका में रह रही पत्नी को भारत में ही रहने का निर्देश दिया गया था। शख्स पर शादी का झूठा वादा कर एक महिला से रेप का आरोप है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने आरोपित के उस अंडरटेकिंग (शपथपत्र) को रेकॉर्ड पर लिया, जिसमें उसने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर सुनवाई में मौजूद रहने का भरोसा दिया था।



इंदौर में दूषित पानी से मौतों पर विपक्ष के साथ अपनों ने भी BJP को घेरा

# खरगे बोले- मौत पर सरकार मौन, मुख्यमंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश** के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों नेताओं ने एक्स पर अलग-अलग ट्वीट कर सरकार के जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाए। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले में शुक्रवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद में है और घरों में मातम है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर मौन है। उन्होंने इसे विडंबना बताया कि वही इंदौर शहर जिसे लगातार आठवीं बार क्लीन सिटी का दर्जा मिला है, आज साफ पानी के लिए तरस रहा है। राहुल गांधी ने इंदौर की स्थिति को जहर बांटने जैसा करार देते हुए कहा कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा और घर-घर मातम का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों को सांत्वना देने के बजाय बीजेपी नेताओं ने अहंकारी बयान दिए।



PTI

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल में लोअर लेक में प्रदर्शन किया।

राहुल गांधी ने सरकार से सीधे सवाल पूछे सीवर का पानी पीने के पानी में कैसे मिला, समय रहते सप्लाई क्यों नहीं रोकी गई और जिम्मेदार अफसरों व नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? उन्होंने कहा कि ये सवाल फिजूल नहीं बल्कि जवाबदेही की मांग है। साफ पानी कोई एहसान नहीं बल्कि जीवन का अधिकार है।

### सरकार ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को नोटिस

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने दूषित पेयजल मामले को लेकर एक समीक्षा बैठक में इंदौर नगर निगम के आयुक्त और अपर आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के अपर आयुक्त को तत्काल इंदौर से हटाने और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जल वितरण कार्य विभाग का दायित्व वापस लेने के भी निर्देश दिए हैं।

### मेयर से लेकर शासन तक जिम्मेदार: उमा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंदौर में गंदा पानी पीने से हुई मौतों के मामले में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि इंदौर मेयर से लेकर शासन-प्रशासन तक, सब इस महापाप के लिए जिम्मेदार हैं।

उमा ने X पर लिखा कि 2025 के अंत में हुई ये मौतें हमारा प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं। प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती, गंदगी, जहर मिला पानी जो कितनी जिंदगियों को निगल गया और निगलता जा रहा है, मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है।

### मन्नतों के बाद जन्मे बच्चे की मौत

### नानी ने पूछा- मुआवज़े से बच्चा वापस आ जाएगा?

■ भाषा, इंदौर : इंदौर के भागीरथपुरा इलाके के मराठी मोहल्ले की एक संकरी गली पर करीब छह महीने के अव्यान साहू की मौत के बाद खामोशी का साया है। बच्चे के परिवार का कहना है कि उसकी मौत दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण हुई। इस परिवार के गम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने 10 साल की मन्नतों के बाद जन्मे बच्चे की मौत का मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है।

अव्यान की नानी कृष्णा साहू ने शुक्रवार को बताया, 'हमने बच्चे की मौत पर राज्य सरकार से अब तक कोई मुआवजा नहीं लिया है। हमारा बच्चा तो चला गया। अब मुआवजा ले भी लें तो क्या वह वापस आ जाएगा? बच्चे से बढ़कर पैसा थोड़े ही है।' वहीं, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें 10 लोगों की मौत की जानकारी मिली है।

अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड की राजनीति गरम

# VIP दोषियों के नाम उजागर करने की मांग पर कल दिल्ली-देहरादून में प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अंकिता भंडारी** हत्याकांड में VIP दोषियों के नाम उजागर करने और मामले की हाई कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर 4 जनवरी को दिल्ली और देहरादून में एक साथ बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। यह ऐलान उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने किया।

धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि 4 जनवरी को देहरादून में परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री आवास तक प्रदर्शन मार्च निकाला जाएगा। वहीं, दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर उत्तराखंड के प्रवासी लोगों द्वारा दो जन प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। दिल्ली में पहला प्रदर्शन सुबह 10 बजे और दूसरा दोपहर 2 बजे होगा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब तक कई सवाल अनुत्तरित हैं और सरकार वीआईपी आरोपियों के नाम सामने लाने से बच रही है। जब तक दोषियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाते और सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए जाते तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



File

हत्याकांड में प्रदर्शन होते रहे हैं।

धीरेंद्र प्रताप ने चेतावनी दी कि यदि 4 जनवरी के प्रदर्शनों के बाद भी सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो दिल्ली और देहरादून में चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी का सवाल उत्तराखंड की अस्मिता से जुड़ा है और इस पर किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर इसके बावजूद सरकार टस से मस नहीं हुई तो तमाम विपक्षी दलों और राज्य आंदोलनकारियों के साथ मिलकर उत्तराखंड बंद पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले साथियों के साथ अग्रिम चर्चा चल रही है।

### सबूत लाओ, सरकार जांच को तैयार: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को देहरादून के बलबीर रोड स्थित बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि सबूत लाओ, सरकार हर जांच को तैयार है। अंकिता भंडारी हत्याकांड में VIP कंट्रोवर्सी के बाद बीजेपी नेता पार्टी से लगातार इस्तीफा दे रहे हैं। सबसे पहले आरती गौड़ ने इस्तीफा दिया, विडियो में आरती गौड़ पर भी गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री रहे भगत राम कोठारी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद ऋषिकेश से बीजेपी युवा मोर्चा के जिला मंत्री अंकित बहुखंडी ने भी अपना इस्तीफा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भेजा।

## बिहार की लड़कियों पर मंत्री के पति का बयान, मचा बवाल

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू ने अल्मोड़ा जिले में 23 दिसंबर 2025 को बीजेपी मंडल की एक बैठक में कथित रूप से कहा था कि बिहार में 25-25 हजार रुपये में लड़कियां मिल जाती हैं, जिस पर बीजेपी विपक्ष के निशाने पर है। विडियो में लाल साहू किसी अपने कार्यकर्ताओं से यह पूछते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तुमने शादी क्यों नहीं की? हमारे वक्त में तो अब तक तीन-चार बच्चे हो जाते थे। हम तुम्हारी शादी कराएंगे। वे बिहार का नाम लेकर वहां 20 से 25 हजार रुपये में लड़कियां मिलने और विवाह करवाने की बात कहते हुए सुनाई दे रहे हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता सुजाता पॉल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के पति अगर महिलाओं के प्रति ऐसे बयान दे रहे हैं तो ऐसा लगता है कि वह मानव तस्करी कर रहे हैं।

आरोप: कहा था कि बिहार में 25-25 हजार रुपये में लड़कियां मिलती हैं

## बेल्लारी में झड़प, एक की मौत, बीजेपी MLA समेत 4 पर FIR

■ भाषा, बेल्लारी

बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस-बीजेपी आमने सामने, जांच के आदेश।

**कर्नाटक के** बेल्लारी में वाल्मीकि प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम से पहले बैनर लगाने को लेकर हुई हिंसक झड़पों के सिलसिले में चार प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें से एक BJP विधायक जनार्दन रेड्डी के खिलाफ है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को हुई इस झड़प में एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि बेल्लारी में बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर लगाने को लेकर हुई कथित झड़प के एक दिन बाद शुक्रवार को स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही, हालांकि सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (प्रभारी) रंजीत कुमार बंडारू ने बताया कि गुरुवार को बैनर लगाने को लेकर पथराव हुई। दुर्भाग्यवश गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। शुरुआत में स्थिति नियंत्रण में नहीं आ सकी, बाद में हालात संभाल लिए गए।

## दवाओं की क्वॉलिटी और बिक्री पर नए मानक जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश में दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता को और मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को इंडियन फार्माकोपिया 2026 जारी की। यह दवाओं के मानकों की भारत की आधिकारिक और कानूनी किताब का 10वां संस्करण है, जिसके मानक देश में सभी दवाओं पर लागू होते हैं।

नए इंडियन फार्माकोपिया में 121 नई दवाएं, ब्लड ट्रांसफ्यूजन के मानक भी शामिल

जे. पी. नड्डा ने बताया कि इस संस्करण में 121 नए ड्रग मोनोग्राफ जोड़े गए हैं, जिससे अब कुल 3,340 दवाओं के मानक तय हो चुके हैं। नए संस्करण में टीबी, डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। आयरन सप्लीमेंट समेत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उपयोग की जाने वाली दवाओं के मानकों को भी मजबूत किया गया है।

## सोशल मीडिया को कंटेंट के लिए जवाबदेह होना चाहिए: वैष्णव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI image

**केंद्रीय मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल्स के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है। दिल्ली में ECMS से जुड़े कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा की रक्षा के लिए एआई को लेकर सख्त हस्तक्षेप होना चाहिए।


सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म xAI पर चैटबॉट के जरिए महिलाओं से संबंधित आपत्तिजनक और सेक्सुअलाइज्ड कंटेंट से जुड़ी चिंताओं पर जवाब देते हुए उन्होंने ऐसा कहा। वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया को उनके नेटवर्क पर साझा की जा रही पोस्ट के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टैंडिंग कमिटी ने भी इस संबंध में कड़े कानूनी उपाय किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सोशल मीडिया को उनके कंटेंट के लिए और जवाबदेह बनाया जा सके। बता दें कि इससे पिछले हफ्ते ही केंद्र सरकार ने ऑनलाइन, खासकर सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वो अश्लील, पोर्नोग्राफिक कंटेंट को लेकर एक्शन नहीं लेंगी तो उन्हें कानूनी नतीजे भुगतने होंगे।

इससे पहले शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को ही इसे लेकर एक चिट्ठी आईटी मंत्री को लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने ग्रोक के जरिए महिलाओं की तस्वीरों को लेकर हो रहे कथित आपत्तिजनक और अश्लील प्रयोगों पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। चतुर्वेदी ने लिखा कि एक्स के एआई टूल ग्रोक का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फेक अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिससे उनके कपड़े कम दिखें और उन्हें सेक्सुअलाइज किया जा सके।

ग्रहाणां च यथा सूर्यो नक्षत्राणां यथा शशी। मासानां च तथा माघः श्रेष्ठः सर्वेषु कर्मसु।।
(जैसे ग्रहों में सूर्य और नक्षत्रों में चन्द्रमा श्रेष्ठ है, उसी प्रकार महीनों में माघ मास श्रेष्ठ है) - पद्म पुराण
उत्तर प्रदेश सरकार




सेवा, समर्पण एवं श्रद्धा के संकल्प से दीप्त
स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित
माघ मेला प्रयागराज २०२६
का भव्य शुभारंभ
3 जनवरी, पौष पूर्णिमा से 15 फरवरी, महाशिवरात्रि तक

मुख्य स्नान पर्व
पौष पूर्णिमा 3 जनवरी | मकर संक्रांति 15 जनवरी | मौनी अमावस्या 18 जनवरी | बसंत पंचमी 23 जनवरी | माघी पूर्णिमा 1 फरवरी | महाशिवरात्रि 15 फरवरी
पूज्य संतों का वंदन, श्रद्धालुओं का अभिनंदन
• 800 हेक्टेयर में मेला क्षेत्र • 7 ऊर्जा चक्रों की थीम पर 7 सेक्टर
• 2.8 कि.मी. की लंबाई में स्नान घाट • पैदल श्रद्धालुओं के लिए एकल मार्ग व्यवस्था • 9 पॉन्टून पुल • 2 चिकित्सालय, 50 एम्बुलेंस
• 5 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 5 होम्योपैथिक चिकित्सालय • 12 प्राथमिक उपचार केंद्र • 25 हजार+ शौचालय
• 3 हजार+ स्वच्छाग्रही • 42 पार्किंग स्थल • अत्याधुनिक निगरानी सिस्टम
काम दमदार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial | CMOfficeUttarpradesh | CMOfficeUP

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 01-03-2026 00:08 Color:



मुझे अपने करियर के दौरान किसी भी तरह के नस्ली भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे हमेशा अपनी टीम के साथियों और इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड का पूरा समर्थन मिला।
– मोंटी पनेसर, भारतीय मूल के इंग्लैंड के स्पिनर



**11845**
रन बनाए हैं एलेस्टर कुक ने ओपनर के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में। वह टेस्ट क्रिकेट में ओपनर के तौर पर 10000+ रन बनाने वाले इकलौते प्लेयर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करने वाले उस्मान ख्वाजा ने कितने टेस्ट मैच खेले हैं?
A) 89 B) 87 C) 89 D) 99
2. भारतीय विमिंस हॉकी टीम के नए कोच शोर्ड मारिन किस देश के हैं?
A) इंग्लैंड B) ऑस्ट्रेलिया C) नीदरलैंड्स D) स्पेन

**कल के जवाब**
1. C) पीटी उषा 2. D) मिचेल मार्श 3. A) 39

**लकी WINNERS**


1 दिनेश शर्मा, गाजियाबाद, यूपी


2 अशोक, उल्हास नगर, मुंबई


3 वेदांशी, रमेश नगर, दिल्ली


4 रंजना श्रीवास्तव, वसंत कुंज, दिल्ली


5 प्रिया मावी, दयालपुर, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### अमीरा, जुहैर को गोल्ड
■ **भोपाल:** हरियाणा की अमीरा अरशद ने 68वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 10 मीटर एयर राइफल का गोल्ड जीता। उन्होंने रेलवे की राजश्री सचेती को सिर्फ 0.1 अंक से हराया (251.9 बनाम 251.8)। मेंस ट्रैप में यूपी के जुहैर खान ने पहला सीनियर नैशनल खिताब जीता।

### दिव्यांशी की आसान जीत
■ **बड़ोदरा:** गत चैंपियन दिव्यांशी भौमिक और सिंड्रेला दास ने WTT यूथ कंटेंडर में अंडर-17 अभियान की शुरुआत जीत से की। दिव्यांशी ने नीजा कामत को 3-0 से हराया, जबकि सिंड्रेला ने तानिया करमाकर को सीधे गेमों में मात दी। लड़कों में रित्विक गुप्ता, वेद पंचाल, आदित्य दास और साहिल रावत अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे।

### नामीबिया का असम दौरा
■ **गुवाहाटी:** नामीबिया की सीनियर महिला क्रिकेट टीम आगामी आठ जनवरी से असम के खिलाफ चार मैचों की फ्रेंडली सीरीज खेलेगी। दौरे में दो वनडे और दो टी20 मुकाबले खेले जाएंगे।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर का आरोप- वह नस्ली भेदभाव का शिकार हुए

# संन्यास से पहले ख्वाजा ने किया सन्न

■ **एजेंसियां, सिडनी:** पाकिस्तान में जन्मे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ संडे से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने संन्यास की घोषणा करते हुए 'नस्ली रूढ़िवादिता' की भी आलोचना की जिसका अनुभव उन्होंने कथित रूप से अपने करियर के दौरान किया था। टॉप ऑर्डर बल्लेबाज 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान काफी भाग्यशाली रहा है।

**'मुझे टारगेट किया गया':** ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ 'अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है।' ख्वाजा ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लेकर कई तरह की नस्ली रूढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं।'

द एशेज

पर्थ मैच से पहले ख्वाजा की आलोचना हुई क्योंकि उन्होंने दो बार गोल्फ खेला और वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कुछ लोगों का मानना था कि गोल्फ ही उनकी पीठ की समस्या का कारण हो सकता है। ख्वाजा ने कहा, 'मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं, जब खिलाड़ी गोल्फ खेलकर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं, जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।'' ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है। उन्होंने कहा, 'इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही मुझे अंदाजा हो गया था कि यह मेरी अंतिम सीरीज होगी। मुझे खुशी है कि मैं अपनी शर्तों पर विदाई ले रहा हूं।'


उस्मान ख्वाजा

> मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लेकर कई तरह के नस्ली पूर्वाग्रह सामने आए। – उस्मान ख्वाजा

**उस्मान ख्वाजा का रेकॉर्ड**
टेस्ट: मैच- 87, रन- 6206, हाइएस्ट- 232, औसत- 43.39, स्ट्राइक रेट- 48.86, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 16/28
ODI: मैच- 40, रन- 1554, हाइएस्ट- 104, औसत- 42.00, स्ट्राइक रेट- 84.09, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 2/12
टी20I: मैच- 9, रन- 241, हाइएस्ट- 58, औसत- 26.77, स्ट्राइक रेट- 132.41, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 0/1

### इंग्लैंड ने घोषित किए 12 प्लेयर्स

इंग्लैंड ने मौजूदा एशेज सीरीज के अंतिम टेस्ट के लिए अपने बारह सदस्यीय दल की घोषणा कर दी। इसके मुताबिक तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को इस सीरीज में पहली बार खेलने का मौका मिल सकता है। इंग्लिश टीम में 19 टेस्ट खेल चुके ऑफ स्पिनर शोएब बशीर भी शामिल हैं। पॉट्स को अब तक हुए शुरुआती चार टेस्ट मुकाबलों में एक बार भी मौका नहीं मिल पाया है, लेकिन सिडनी टेस्ट में उन्हें इलेवन में जगह मिलने की पूरी संभावना है चूंकि तेज गेंदबाज गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण नहीं खेल पाएंगे। सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 3-1 से आगे चल रहा है और एशेज पर उसका कब्जा बरकरार है।

**सिडनी टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्राउली, बेन डकेट, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग

**SCG से जुड़ी हैं यादें:** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट ख्वाजा के करियर का 88वां और आखिरी टेस्ट मैच होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां से उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। ख्वाजा ने 2018 में एससीजी में ही इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक बनाया था। एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी।

# आज भारतीय वनडे टीम की हो सकती है घोषणा

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा आज होगी। हालांकि, जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई सीरीज में जीत दर्ज करने वाली टीम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है।

पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू तेज गेंदबाजों का चयन है। टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमरा को आराम दिए जाने की संभावना है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को भी आराम देते हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज

## भारतीय टीम आएगी बांग्लादेश: बीसीबी

■ **पीटीआई, ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा जिसमें तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले 1, 3 और 6 सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20I मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस सीरीज के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था।

सितंबर में मेजबानी का किया ऐलान

# PCB ने अपमानित किया, इसलिए छोड़ा पद: गिलेस्पी

■ **एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने अपने छोटे लेकिन विवादों से भरे कार्यकाल को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि उन्हें कई मौकों पर अपमानित किया गया, जिससे पद पर बने रहना असंभव हो गया।

गिलेस्पी को अप्रैल 2024 में पाकिस्तान का टेस्ट कोच नियुक्त किया गया था, जबकि सफेद गेंद की टीम की जिम्मेदारी गैरी कर्स्टन के पास थी। हालांकि, पीसीबी ने बिना हेड कोच से सलाह लिए सीनियर सहायक कोच टिम नीलसन को बर्खास्त कर दिया, जिसे गिलेस्पी ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा, 'PCB ने बिना मुझसे बात किए बिना सीनियर सहायक कोच को बर्खास्त कर दिया। हेड कोच के रूप में मुझे यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य लगी। कई अन्य मुद्दे भी थे जिनसे मुझे पूरी तरह से अपमानित होना पड़ा।'

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस फैसले से उनका और बोर्ड का रिश्ता और खराब हो गया। इसके बाद उन्होंने साउथ अफ्रीका दौरे से हटने का फैसला किया और दिसंबर में इस्तीफा दे दिया। PCB और गिलेस्पी के बीच भुगतान को लेकर भी विवाद चल रहा है।

क्रिकेट कनेक्ट


पाक के पूर्व टेस्ट हेड कोच गिलेस्पी

### सुदर्शन चोटिल, आठ हफ्ते रहना पड़ सकता है बाहर


**नई दिल्ली:** युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन को विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान गंभीर चोट लगी है और वह छह से आठ हफ्तों तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। BCCI सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली में हल्का फ्रैक्चर हो गया। 24 वर्षीय सुदर्शन ने 29 दिसंबर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट किया, जहां स्कैन में चोट की पुष्टि हुई।

### हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा, पूछताछ शुरू

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा दिखाने के मामले में क्रिकेटर फुरकान भट से पूछताछ शुरू की है। यह घटना जम्मू-कश्मीर चैंपियंस लीग में जेकेए। किंग्स और जम्मू ट्रेलब्लेजर्स के बीच मैच के दौरान सामने आई। बल्लेबाजी के समय कैमरे में फुरकान भट के हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा नजर आया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें और टूर्नामेंट आयोजक को समन जारी किया। पुलिस जांच कर रही है कि झंडा दिखाने के पीछे क्या इरादा था और क्या इसके लिए जरूरी अनुमति ली गई थी।

## मुस्ताफिजुर विवाद में बोर्ड ने खींचे हाथ!

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर उठे विवाद पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सूत्रों ने स्थिति स्पष्ट की है। बीसीसीआई से जुड़े एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि भारत सरकार की ओर से ऐसा कोई निर्देश नहीं मिला है, जिसमें बांग्लादेशी खिलाड़ियों को IPL में खेलने से रोकने को कहा गया हो। दरअसल, कोलकाता नाइटराइडर्स द्वारा बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद यह मुद्दा गरमाया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की खबरों के बीच कुछ सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने रहमान को टीम से बाहर करने की मांग की है। BCCI से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि बोर्ड को इस मामले में सरकार की ओर से कोई आधिकारिक दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं, इसलिए हस्तक्षेप का सवाल नहीं उठता। मुस्तफिजुर 2016 से IPL खेल रहे हैं और 60 मैचों में 65 विकेट ले चुके हैं। यह राशि किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को अब तक मिली सबसे बड़ी बोली है।

IPL अपडेट

मुस्तफिजुर

# स्टब्स को जगह नहीं, मार्कराम होंगे कप्तान

■ **एजेंसियां, जोहानिसबर्ग:** साउथ अफ्रीका ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। एडेन मारक्रम की अगुआई वाली टीम में सबसे चौंकाने वाला फैसला मिडल ऑर्डर बैटर ट्रिस्टन स्टब्स और ओपनर रयान रिकेल्टन को बाहर रखना रहा। प्रोटियाज ने 2024 वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाले सात खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है। मारक्रम के अलावा क्विंटन डीकॉक, कगिसो रबाडा, मार्को यानसन, एनरिच नॉर्त्जे, डेविड मिलर और बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज टीम का हिस्सा हैं।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

टीम में युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी, जेसन स्मिथ और डोनोवन फरेरा को शामिल किया गया है। स्पिनर जॉर्ज लिंडे की भी वापसी हुई है। स्मिथ ने साउथ अफ्रीका के लिए सिर्फ दो टी20I मैच का अनुभव है। मफाका ने साउथ अफ्रीका के लिए 13 टी20I मैच खेले हैं।


साउथ अफ्रीकी कप्तान मार्कराम

**साउथ अफ्रीका टीम:** एडेन मार्कराम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), टोनी डी जॉर्जी, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्त्जे, कगिसो रबाडा, जेसन स्मिथ

### रजा को मिली कमान

**हरारे:** जिंबाब्वे ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए सिकंदर रजा को टीम की कमान सौंपी है। टीम में युवा बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को भी मौका दिया गया है। जिंबाब्वे को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। जिंबाब्वे का पहला मैच ओमान से होगा।

## वीनस रचेंगी टूर्नामेंट में नया कीर्तिमान


टेनिस स्टार वीनस विलियम्स

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** दिग्गज टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। सात बार की सिंगल्स ग्रैंडस्लैम विजेता वीनस 45 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलकर इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी के लिए तैयार हैं, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था। वीनस ने आखिरी बार इस ग्रैंडस्लैम इवेंट में साल 2021 में हिस्सा लिया था, जिसके बाद वह पांच साल बाद यहां वापसी करेंगी। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

## मारिन फिर बने महिला हॉकी टीम के हेड कोच

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** नीदरलैंड्स के अनुभवी कोच शोर्ड मारिन को एक बार फिर भारतीय विमिंस हॉकी टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। 51 वर्षीय मारिन इससे पहले 2017 से 2021 तक इस भूमिका में रहे थे, जब भारत ने तोक्यो ओलिंपिक्स में चौथा स्थान हासिल किया था। वह हरेंद्र सिंह की जगह लेंगे, जिन्होंने निराशाजनक प्रदर्शन और कार्यशैली को लेकर लगे आरोपों के बाद पद छोड़ा। मारिन के साथ अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर मटियास विला विश्लेषणात्मक कोच होंगे, जबकि वेन लोम्बार्ड की वापसी वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में हुई है। मारिन ने कहा कि वह नई ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ लौटे हैं और टीम को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने कहा, 'भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं नई ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ इस पद पर लौटा हूं।'


हेड कोच शोर्ड मारिन

# पहले मैच में तूफांस के सामने ड्रैगंस

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** एकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस की टीम शनिवार को यहां मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) के उद्घाटन मैच में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसे घरेलू दर्शकों के समर्थन से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सीजन में मैचों को कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत चेन्नै से होगी, फिर यह रांची में खेला जाएगा और 26 जनवरी को भुवनेश्वर में फाइनल के साथ समाप्त होगा। हैदराबाद तूफांस पिछले सीजन का उपविजेता था।

हॉकी इंडिया लीग

**टॉप-4 खेलेंगी नॉकआउट मैच:** इस सीजन में एक ही राउंड-रॉबिन प्रारूप होगा, जिसमें शीर्ष चार टीमें नॉकआउट राउंड में पहुंचेंगी। प्लेऑफ में शीर्ष दो टीमें क्वॉलिफायर एक में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें विजेता फाइनल में पहुंचेगा और हारने वाली टीम क्वॉलिफायर-2 में जाएगी। क्वॉलिफायर-2 की दूसरी टीम का फैसला एलिमिनेटर के विजेता द्वारा किया जाएगा, जो पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच खेली जाएगी। इस सीजन तमिलनाडु ड्रैगंस, हैदराबाद तूफांस के अलावा बंगाल टाइगर्स, कलिंगा लांसर्स, एसजी पाइपर्स, सूरमा हॉकी क्लब, रांची रॉयल्स और एचआईएल जीसी भी खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।


तमिलनाडु ड्रैगंस के कप्तान अमित रोहिदास

### रॉयल्स की दूसरी जीत, सूरमा के पहले अंक का इंतजार बढ़ा

**नई दिल्ली:** रांची रॉयल्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने शुक्रवार को हुए मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 के मामूली अंतर से हराया। सूरमा की यह लीग में लगातार तीसरी हार है, जिससे उसकी पहली जीत का इंतजार और बढ़ गया है। पिछले मैच में बंगाल टाइगर्स पर 5-0 की जीत दर्ज करने वाली रॉयल्स के लिए इस मैच में रुतुजा दादासो पिसाल ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चंद सेकंड पूर्व पहला गोल किया। मुकाबले के 54वें मिनट में साक्षी राणा ने एक और गोल कर सूरमा हॉकी क्लब की वापसी के सभी रास्ते बंद कर दिए और रांची को 2-0 की बढ़त दिला दी।

# ISL प्लेयर्स ने फीफा से लगाई मदद की गुहार

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन सुपर लीग (ISL) का 2025-26 सीजन अब तक शुरू नहीं होने से भारतीय फुटबॉल गहरे संकट में फंसता दिख रहा है। इस हालात से चिंतित सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह संधू और संदेश झिंगन सहित कई भारतीय व विदेशी प्लेयर्स ने फीफा से हस्तक्षेप की अपील की है। खिलाड़ियों ने चेतावनी दी कि भारतीय फुटबॉल 'स्थायी ठहराव' की ओर बढ़ रहा है। संयुक्त बयान में कहा गया कि जनवरी आ चुका है, लेकिन खिलाड़ी मैदान पर नहीं हैं और अनिश्चितता ने डर व हताशा का माहौल बना दिया है। खिलाड़ियों का आरोप है कि AIFF मौजूदा हालात में अपनी जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अपील राजनीतिक नहीं है।

फुटबॉल कॉर्नर

सिटी और संडरलैंड का मैच

### मैनचेस्टर सिटी का मैच ड्रॉ

**लंदन:** अर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को संडरलैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, जिससे इंग्लिश प्रीमियर लीग की टाइटल रेस में टीम पिछड़ गई है। आर्सनल 4 अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर मजबूत है।

## THE ECONOMIC TIMES

### दिसंबर में मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार रही सुस्त

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार दिसंबर के महीने में थोड़ी धीमी रही। शुक्रवार को HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया है। PMI का 50 से ऊपर बढ़त को दिखाता है, नीचे होना गिरावट का संकेत है।

### 'AI करेगा साइबर सुरक्षा की जांच'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बाजार नियामक Sebi अब AI की मदद से शेयर बाजार की कंपनियों की साइबर सुरक्षा की जांच करेगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि सेबी एक ऐसा आधुनिक AI टूल बना रहा है, जो कंपनियों की साइबर सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेगा।

# सेंसेक्स उछला, निफ्टी का रेकॉर्ड

## शेयर बाजार में नए साल की शुरुआत तेजी के साथ

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

**शेयर बाजार** में शुक्रवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। निफ्टी अपने अब तक के सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंच गया। लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाते हुए निफ्टी 182 अंक (0.70%) चढ़कर 26,328.55 पर बंद हुआ। वहीं, पावर, बैंकिंग और मेटल कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की वजह से सेंसेक्स 573.41 अंक (0.67%) बढ़कर 85,762.01 पर बंद हुआ। हालांकि, तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ने की खबर से ITC जैसे शेयरों में गिरावट जारी रही।

पूरे हफ्ते की बात करें तो सेंसेक्स 720.56 अंक (0.84%) और निफ्टी 286.25 अंक (1.09%) चढ़ा है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.97% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.79% की बढ़त रही। सिगरेट और तंबाकू बनाने वाली कंपनियों ITC, गॉडफ्रे फिलिप्स और VST इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट जारी रही। इसकी वजह सरकार द्वारा इन प्रोडक्ट्स पर 1 फरवरी से लागू होने वाली अडिशनल एक्साइज ड्यूटी है। ITC का शेयर 3.79% गिरकर 350.15 रुपये पर बंद हुआ।

AI image


**क्या कहते हैं एक्सपर्ट? :** HDFC सिक्योरिटीज में डिप्टी वीपी नंदीश शाह ने कहा, NSE के कैश सेगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम पिछले सत्र के मुकाबले 28% बढ़ गया। निवेशकों की जोरदार भागीदारी है। हफ्ते के लिहाज से निफ्टी में बढ़त बाजार के मौजूदा बुलिश मूड को और मजबूत करता है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने बताया कि भारत में गाड़ियों की अच्छी बिक्री से बाजार को रेकॉर्ड बनाने में मदद मिली।

**कौन चमके, कौन गिरे?**
NTPC, ट्रेंट, बजाज फाइनैंस, पावर ग्रिड, मारुति, SBI, ICICI बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा मुनाफे में रहे। ITC, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

**सेक्टर का हाल**
पावर, एनर्जी, पीएसयू बैंक, रियल्टी, मेटल और ऑटो सेक्टर में 1% से 2.7% तक की बढ़त रही। केवल FMCG सेक्टर ही ऐसा रहा जो नुकसान में बंद हुआ। विदेशी निवेशकों (FIIs) ने गुरुवार को 3,268.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### 13 साल में 10 लाख से 4 करोड़ बनाने वाले सिद्धार्थ नहीं रहे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस (PMS) Aequitas के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ भैया का निधन हो गया है। परिवार के साथ छुट्टियों पर गए सिद्धार्थ का दिल का दौरा पड़ने से निधन हुआ। सिद्धार्थ भैया महज 47 साल के थे। सिद्धार्थ ने साल 2012 में Aequitas की नींव रखी थी और शुरुआत से ही इसे खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। सिद्धार्थ भैया को शेयर बाजार में बेहतरीन शेयर चुनने के लिए जाना जाता था। कंपनी का कहना है कि उनकी काबिलियत की वजह से ही कंपनी का AUM 7,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया और कंपनी ने सालाना 30 फीसदी से ज्यादा की औसत बढ़त दर्ज की।


सिद्धार्थ भैया

# निर्यातकों को सस्ते कर्ज के लिए 7295 करोड़ का पैकेज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार ने निर्यातकों की मदद के लिए शुक्रवार को 7,295 करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया। इसमें MSME एक्सपोर्टर्स के लिए प्री और पोस्ट शिपमेंट क्रेडिट के ब्याज में छूट की व्यवस्था की गई। इसके लिए 5181 करोड़ रुपये तय किए गए हैं। एक्सपोर्ट क्रेडिट के लिए 2114 करोड़ रुपये के कोलैटरल गारंटी सपोर्ट का भी इंतजाम किया गया। दोनों उपायों की धनराशि वित्त वर्ष 2031 तक के लिए है।

इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम के तहत पात्र MSME निर्यातकों को 2.75% तक सब्सिडी मिलेगी। कॉमर्स मिनिस्ट्री में एडिशनल सेक्रेटरी अजय भादू ने बताया कि सबवेंशन रेट्स की साल में मार्च और सितंबर में समीक्षा की जाएगी। प्रति फर्म सालाना लाभ 50 लाख तक का होगा।

AI image


वहीं, एक्सपोर्ट क्रेडिट के लिए कोलैटरल गारंटी के तहत MSME निर्यातकों को एक्सपोर्ट से जुड़े वर्किंग कैपिटल लोन पर क्रेडिट गारंटी सपोर्ट दिया जाएगा। इसमें प्रति फर्म 10 करोड़ रुपये की कोलैटरल गारंटी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गारंटी कवरेज का 85% हिस्सा माइक्रो एंड स्मॉल एक्सपोर्टर्स के लिए और 65% तक हिस्सा मीडियम एक्सपोर्टर्स के लिए होगा। FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, 'इससे ग्लोबल मार्केट्स में पैठ बढ़ाने में MSME को मदद मिलेगी।'

### 22 नए प्रोजेक्ट्स को केंद्र की मंजूरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ECMS) के तहत 22 नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें फॉक्सकॉन, डिक्सन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और सैमसंग जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए करीब 41,863 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 2,58,152 करोड़ रुपये के सामान का उत्पादन होने की उम्मीद है। देश में करीब 33,791 नई नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। मकसद जरूरी इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करना और भारत में हाई-टेक सामान बनाने की ताकत बढ़ाना है। सूत्रों के मुताबिक, इस निवेश और रोजगार का एक बड़ा हिस्सा Apple के उन वेंडर्स से आएगा जो अब भारत में जड़ें जमा रहे हैं। आईटी मंत्री ने कहा कि सरकार का जोर बड़े सुधारों, बेहतर नीतियों और प्रोजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने पर है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: rishi.yadav Time: 01-03-2026 00:03 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## भारत की पहली शिक्षिका की जयंती

आज ही के दिन 1831 में सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अहम है। फुले ने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए आवाज उठाई, जब इसे अपराध माना जाता था। उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। उन्हें भारत की पहली महिला टीचर भी कहा जाता है। स्कूल जाते समय लोग उन पर कीचड़ और पत्थर फेंकते थे, फिर भी वे पीछे नहीं हटीं।

NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)

शनिवार, 3 जनवरी 2026 > पेज 12

## बच्चों के हिसाब से पढ़ाएंगे AI टीचर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में शिक्षा पूरी तरह तकनीक आधारित होगी। AI टीचर बच्चों की जरूरत के हिसाब से पढ़ाएंगे। किताबों की जगह इंटरएक्टिव होलोग्राम और वर्चुअल क्लास होंगी। शिक्षा सस्ती, सुलभ और घर बैठे मुहैया होगी। रटने की जगह समझ, कौशल और क्रिएटिविटी पर जोर होगा। बच्चे बचपन से ही कोडिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग और नई तकनीकों में माहिर होंगे। हालांकि डिजिटल असमानता, डेटा सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं की कमी बड़ी चुनौतियां होंगी।



AI Images

## फटाफट खबरें

### मिसाइल रोधी युद्धपोत चीन नौसेना में शामिल



■ भाषा, पेइचिंग: अमेरिकी नौसेना की ताकत से मुकाबला करने के लिए चीनी नौसेना ने टाइप 052डी मिसाइल रोधी पोत को सेवा में शामिल किया है। इसमें उन्नत रडार, हथियार और नेटवर्क प्रणाली है।

### 'धुरंधर' लद्दाख में टैक्स-फ्री घोषित

■ भाषा, लेह/जम्मू: रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' को शुक्रवार को लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने केंद्र शासित प्रदेश में कर-मुक्त घोषित कर दिया। उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशासन एक नयी फिल्म नीति पर काम कर रहा है और लद्दाख में फिल्म निर्माण को पूर्ण समर्थन प्रदान करेगा।

### छत्तीसगढ़ के पूर्व CM के बेटे को जमानत

■ भाषा, रायपुर: छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दे दी। ईडी ने दावा किया था कि चैतन्य कथित शराब घोटाले के पीछे 'सिंडिकेट' का मुखिया था।

### तक्षशिला के पास मिले दुर्लभ सिक्के



■ भाषा, इस्लामाबाद: पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है।

# ईरान में जनता सड़कों पर

## प्रदर्शन में 7 लोगों की मौत, महंगाई बढ़ने और रोजगार संकट से बिगड़े हालात

■ NBT रिपोर्ट

**ईरान में** देश के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर हैं। वजह है बेहद खराब होती आर्थिक हालत। महंगाई इतनी बढ़ चुकी है कि आम आदमी के लिए रोजमर्रा की जिंदगी चलाना मुश्किल हो गया है। खाने-पीने से लेकर इलाज तक सब कुछ बहुत महंगा हो गया है और ईरान की मुद्रा (रियाल) की कीमत तेजी से गिर रही है। लोगों के पास नौकरी नहीं है। देश के कई हिस्सों में गुरुवार को हुए प्रदर्शनों में 7 लोगों की मौत हो गई। आशंका जताई गई है कि ईरान की धार्मिक सत्ता अब इन आंदोलनों से निपटने के लिए सख्त रुख अपना सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि प्रदर्शन करने वालों पर सख्ती हुई तो अमेरिका को आगे आना पड़ेगा।

**2022 के बाद सबसे बड़ा आंदोलन:** इन प्रदर्शनों को 2022 के बाद ईरान में सबसे बड़े आंदोलन के रूप में देखा जा रहा है। 2022 में 22 साल की महसा अमिनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद देशभर में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुए थे। सबसे ज्यादा हिंसा की खबर लोरिस्तान प्रांत के अजना शहर से आई है, जो तेहरान से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसी तरह चहारमहल और बख्तियारी प्रांत के लोर्देगान शहर में भी प्रदर्शन हिंसक हो गए। वहां दो लोगों की मौत की बात कही गई। इस्फहान प्रांत के फुलादशहर में भी एक व्यक्ति की मौत हुई है।



NBT EXPLAINER

ईरान की राजधानी तेहरान में भी कई जगह प्रदर्शन हुए, आगजनी भी हुई

**Q क्या हो रहा है अभी?**

आर्थिक मुद्दों से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब सीधे तौर पर ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ नारेबाजी तक पहुंच गए हैं। ईरान के कई शहरों और गांवों में प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण और छोटे शहरों में, जहां लुर समुदाय रहता है, वहां गुस्सा ज्यादा देखने को मिल रहा है। जून में इस्राइल के साथ हुए 12 दिन के युद्ध और अमेरिकी हमलों के बाद से ईरान पहले ही दबाव में है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि बढ़ते विरोध प्रदर्शन बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

**Q लोग सड़कों पर क्यों उतरे?**

असल वजह पैसा और महंगाई है। ईरान में महंगाई 42% से ज्यादा हो चुकी है। खाने-पीने की चीजें पिछले साल के मुकाबले करीब 72% महंगी हो गई हैं। इलाज और दवाइयों का खर्च करीब 50% तक बढ़ गया है। इसके अलावा ईरानी मुद्रा बुरी तरह टूट चुकी है। आज 1 डॉलर करीब 14 लाख रियाल का हो गया है। एक साल पहले यही 8 लाख 20 हजार रियाल का था। इसका मतलब ये कि लोगों की आमदनी वही है, लेकिन खर्च कई गुना बढ़ गया है। दुकानदारों ने घाटे के डर से सामान बेचना बंद कर दिया है।

**Q ज्यादा हिंसा कहां हुई?**

लोरिस्तान प्रांत के अजना शहर में हालात सबसे ज्यादा बिगड़े। यहां 3 लोगों की मौत हुई और 17 लोग घायल हैं। विडियो में सड़कों पर आग, गोलियों की आवाज और गुस्साए लोग दिखाई दिए। लोर्देगान में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई। इस्फहान के फुलादशहर में एक व्यक्ति की जान गई और कूहदश्त में बसीज (सरकारी स्वयंसेवी बल) का 21 साल का सदस्य मारा गया। ये प्रदर्शन 2022 में जितने बड़े और हिंसक नहीं हैं। लेकिन गांवों और छोटे शहरों में तेजी से फैल रहे हैं।

**Q आगे क्या हो सकता है?**

ईरान इस वक्त एक नाजुक दौर से गुजर रहा है, जहां आम लोगों की जिंदगी, सरकार की स्थिरता और जनता का भरोसा, तीनों दांव पर लगे हैं। दुनिया की नजर एक बार फिर ईरान की सड़कों पर है, जहां लोग अपनी परेशानी खुलकर जाहिर कर रहे हैं। *(इनपुट: एपी)*

### ईरान की सरकार क्या कह रही है?

ईरान की सरकार मान रही है कि विरोध की वजह आर्थिक तंगी है। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि सरकार लोगों की बात सुनना चाहती है, लेकिन मुद्रा पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। सुरक्षा बलों ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है और हथियार जब्त करने का दावा किया है। 2022 में महसा अमिनी की मौत के बाद हुए प्रदर्शनों के समय कई पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था, तभी स्थानीय मीडिया डर से खुलकर रिपोर्टिंग नहीं कर रहा।




मसूद पेजेश्कियान

### ईरान के सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और ट्रंप भिड़े



डॉनल्ड ट्रंप



अली लारीजानी

■ एपी, दुबई (यूएई): इन प्रदर्शनों के बीच ट्रंप और ईरानी शीर्ष अधिकारियों के बीच तीखी बयानबाजी हुई है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिंसक हत्या की, तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। इसके जवाब में ईरान की सुप्रीम नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इस्राइल इन प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिकी दखल से पूरे क्षेत्र में अराजकता फैलेगी और अमेरिकी हितों को नुकसान होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली शमखानी ने भी कहा कि ईरान की सुरक्षा के करीब आने वाला कोई भी हस्तक्षेपकारी हाथ काट दिया जाएगा।

### '2025 में 2,200 लोगों को फांसी, इनमें 64 महिलाएं भी'

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन में 2025 में 97 शहरों में सबसे ज्यादा 2,200 लोगों को फांसी पर लटकाया गया। यह संख्या 2024 से दोगुनी से भी ज्यादा है और 2022 से यह करीब 4 गुना है। सिर्फ दिसंबर 2025 में 376 लोगों को फांसी दी गई, जो पिछले 37 वर्षों में कभी नहीं हुआ। 2025 में 64 महिलाओं को फांसी दी गई, जो पिछले साल से लगभग दोगुना है। 13 लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई, जो पिछले साल की तुलना में करीब 3 गुना है। ईरान की विपक्षी नेता और खामेनेई की विरोधी मरियम राजवी ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि सामूहिक फांसियां साफ तौर पर संगठित अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध है। यह उस शासन की हताश कोशिश है, जो सत्ता बचाने में लगी है।



मरियम राजवी

**मद्रास IIT में विदेश मंत्री ने कहा...**

# 'भारत को बुरे पड़ोसियों से रक्षा का हक है'



एस. जयशंकर

■ पीटीआई, चेन्नै: विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नई दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता। जयशंकर ने कहा कि अच्छे पड़ोसियों के मामले में भारत निवेश करने, मदद देने और साझा करने में कभी पीछे नहीं हटता, फिर चाहे वह कोविड-19 महामारी के दौरान टीके हों, यूक्रेन संघर्ष के दौरान ईंधन एवं खाद्य सहायता हो या श्रीलंका को उसके वित्तीय संकट के दौरान दी गई 4 अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद हो। चेन्नै में मद्रास IIT के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, 'दुनिया भर में बहुत से लोग अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत पर गर्व करते हैं। मुझे कोई कारण नजर नहीं आता कि हमें ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए। हमें अपने अतीत की ऐसी समझ है, जो बहुत कम देशों के पास है... लोकतांत्रिक राजनीतिक मॉडल अपनाने के हमारे फैसले ने ही लोकतंत्र के विचार को एक सार्वभौमिक राजनीतिक अवधारणा बना दिया।'

**पानी और आतंकवाद एक साथ नहीं: जयशंकर**

### पाक और चीन रिश्ते पर बलूच नेता ने लिखा पत्र

■ NBT रिपोर्ट: बलूच नेता मीर यार बलूच ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते रणनीतिक रिश्तों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। TOI के मुताबिक, उन्होंने दावा किया है कि आने वाले महीनों में चीन, पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती कर सकता है। नए साल के दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे खुले पत्र में मीर यार बलूच ने कहा कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) अपने अंतिम चरण में है और यह बलूच जनता के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

# सेना के लिए बन रहा है 'अभ्यास', ताकि एयर डिफेंस की हो बेस्ट प्रैक्टिस

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम की अहमियत का सबको अंदाजा हुआ। भारतीय सेना के एयर डिफेंस को प्रैक्टिस के लिए हाई स्पीड टारगेट की जरूरत है, जिसे डीआरडीओ बना भी रहा है। डीआरडीओ सेना के लिए एक हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट बना रहा है, जिसका नाम है अभ्यास। डीआरडीओ ने कहा है कि अगले 2-3 साल में इसे सेना को दे दिया जाएगा।

आर्मी एयर डिफेंस को ऐसे हाई स्पीड टारगेट की जरूरत है जो एयरक्राफ्ट की तरह ही मूव करने वाला हो साथ ही उसके सिग्नेचर भी एयरक्राफ्ट की तरह ही हों, ताकि एयर डिफेंस की ट्रेनिंग सही से हो सके। अभी यूके से लिया हुआ बैन्शी (Banshee) टारगेट सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्मी एयर डिफेंस के पास एक स्वदेशी सिस्टम भी है लेकिन वह साइज में छोटा है। ये एंटी टैंक मिसाइल को मॉडिफाई कर बनाया गया है। यह छोटा होने के साथ ही इसकी स्पीड भी कम है। हाई स्पीड टारगेट एयर डिफेंस की प्रैक्टिस के लिए जरूरी है।



AI image

■ डीआरडीओ बना रहा है हाई स्पीड टारगेट, 2-3 साल में सेना को सौंपने का लक्ष्य।

डीआरडीओ ने पहले भी ट्रेनिंग के लिए टारगेट बनाकर दिए थे, जिनका इस्तेमाल भी किया गया। लेकिन ये मौजूदा जरूरत को पूरा नहीं करते।

इस्राइल-हमास जंग ने एयरस्पेस सुरक्षा को लेकर दुनिया की सोच में बदलाव लाने का काम किया है। जब हमास ने इस्राइल पर अटैक किया तो इस्राइल के आयरन डोम पर चर्चा शुरू हो गई कि क्या आयरन डोम सिस्टम पूरी तरह सफल नहीं रहा। इसके बाद फिर जब ईरान ने इस्राइल पर ताबड़तोड़ सैकड़ों मिसाइल दागी तब इस्राइल ने दावा किया कि आयरन डोम ने ज्यादातर मिसाइल को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। PM मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से ऐलान किया था कि 2035 तक देश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों को टेक्नॉलजी के नए तंत्र के तहत सुरक्षा का कवच दिया जाएगा।

# कनाडा ने AI से कहा, नशे में था पायलट, कार्रवाई करें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**कनाडा ने** एयर इंडिया (AI) को सूचित किया है कि उसके एक पायलट को 23 दिसंबर 2025 को वैंकूवर से उड़ान भरने से ठीक पहले नशे की हालत में पाया गया। यह मामला कनाडाई विमानन कानूनों का उल्लंघन माना गया है। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने एयर इंडिया से इस घटना की जांच कर 26 जनवरी तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। कनाडाई अधिकारियों के अनुसार, वैंकूवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) ने दो बार ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किए, जिनमें पायलट के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पायलट को उड़ान से हटा दिया गया। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने इसे एयर इंडिया के फॉरेन एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (FAOC) की शर्तों का उल्लंघन बताया है और कहा है कि इस पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### गर्भवती के लिए मसीहा बना ड्राइवर

■ पीटीआई, टोरंटो: कनाडा में भारतीय मूल का एक कैब ड्राइवर गर्भवती महिला के लिए मसीहा बनकर उभरा। महिला ने प्रसव पीड़ा होने के बाद कार में ही बच्चे को जन्म दे दिया था और ड्राइवर ने तुरंत उसके साथ मौजूद व्यक्ति और नवजात को सकुशल अस्पताल पहुंचाया। टैक्सी ड्राइवर हरदीप सिंह तूर को पिछले शनिवार देर रात को एक आपात फोन कॉल आया था। फोन करने वाले ने बताया था कि उन्हें अस्पताल जाना है। तूर ने कहा कि 25 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान, तूफानी मौसम और फिसलन भरी सड़कों को पार करते हुए जल्दी अस्पताल पहुंचना चाहते थे।

**कनाडा में भारतीय मूल के कैब ड्राइवर की चर्चा**

# उमर खालिद को ममदानी की चिट्ठी, BJP बोली, आंतरिक मामले में दखल

■ भाषा, न्यूयॉर्क



जोहरान ममदानी ने गुरुवार को न्यूयॉर्क सिटी के 112वें मेयर के रूप में शपथ ली

**न्यूयॉर्क शहर** के मेयर जोहरान ममदानी ने उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी है। इस हाथ से लिखी चिट्ठी पर ममदानी के साइन भी हैं। उन्होंने लिखा, 'प्रिय उमर, मैं अक्सर आपके उन शब्दों को याद करता हूं जिनमें कड़वाहट को खुद पर हावी नहीं होने देने की बात थी। आपके माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हम सब आपके बारे में ही सोच रहे हैं।'



उमर खालिद

ममदानी की इस चिट्ठी को खालिद की सहयोगी बनोज्योत्स्ना लाहिड़ी ने एक्स पर पोस्ट किया। ममदानी की चिट्ठी की तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, 'जब जेल लोगों को अलग-थलग करने की कोशिश करती है तो आपके शब्द ताकत बनकर फैल जाते हैं।'

ममदानी के साथ ही अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने भी उमर खालिद से जुड़े मामले पर अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखा है। उन्होंने खालिद के लिए जमानत और इंटरनैशनल कानून के अनुसार निष्पक्ष और टाइम बाउंड सुनवाई करने की मांग की है। अमेरिकी नेता जिम मैकगवर्न और जैमी रास्किन उन आठ सांसदों में शामिल हैं जिन्होंने क्वात्रा को पत्र लिखकर खालिद समेत अन्य को सुनवाई से पहले लंबे समय से हिरासत में लिए जाने के बारे में अपनी चिंता जताई है।


चिट्ठी में लिखा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते दोनों देशों का स्वतंत्रता, कानून के शासन, मानवाधिकारों और बहुलतावाद की रक्षा और संरक्षण में साझा हित है। पत्र में कहा गया कि खालिद को यूएपीए के तहत लगाए गए आरोपों के लिए पांच साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जिसके बारे में स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह कानून के समक्ष समानता और उचित प्रक्रिया के अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन हो सकता है। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगा मामले में मुख्य साजिशकर्ता होने के आरोप में उमर खालिद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कई प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### संप्रभुता को चुनौती बर्दाश्त नहीं: BJP

**खालिद को** ममदानी की चिट्ठी के बाद बीजेपी ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया। पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, भारत इस तरह के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर भारत की संप्रभुता को चुनौती दी जाती है, तो 140 करोड़ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े होंगे। विश्व हिंदू परिषद ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर न्यू यॉर्क के मेयर के तौर पर शपथ ली थी। VHP ने कहा, ममदानी ने भारत को विभाजित करने की बात करने वाले 'अपराधियों' के बचाव में आकर कुरान का अपमान किया है।

### 'वाइट-कॉलर आतंक चिंताजनक'

■ भाषा, उदयपुर: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में 'वाइट-कॉलर टेररिज्म' जैसी चिंताजनक प्रवृत्तियां सामने आ रही हैं जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं। ऐसे मामलों में बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। सिंह ने दिल्ली में पिछले दिनों हुई घटना का जिक्र करते हुए यह बात कही जहां 'बम विस्फोट' करने वाला डॉक्टर था।



राजनाथ सिंह

### गुजरातः घूसखोरी में पूर्व DM अरेस्ट

■ भाषा, अहमदाबाद: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के पूर्व जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार पटेल को रिश्वतखोरी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।

पटेल का एक हफ्ते पहले ट्रांसफर हो गया था, जब ईडी ने उनके कार्यालय में कार्यरत उप राजस्व अधिकारी चंद्रसिंह मोरी को रिश्वतखोरी केस में गिरफ्तार किया था। मोरी के आवास पर 23 दिसंबर को छापेमारी के दौरान 67.5 लाख कैश मिला था। मोरी ने रिश्वत की बात स्वीकार की है।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ईरान की मुद्रा का क्या नाम है?
A. रियाल B. यूरो C. रुपया

2. सार्क समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, पाकिस्तान के अलावा 7वां देश इनमें से कौन है?
A. ब्रिटेन B. यमन C. श्रीलंका

3. CDS जनरल अनिल चौहान ने 2004 की सुनामी में प्रभावित द्वीप पर अत्याधुनिक एयरस्ट्रिप की शुरुआत की, वह कहां है?
A. निकोबार B. दमन C. लक्षद्वीप

4. चीन ने 'अपग्रेडेड' गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर कमीशन किया है। उसका क्या नाम है?
A. विनाशक B. लाउडी C. फोर्ड

5. सरकार ने कहा, AI टूल Grok का इस्तेमाल महिलाओं के खिलाफ अश्लील कंटेंट बनाने व फैलाने में हो रहा है? Grok को किसने बनाया है?
A. OpenAI
B. Deepmind
C. xAI

**कल के जवाब**

A1 C. 2024 A2 B. 1 फरवरी 2026 A3 C. 40% A4 A. गुवाहाटी-कोलकाता A5 B. जोहरान ममदानी

**लकी विनर्स**



1. श्रेया शर्मा, पश्चिम विहार
2. विपुल कुमार वर्मा, गाजियाबाद
3. पुरुषोत्तम गर्ग, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

### CDS ने कार निकोबार एयरस्ट्रिप की शुरुआत की

■ पीटीआई, श्री विजयपुरम (निकोबार): चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय वायु सेना के कार निकोबार एयरफोर्स बेस पर अत्याधुनिक एयरस्ट्रिप की शुरुआत की। श्री विजयपुरम से करीब 535 किलोमीटर दूर स्थित निकोबार जिले का कार निकोबार द्वीप 2004 की सुनामी के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। यह एयरस्ट्रिप पूर्वी मोर्चे को और अधिक मजबूती देगी।



जनरल अनिल चौहान

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा चिंतित कर रही: US सांसद

■ आईएएनएस, वॉशिंगटन: भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि वहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर हिंसा हो रही है और ढाका की सरकार उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा, 'हमने देखा है कि बांग्लादेश में खास तौर पर हिंदुओं पर कई हमले हुए हैं।' सुहास सुब्रमण्यम वर्जीनिया से डेमोक्रेट सांसद हैं।



सुहास सुब्रमण्यम


**ग्लोबल राजनीति** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया के सोशल मीडिया पोस्ट से चर्चा

# भारत के बगैर SAARC की कल्पना में कुछ दम या है सिर्फ बयानबाज़ी

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय राजनीति में एक बार फिर हलचल दिखने लगी है। वर्षों से निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय समूह (SAARC) को लेकर नई चर्चाएं तब तेज हुईं, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सार्क की भावना जिंदा है। सवाल यह है कि क्या भारत के बिना सार्क जैसी किसी क्षेत्रीय सोच की कोई प्रासंगिकता बचती है, या यह सिर्फ कूटनीतिक बयानबाजी भर है?

सार्क या ऐसे किसी क्षेत्रीय संगठन को लेकर उठ रही सुगबुगाहट एकदम से शुरू नहीं हुई है। इस तरह की चर्चाएं उस वक्त भी सामने आई थीं, जब जून में चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने त्रिपक्षीय बैठक की थी। सार्क समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। अपने शुरुआती वर्षों में इसे दक्षिण एशिया की आवाज की तरह देखा जाता था। 2016 में इसकी मीटिंग इस्लामाबाद में होनी थी, लेकिन उरी हमले के बाद भारत ने इस समिट में शामिल होने से इनकार कर दिया था।



**पाकिस्तान का दबाव और बांग्लादेश का साथ:** पाकिस्तान सार्क जैसा एक गुट बनाने की कोशिशों में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के बगैर एक क्षेत्रीय संगठन बनाना चाहता है। इस साल फरवरी में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने ओमान में जयशंकर के साथ हुई बैठक में सार्क का मुद्दा उठाया था।

**क्यों दूसरे सहयोगियों को साथ लाना आसान ना होगा?:** सार्क जैसा संगठन बनाने की किसी भी त्रिपक्षीय कोशिश करने वाले देश ये जानते हैं कि वैकल्पिक समूह को प्रभावी तरीके से काम करने के लिए ये जरूरी है कि भूटान, नेपाल, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मालदीव जैसे देशों को सार्क सरीखे किसी समूह में शामिल करना इतना आसान नहीं होगा।

### उत्तराखंड में सेना के कैंप में आग

■ NBT रिपोर्ट, चमोली: चमोली जिले के ज्योतिर्मठ में औली रोड के पास सेना कैंप में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

सेना के जवानों के साथ ही फायर सर्विस की टीम मौके पर आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग इतनी विकराल हो गई कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग काफी बड़े क्षेत्र में फैल गई है, जिसके कारण इसे बुझाने में जवानों और फायर सर्विस की टीम को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिस क्षेत्र में आग फैली है, वह सेना का स्टोर था, जिसमें प्लास्टिक का सामान था। यहां खेत भी है जहां मौजूद सूखी घास तेज हवा चलने के कारण आग की लपटें विकराल हो गईं।

**सूखी घास, हवा से आग तेजी से फैली, कड़ी मशक्कत के बाद बुझी**

# पलायन का दर्द: गांव में नहीं था कोई युवक, वृद्धा की अर्थी को SSB जवानों ने दिया कंधा

■ भाषा, पिथौरागढ़: उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पलायन की मार झेल रहे तड़ीगांव में कोई युवा पुरुष नहीं होने के कारण एक वृद्धा की अर्थी को श्मशान घाट तक पहुंचाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान मदद के लिए आगे आए। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित इस गांव में रहने वाली झुपा देवी (100) का बुधवार को निधन हो गया। उनकी पार्थिव शरीर को तीन किलोमीटर दूर काली नदी के किनारे स्थित श्मशान घाट तक पहुंचाना था जिसके लिए गांव में कोई युवा पुरुष उपलब्ध नहीं था।

गांव के एक बुजुर्ग भूपेंद्र चंद ने कहा, 'गांव में कोई युवा पुरुष नहीं था और इसलिए झुपा देवी के शव को श्मशान घाट तक पहुंचाने में हमें एसएसबी जवानों की सहायता लेनी पड़ी।' झुपा देवी के 65 वर्षीय पुत्र रमेश चंद ने बताया कि ग्रामीणों के अनुरोध पर इस काम के लिए तड़ीगांव के पास स्थित एसएसबी की सीमा चौकी से दो अधिकारी और चार जवान भेजे गए। उन्होंने कहा कि जवानों ने न केवल पार्थिव शरीर श्मशान घाट तक पहुंचाया बल्कि दाह संस्कार के लिए लकड़ियां भी ढोकर ले गए और अंतिम संस्कार करने में भी मदद की। गांव में इस समय केवल चार बुजुर्ग पुरुष ही रह रहे हैं जबकि युवा आजीविका के लिए शहर चले गए हैं।

उन्होंने कहा, 'गांव पलायन से बुरी तरह प्रभावित है क्योंकि गांव में आजीविका कमाने का कोई साधन नहीं है। 20 साल पहले गांव में 37 परिवार थे जो अब घटकर केवल 13 रह गए हैं। गांव में केवल 50 लोग रहते हैं जिनमें चार बुजुर्ग आदमियों के अलावा महिलाएं और बच्चे हैं।'



■ 20 साल पहले गांव में 37 परिवार थे जो अब घटकर 13 रह गए
■ गांव में केवल 50 लोग हैं जिनमें चार बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं-बच्चे हैं

### पक्की सड़क न होने से गांव तक नहीं आते वाहन

गांव के एक बुजुर्ग भूपेंद्र चंद ने कहा, 'गांव तक पक्की सड़क भी नहीं है। 2019 में ग्रामीणों ने कच्ची सड़क बनाई थी लेकिन वह भी अब तक पक्की नहीं हो पाई है। इस कारण गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाते।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: kranti.mishra Time: 01-03-2026 00:39 Color:



# खराब बीजों ने किसानों की मेहनत और लागत दोनों डुबोई

### प्रदेश में लगातार आ रहे मामले, निजी बीज भरोसेमंद न सरकारी, इतने नुकसान के बाद भी मुआवजे के नाम पर कुछ नहीं

Deep.Singh@timesofindia.com

**लखनऊ :** किसान कड़ी मेहनत करके फसल की बोआई करते हैं। इसके साथ जोताई, बीज, खाद, पानी, कीटनाशक छिड़काव में मोटी लागत लग जाती है। उसके बाद बीज ही खराब निकल जाए तो सब चौपट हो जाता है। जब तक पता चलता है और कुछ कार्रवाई होती है, तब तक पूरा सीजन निकल जाता है। हाल ही में प्रदेश में ऐसे कई मामले आए हैं, जब बीज खराब निकलने के कारण फसल चौपट हो गई। ये खामियां सरकारी भंडार और निजी दुकानों दोनों में ही सामने आ रही हैं। इससे किसानों की लागत और मेहनत दोनों चली गई।

मथुरा से आलू के बीज की रिपोर्ट मंगाएंगे। बीज खराब है तो किसानों के हितों को ध्यान में रखकर निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। –बीपी राम, उद्यान निदेशक

## अंकुरित नहीं हुआ बाजरा



खरीफ के सीजन में मथुरा के सभी ब्लॉक में किसानों ने सरकारी बीज भंडार से बाजरे का बीज खरीदा और बोआई की, लेकिन वह अंकुरित ही नहीं हुआ। यह बीज पूरे मथुरा जिले में बांटा गया था। किसानों ने इसकी शिकायत मंडलायुक्त, जिला कृषि अधिकारी और उच्च अधिकारियों से की तो उप कृषि निदेशक की अध्यक्षता में कमिटी बनाई गई। कमिटी ने दो बार खेतों का निरीक्षण किया। कमिटी की जांच में शिकायत सही पाई गई। बीज विकास निगम ने एक निजी कंपनी से यह बीज खरीदा था। कमिटी की रिपोर्ट पर लंबे समय तक कार्रवाई नहीं हुई। बाद में प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार तक शिकायत पर बीज आपूर्ति करने वाली कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो पाई। इतनी कवायद होने तक सीजन निकल गया और किसानों के खेत खाली रह गए।

## खरबूजे की बेल निकली, फल नहीं



बाराबंकी जिले में किसानों ने निजी दुकान से खरबूजे का बीज खरीद कर बोया। बीज अंकुरित हुए, बेल भी बनी, लेकिन फल नहीं आए। किसानों ने दुकानदार से शिकायत की और उसे खेत भी दिखाए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। किसानों ने इसकी शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से भी की। बाराबंकी के उप कृषि निदेशक ने पूरे मामले की जांच के लिए समिति बनाई। कमिटी ने दुकानदार और संबंधित कंपनी को भी तलब किया। जांच में कमिटी ने पाया कि एक पैकेट पर कंपनी का रैपर चिपका था, लेकिन उसे मिटाया गया था। वहीं, दूसरे पैकेट पर रैपर नहीं चिपका था। कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि बीज उनकी कंपनी का नहीं है। इससे साफ हुआ कि दुकानदार ने कंपनी का नकली बीज दिया। इसके बाद दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई।

## आलू अंकुरित होते ही वायरसग्रस्त



अब नया मामला एक बार फिर मथुरा में आया है। मथुरा में किसानों ने रबी की बोआई के लिए उद्यान विभाग से आलू का बीज खरीदा। इच्छुक किसानों को लॉटरी सिस्टम से 15 क्विंटल प्रति किसान बीज दिया गया। कुफरी बहार प्रजाति का यह आलू शाहजहांपुर बीज उत्पादन केंद्र, मदारी, मेरठ में तैयार हुआ था। बीज अंकुरित होते ही उसमें मौजेक वायरस से भरा हो गया। किसानों ने इसकी शिकायत उद्यान विभाग के अधिकारियों से की। इस पर उप उद्यान निदेशक की अध्यक्षता में तीन दिसंबर को एक कमिटी गठित की गई। कमिटी ने किसानों को इसमें दवा के छिड़काव का सुझाव दिया। उसके बाद फिर निरीक्षण किया। कमिटी ने 18 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें उसने माना कि फसल मौजेक वायरस से प्रभावित पाई गई। यह भी माना कि आलू बीज उत्पादन में गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई।

## किसानों ने शिकायतें की और लड़ी लड़ाई

ये तो वे मामले हैं जिनमें किसानों ने शिकायतें की और लड़ाई लड़ी। इससे ये मामले चर्चा में आ गए। किसानों का कहना है कि वे किस पर भरोसा करें। निजी दुकान से बीज खरीदें या फिर सरकारी केंद्र से। बीज खराब निकल जाता है। किसान शिकायत करते हैं। पहले तो कार्रवाई नहीं होती। इतने में पूरा सीजन निकल जाता है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मथुरा मंडल अध्यक्ष राज कुमार तोमर कहते हैं कि पहले तो कंपनी पर या संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती। किसान की पूरे सीजन की फसल का नुकसान होता है। बीज की कीमत तो किसान देता ही है। उसे पूरे सीजन में होने वाली पैदावार के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए। इस पर कोई अधिकारी कुछ नहीं बोलता।

## दो सहायक आयुक्त और चार औषधि निरीक्षकों का तबादला

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने साल के पहले दिन दो सहायक आयुक्त (औषधि) के साथ चार औषधि निरीक्षकों का तबादला किया है। विभागीय सचिव डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक, देवी पाटन मंडल (गोंडा) के सहायक आयुक्त औषधि मुकेश चंद्र जैन को इसी पद पर वाराणसी मंडल भेजा गया है। जबकि, वाराणसी मंडल में तैनात प्रवीण रस्तोगी को इसी पद पर देवीपाटन मंडल स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह सहारनपुर में तैनात औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह को देवरिया, सिद्धार्थनगर के औषधि निरीक्षक नवीन कुमार को महाराजगंज, बलिया के औषधि निरीक्षक श्रीप्रकाश शुक्ला को गोरखपुर और आगरा में तैनात कपिल शर्मा को औषधि निरीक्षक के पद पर सहारनपुर भेजा गया है।

## फटाफट खबरें

### सहायक परिचालक के आवेदनों में संशोधन 6 तक

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक के पदों पर होने वाली सीधी भर्ती (2025) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि शुक्रवार को खत्म हो गई। इस पद के लिए आवेदन तीन दिसंबर 2025 से ऑनलाइन जमा किए जा रहे थे, जिसकी अंतिम तिथि दो जनवरी 2026 थी। इन आवेदनों में संशोधन के लिए उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने तीन दिन का समय देने का फैसला लिया है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किए जाने का अवसर देने के लिए लगातार बोर्ड को आग्रह मिल रहे थे। इसी के मद्देनजर तय किया गया है कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थी तीन जनवरी की सुबह छह बजे से छह जनवरी की सुबह छह बजे तक अपने आवेदन पत्र में संशोधन कर सकेंगे। इसकी विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है।

### 'दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सरकार की प्राथमिकता'

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को लखनऊ के मोहान रोड स्थित स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज और स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा, सरकार का संकल्प है कि दिव्यांग बच्चों को न केवल बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध करवाई जाए, बल्कि उन्हें आधुनिक शिक्षा, तकनीकी संसाधन और अनुकूल वातावरण देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विद्यालय परिसरों में चल रहे ग्राउंड डिवेलपमेंट, टाइल्स निर्माण और अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सभी कामों को पूरा करने के निर्देश दिए।

### शलभ को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए मिली NOC

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीनियर आईपीएस शलभ माथुर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए यूपी सरकार की ओर से एनओसी मिल गई है। शलभ माथुर वर्तमान में आईजी कार्मिक के रूप में पुलिस मुख्यालय में तैनात हैं। 2006 बैच के आईपीएस शलभ की नई तैनाती का आदेश जल्द केंद्र सरकार की ओर से जारी कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मई 2025 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यूपी कैडर के छह आईपीएस अफसरों की सूची जारी की गई थी, जिसमें शलभ माथुर के साथ अजय मिश्रा, नितिन तिवारी, दीपिका तिवारी, अमित पाठक और प्रतिभा अम्बेडकर के नाम थे।

### 'कागजी प्रगति नहीं, जमीनी परिणाम चाहिए'

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नगर विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद ने शुक्रवार को राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और स्पष्ट किया कि कागजी उपलब्धियों के बजाय जमीनी परिणाम ही अब मूल्यांकन का आधार होंगे। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 के सफलता में प्रदेश का योगदान महत्वपूर्ण रहा है और अब तक 17 लाख से अधिक पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। प्रथम चरण में लंबित 64 हजार से अधिक आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की समीक्षा के दौरान निदेशक सूडा अपूर्व दुबे ने बताया कि यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से 23 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से चार लाख आवेदनों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है।

### नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती का रिजल्ट जारी

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने नेत्र परीक्षण अधिकारी (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा का अंतिम चयन परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया है। आयोग ने 157 पदों के 19 जनवरी को लिखित परीक्षा आयोजित की थी। कुल 155 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया है। अनारक्षित वर्ग का कटऑफ 42.50, ओबीसी का 40.75, ईडब्ल्यूएस का 31.75 तय किया गया है।

### SIR मॉनिटरिंग के लिए बनाई कमिटियां

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** SIR प्रक्रिया के तहत यूपी में काटे गए 2.89 करोड़ वोटरों की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश कांग्रेस ने सभी 75 जिलों में कमिटियों का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय की मंजूरी के बाद कमिटियों की सूची शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से जारी कर दी है। अजय राय के मुताबिक, सभी जिलों में जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के सहयोग में वरिष्ठ नेताओं को कमिटी में रखा गया है। यह कमिटियां कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन कर काटे हुए नामों का भौतिक सत्यापन करवाएंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि कोई भी वैध मतदाता का नाम न कटे और कोई फर्जी नाम सूची में ना जुड़ सके। अजय राय ने कहा कि इन कमिटियों की देखरेख में यूपी का हर कांग्रेसी अगले एक महीने तक लगातार गरीब, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की मदद कर उनके वोट की रक्षा करेगा।

### मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 9 फरवरी से

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं नौ फरवरी से 14 फरवरी तक दो पाली में होंगी। इस दौरान मुंशी व मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) कक्षाओं की परीक्षाएं होंगी। मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस साल इन कक्षाओं के लिए करीब 80 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा को आवेदन किया है। मदरसा परिषद की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही के मुताबिक, मुंशी-मौलवी की परीक्षाएं पहली पाली में और आलिम की परीक्षाएं दूसरी पाली में होंगी। पहली पाली की परीक्षाएं सुबह आठ बजे से 11 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षाएं अपराह्न दो बजे से पांच बजे के बीच आयोजित की जाएंगी।

### आलू बिक्री की संभावना तलाशें : दिनेश

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभी से दूसरे राज्यों में आलू बिक्री की संभावनाएं तलाशें। वहां के बाजारों में व्यापारियों से संपर्क स्थापित किया जाए, ताकि वहां बिक्री हो सके। इसके साथ ही उन्होंने नए बने कोल्ड स्टोर तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की समीक्षा बैठक में दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मौसम अनुकूल होने के कारण पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा आलू उत्पादन की संभावना है। किसानों को अपनी उपज बेचने या रखने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी मंडलों की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए मुख्यालय स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उनको निर्देश दिया है कि वे आवंटित मंडलों का निरीक्षण करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा, निदेशक बीपी राम सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# 'संगठनों के नाम पर अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई करें'

### मुख्यमंत्री ने आज से शुरू हो रहे माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा की



सीएम ने शुक्रवार देर रात शनिवार से शुरू हो रहे माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा की।

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगठनों के नाम पर अराजकता फैलाने, गुंडागर्दी करने अथवा प्रशासन पर दबाव बनाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आम नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

सीएम ने शुक्रवार की देर रात शनिवार से शुरू हो रहे माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर अनुमानित 15 से 25 लाख श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से सुदृढ़ करें। घाटों पर गोताखोरों की पर्याप्त तैनाती रहे ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। मेला क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध एवं अराजक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। किसी भी महिला श्रद्धालु को असुविधा या भय का सामना न करना पड़े, यह प्रशासन सुनिश्चित करे। नदी में तेज बहाव तथा गहराई की दशा में बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा की जाए। कोई भी नाविक श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क न ले। तीर्थ स्थानों व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नाव परिचालन को लेकर मनमानी किराया वसूलने, होटलों की मनमानी किए जाने की शिकायतें नहीं आनी चाहिए।

**फील्ड पर उतर कर व्यवस्था दें अफसर :** योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। माघ मेला सहित सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर अधिकारी फील्ड पर रहकर व्यवस्था देखें। प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर), मथुरा-वृंदावन, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर सहित माघ मेला से जुड़े सभी प्रमुख जिलों में व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन, घाटों व मंदिर परिसरों की स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, भीड़ प्रबंधन एवं मेला क्षेत्र में प्रवेश-निकास की सुगम व्यवस्था हो। किसी भी स्थिति में अराजकता को बढ़ावा न मिले और सभी श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में स्नान एवं पूजा कर सकें।

## अधिकारियों की तय करें जवाबदेही : योगी

### सीएम ने वित्त विभाग की समीक्षा की, कहा-कमजोर प्रगति वाले विभागों के मंत्रियों को भेजें पत्र

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आवंटित बजट का उपयोग करने में धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

योगी ने शुक्रवार को वित्त विभाग के कामकाज की समीक्षा करने के साथ ही अधिक बजट प्रावधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतीकरण भी देखा। सीएम ने कहा कि सभी विभाग समय से आवंटित बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें व प्रदेशवासी उनका लाभ उठा सकें। अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें।

### दिल्ली जाकर करें केंद्रांश के लिए पैरवी

योगी ने कहा कि बजट खर्च में तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर महीने बैठक करें। जिन विभागों को आवंटित बजट के कुछ अंश को अभी तक किन्हीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उनको तत्काल बजट आवंटित करें। जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है, उसके मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें, पत्र लिखें, फोन से फॉलोअप करें।

### बजट देने से पहले करें समीक्षा

सीएम ने वित्त विभाग को अगले बजट की तैयारियों पर भी जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें। आगामी बजट में विभागीय आवंटन करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकलन की समीक्षा करें। केंद्र सरकार से भी बजट आवंटन को लेकर बेहतर समन्वय बनाएं, ताकि समय से केंद्रांश मिल सके।

## हर ग्राम पंचायत में बनाएं इंटीग्रेटेड कैंपस

### सीएम ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा की

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम ने कहा है कि हर ग्राम पंचायत में यथासंभव इंटीग्रेटेड कैंपस बनाया जाए, जहां विद्यालय, उत्सव भवन, खेल के मैदान, ओपन जिम, पार्क, मॉडल शॉप आदि की व्यवस्था हो। इंटीग्रेटेड कैंपस के लिए भूमि के चयन की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। इनका निर्माण ऐसे स्थान पर हो, जहां पर हर किसी की पहुंच हो।

योगी ने शुक्रवार को शाम पंचायती राज विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यूपी आत्मनिर्भर तभी बन सकता है जब हमारी ग्राम पंचायतें भी आत्मनिर्भर बनें। अतः ग्राम पंचायतों की आय को बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। ग्राम पंचायतों की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने पंचायतों में बन रहे उत्सव भवन का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर मांगलिक कार्यक्रम के लिए किए जाने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि अन्य दिनों में उत्सव भवन का उपयोग योग/वेलनेस के लिए किया जाए। सहालग के दौरान कई मांगलिक कार्यक्रम होने पर समय तय कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को उत्सव भवन का लाभ दें।

### ज्यादा प्रवासियों को जोड़ें

योगी ने कहा कि मातृभूमि योजना से अधिक से अधिक प्रवासियों को जोड़ें। योजना के तहत अपना सहयोग देने वाले प्रवासियों के पूर्वजों के नाम पर परियोजना का नाम रखा जाए।

### हर ग्राम पंचायत में हो चौपाल

सीएम ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खुली चौपाल व्यवस्था की जाए। इसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जाए। साथ ही लाभार्थियों का सत्यापन और नए लाभार्थियों का चयन किया जाए।


## कुकरैल में चिड़ियाघर शिफ्टिंग पर रोक

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान कुकरैल में शिफ्ट किए जाने पर रोक लग गई है। सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (CEC) ने शिफ्टिंग पर रोक लगा दी है। समिति ने कुकरैल प्रस्तावित नाइट सफारी को कई कड़ी शर्तों के साथ मंजूरी दे दी है, लेकिन उसके साथ वहां बनने वाले एडवेंचर जोन पर रोक लगा दी है।

**नाइट सफारी को सशर्त अनुमति :** कुकरैल जंगल आरक्षित वन क्षेत्र में आता है। यहां नाइट सफारी के निर्माण से पहले सुप्रीम कोर्ट की अनुमति जरूरी है। प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने इस परियोजना से पर्यावरण पर होने वाले असर की जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद CEC ने 310 पेज की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। इसमें कहा गया है कि नाइट सफारी को पहले केंद्रीय प्राणि उद्यान प्राधिकरण (CZA) से अनुमति मिल चुकी है। ऐसे में इस योजना को आगे बढ़ाया जा सकता है। यह अनुमति इस शर्त के साथ दी गई है कि CZA और वन विभाग के तय नियमों का पालन अनिवार्य किया जाए।

वहीं, चिड़ियाघर के बारे में कहा है कि मौजूदा 72 एकड़ में चिड़ियाघर का आधुनिकीकरण संभव है। इसे शहर के प्रमुख 'ग्रीन लंग' के तौर पर बनाए रखना जरूरी है।

CEC ने रोक लगाई, नाइट सफारी में एडवेंचर जोन भी नहीं बनेगा



### सड़क दो लेन होगी

नाइट सफारी में प्रस्तावित एडवेंचर जोन को CEC ने रद्द कर दिया है। कहा है कि वन भूमि का उपयोग गैर वानिकी मनोरंजन गतिविधियों के लिए नहीं हो सकता। चार लेन की सड़क पर भी समिति ने रोक लगा दी है। कहा है कि यहां दो लेन की सड़क ही बनाई जाए। एक विशेष निगरानी समिति भी गठित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें वन्य जीव विशेषज्ञ, CZA प्रतिनिधि और वन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति हर महीने निरीक्षण करेगी और हर तीन महीने में राज्य सरकार, CZA और CEC को रिपोर्ट सौंपेगी। इस बारे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अरुण सक्सेना का कहना है कि सीईसी की निर्देशों और शर्तों का पालन किया जाएगा। इसके आधार पर ही नाइट सफारी का काम शुरू किया जाएगा।

## तीन साल छूट देने की मांग

यूपी पुलिस में सिपाहियों की भर्ती को लेकर वन मंत्री सहित कई विधायकों ने लिखा सीएम को पत्र

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी पुलिस में सिपाही के 32,679 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी सरकार से आयु सीमा में तीन साल की छूट देने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने पिछले दिनों जनता दरबार से सीएम योगी से मुलाकात की थी। अब सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ हैदरगढ़ से भाजपा विधायक दिनेश रावत और मेंहदावल से निषाद पार्टी के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने इसी मुद्दे पर सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से 31 दिसंबर 2025 को सिपाही के 32,679 पदों पर भर्तियों के लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है, जिसमें सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 22 साल रखी गई है। हालांकि, विज्ञापन जारी होने से पहले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने 18 नवंबर 2025 को गोरखपुर के आयोजित जनता दरबार में सीएम से इस मुद्दे को लेकर मुलाकात की थी, जिसमें सीएम ने उन्हें आश्वासन भी दिया था। सीएम को लिखे गए पत्र में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण ने कहा है कि सामान्य वर्ग के यह अभ्यर्थी उनसे मिले थे और जानकारी दी कि सीएम ने जनता दरबार में उन्हें आयु सीमा में तीन साल की छूट देने का आश्वासन दिया था।

## कफ सिरप के अवैध कारोबार में 50 से ज्यादा लोगों की भूमिका

एसआईटी तैयार कर रही है सिंडिकेट से जुड़े लोगों का गैंग चार्ट

NBT फॉलोअप

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार में शुभम जायसवाल, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित टाटा, विभोर राणा, विशाल राणा और आकाश पाठक के साथ 50 से अधिक लोगों की भूमिका सामने आई है। इस अवैध कारोबार की जांच कर रही एसआईटी अब इस सिंडिकेट में शामिल लोगों का गैंग चार्ट बना रही है। इसी आधार पर इस अवैध कारोबार को लेकर दर्ज करवाई गई एफआईआर में कई नाम बढ़ाने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि आईजी लॉ ऐंड ऑर्डर एल.आर. कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी इस पूरे मामले की जांच कर रही है। एसआईटी अब तक इस प्रकरण से जुड़े कई लोगों का बयान दर्ज कर चुकी है। इतना ही नहीं लखनऊ, गाजियाबाद, वाराणसी, सोनभद्र में दर्ज मुकदमों के विवेचकों से सभी आरोपितों का ब्योरा जुटा चुकी है। एसआईटी द्वारा फर्जी दस्तावेजों से बनी फर्मों के कथित संचालकों और उनके रिश्तेदारों की भूमिका भी खंगाली गई है। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर एसआईटी अब उनका गैंग चार्ट तैयार कर रही है। गैंगचार्ट में सरगना के तौर पर शुभम जायसवाल, अमित टाटा और आलोक सिंह के नाम रखे गए हैं। साथ ही इनके बैंक खातों का ब्योरा भी तैयार करवाया जा रहा है।

## नामांतरण और वरासत का काम ऑटो मोड में हो : योगी

### सीएम ने राजस्व विभाग की समीक्षा की, कहा-लैंड यूज के बदलाव की प्रक्रिया को सरल बनाए

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नामांतरण और वरासत के मामलों में ऐसी प्रणाली विकसित की जाए जिससे यह कार्य ऑटो मोड पर हो सके। यह नागरिकों को सुगम और समयबद्ध न्याय दिलवाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश के सभी जिलों में रोवर से पैमाइश की जाए। इसके लिए ट्रेनिंग करवाने और प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए फ्रेमवर्क को तैयार किया जाए। रोवर आधारित पैमाइश को पूर्ण करने के लिए ट्रेनिंग के लिए इंजिनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आईटीआई का सहयोग भी लिया जा सकता है। यह कहना है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का।

योगी ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामलों का निपटारा मेरिट के आधार पर हो। सभी लंबित मामलों में जवाबदेही तय करने के लिए इनका निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें। भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाएं। धारा 80 के तहत लैंड यूज की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्व परिषद के स्तर पर कॉल सेंटर जैसी प्रणाली विकसित की जाए।

### पंचायत भवन में समस्याएं सुनें

सीएम ने कहा कि किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। शीतलहर को देखते हुए रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का सुचारु प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था और कंबल वितरण का काम तेज करें। ग्राम पंचायतों में लगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की मूर्तियों/स्मारकों को सुरक्षित करने के लिए समाज कल्याण विभाग के सहयोग से बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाएं। लेखपाल पंचायत भवन में अपना कार्यालय बनाकर जनसमस्याओं का निस्तारण करें।

**मनमानी** प्रीपेड कनेक्शन में सिक्योरिटी राशि लेने का नहीं है प्रावधान, बीते साल सितंबर से प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर से ही दिए जा रहे हैं बिजली कनेक्शन

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के कनेक्शन में भी वसूल ली सिक्योरिटी मनी

**केस-1** महोबा निवासी शशांक निगम को 30 दिसंबर 2025 को तीन किलोवॉट का कनेक्शन दिया गया। इसके लिए 1200 रुपये सिक्योरिटी राशि ली गई।

**केस-2** मथुरा निवासी सुनीता को 4 किलोवॉट का कनेक्शन दिया गया और 1600 रुपये बतौर सिक्योरिटी राशि ले लिए गए।

**केस-3** बलिया निवासी विजेंद्र सिंह को 1 किलोवॉट का कनेक्शन दिया गया और 100 रुपये सिक्योरिटी राशि ली गई।

**केस-4** गोरखपुर निवासी सोनी देवी को 1 किलोवॉट का कनेक्शन दिया गया और उनसे सिक्योरिटी के लिए 300 रुपये जमा करवाए गए।

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ: ये मामले तो कुछ उदाहरण हैं। प्रदेश में ऐसे उपभोक्ता बड़ी संख्या में हैं, जिनको स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य होने के कारण पहले तो महंगा बिजली कनेक्शन मिला। वहीं, इन उपभोक्ताओं से सिक्योरिटी की धनराशि भी वसूली गई। हालांकि, विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47(5) के मुताबिक प्रीपेड कनेक्शन में उपभोक्ताओं से सिक्योरिटी राशि नहीं ली जा सकती है।**



### पोस्टपेड कनेक्शन दिखाकर वसूली गई सिक्योरिटी मनी

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के मुताबिक प्रदेश में बीते साल सितंबर से सभी नए कनेक्शन प्रीपेड मोड में ही उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं। एक जनवरी 2026 तक 3,18,740 उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ कनेक्शन दिए गए। इनमें से कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनका कनेक्शन देते वक्त जब बिल बनाया गया तो कनेक्शन पोस्टपेड दिखाया गया। हालांकि, कनेक्शन उन्हें प्रीपेड ही दिया गया और बिल में पोस्टपेड दिखाने की वजह से उनसे सिक्योरिटी राशि ले ली गई। इन सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ कनेक्शन दिया गया और 6016 रुपये मीटर का दाम लिया गया। हालांकि, मीटर का यह दाम तब नियामक आयोग से मंजूर नहीं था।

### 31 दिसंबर को 2800 रुपये निर्धारित की गई है कीमत

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने 31 दिसंबर को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत 2800 रुपये निर्धारित कर दी है। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि अब तक उपभोक्ताओं से करीब 102 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली हुई है, जिसे उपभोक्ताओं को वापस किया जाना है। अब सिक्योरिटी राशि जमा करवाए गए उपभोक्ताओं का भी पैसा पावर कॉरपोरेशन को वापस करना होगा।

### पहले अवैध वसूली, फिर समायोजन उचित नहीं

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रीपेड कनेक्शन में सिक्योरिटी राशि जमा करवाने को अनुचित बताया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पहले तो कानून के विपरीत जाकर सिक्योरिटी राशि वसूल ली गई। अब जब यह मामला पकड़ में आ गया है, तब ज्यादा से ज्यादा इस राशि का समायोजन उपभोक्ताओं के बिजली खाते में किया जाएगा। पहले अवैध वसूली और फिर समायोजन उचित नहीं है। यह कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर पर भी सवाल खड़े कर रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। उपभोक्ता परिषद ने गलत तरह से वसूली गई राशि तत्काल उपभोक्ताओं को लौटाने और दोषी अधिकारियों को दंडित करने की मांग की है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi Time: 01-03-2026 00:17 Color:



नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शनिवार, 3 जनवरी 2026



दिलकुशा ग्राउंड पर तीन धमाकेदार मुकाबले खेले गए। जिसमें लखनऊ फाल्कन और मिड विंटर ने जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। -p4

नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 76 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका मौके पर निस्तारण किया गया -p5



**224** रहा लखनऊ का AQI शुक्रवार को, जो खराब था।

**1915** पर दुकानदार या कंपनी से संतुष्ट न होने पर ग्राहक शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



## शहर में आज

- श्रीमहाकाल मंदिर में पंचकुंडीय यज्ञ, राजेंद्र नगर, द्वितीय मार्ग, सुबह 11 बजे।
- महिंद्रा सनतकदा की ओर दो दिवसीय फिल्मोत्सव, राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, दोपहर 2 बजे।
- ईश्वरीय स्वनारायण सेवा समिति की ओर से लहरी भोज, शिवशक्ति शनिदेव मंदिर, इंदिरा नगर, दोपहर 2 बजे।
- सनातन महासभा की ओर से पौष पूर्णिमा पर आरती, झूलेलाल वाटिका, गोमती तट, शाम 5:30 बजे।
- नमोस्तुते मां गोमती की ओर से पूर्णिमा आरती, उपवन घाट, डालीगंज गोमती तट, शाम 5:30 बजे।

## खबरें काम की

### आज और कल खुले रहेंगे नगर निगम कार्यालय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम ने इस शनिवार और रविवार को छुट्टी वाले दिन भी जोनल कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। चीफ टैक्स असेसमेंट ऑफिसर अशोक सिंह ने बताया कि सभी आठ जोनल सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे। दरअसल, वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में मात्र तीन माह रह गए हैं। इस वजह से यह निर्णय लिया गया है। इन दोनों दिनों में सभी जोनल कार्यालयों में कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों के निस्तारण और कर जमा कराने से संबंधित काम किए जाएंगे।

### अलीगंज CHC में नई इमरजेंसी सेवा जल्द

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अलीगंज सीएचसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इस महीने दो बड़ी सुविधाएं मिलने जा रही हैं। सीएचसी परिसर में जन औषधि केंद्र शुरू होने से मरीजों को ब्रैंडेड दवाओं के मुकाबले काफी सस्ती दवाएं एक ही जगह उपलब्ध होंगी। साथ ही, लंबे समय से चली आ रही इमरजेंसी की समस्या भी दूर होगी। अब तक इमरजेंसी पहले तल पर संचालित होने से गंभीर मरीजों और गर्भवतियों को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था के तहत भूतल पर ही सीएचसी अधीक्षक डॉ. हेमंत के अनुसार दोनों व्यवस्थाओं की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं।

# रोटरी पर जाम का 'सिग्नल ग्रीन'

## ग्रीन कॉरिडोर में हनुमान सेतु और निशातगंज में बने रोटरी पर अभी से अटकने लगे वाहन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

शहर में ट्रैफिक जाम से निजात के लिए LDA (लखनऊ विकास प्राधिकरण) द्वारा ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा रहा है। एलडीए के अफसरों का दावा है कि ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण से ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। लेकिन ग्रीन कॉरिडोर में दो जगहों पर रोटरी का निर्माण हो रहा है, वहां ट्रैफिक जाम अभी से लगने लगा है। इसकी मुख्य वजह है कि रोटरी पर ग्रीन कॉरिडोर और शहर का ट्रैफिक का आकर मिल रहा है। इसके कारण रोटरी पर अभी से जाम की स्थिति बन रही है। यह रोटरी हनुमान सेतु, निशातगंज और आरआर कार्यालय के पीछे बनाया गया है। ऐसे में ग्रीन कॉरिडोर की रफ्तार को इन तीनों रोटरी पर आकर ब्रेक लगाना पड़ रहा है। साथ ही शहर में दौड़ रहा ट्रैफिक भी इन रोटरी पर आकर थम जा रहा है। ऐसे में ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में खराब इंजीनियरिंग का उदाहरण एक बार फिर देखने को मिल रहा है।

### पहले एलिवेटेड का था प्रस्ताव

ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले हनुमान सेतु और निशातगंज पर एलिवेटेड प्रस्तावित था। इन दोनों एलिवेटेड के निर्माण में करीब 400 करोड़ रुपये का बजट खर्च हो रहा था, लेकिन प्रोजेक्ट के खर्च को कम करने के मकसद से अधिकारियों ने यहां सामान्य सड़क बनाकर रोटरी के निर्माण का निर्णय लिया, जिससे शहर का ट्रैफिक ग्रीन कॉरिडोर पर पहुंच सके। लेकिन प्रोजेक्ट में फेरबदल कर LDA जाम मुक्त शहर के सपने पर पानी फेर रहा है। इन दोनों रोटरी पर सुबह-शाम भीषण ट्रैफिक जाम अभी से लगने लगा है। ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक और लोकल पुलिस को पीक ऑवर में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### चारों ओर का ट्रैफिक आकर आपस में टकरा रहा

### IIM रोड से समतामूलक तक बन रहा है कॉरिडोर



### परिवर्तन चौक और आईटी चौराहे का ट्रैफिक करेगा परेशान

हनुमान सेतु पर बन रहे रोटरी में अहम शहर के मुख्य दो चौराहे से आने-जाने वाला ट्रैफिक है। इसमें परिवर्तन चौक और आईटी चौराहे से आना वाला ट्रैफिक हनुमान सेतु पर बन रहे रोटरी पर जुड़ रहा है। इसी में डालीगंज और निशातगंज से ग्रीन कॉरिडोर से आने वाला ट्रैफिक भी इसी रोटरी पर मिल रहा है। ऐसे में चारों ओर से आ रहा ट्रैफिक यहां भीषण जाम की वजह बनने की ओर है।

### RR कार्यालय के पीछे भी जाम लगना हुआ शुरू

ग्रीन कॉरिडोर का तीसरा रोटरी आरआर कार्यालय के पीछे बंधा रोड पर बनाया गया है। यहां ट्रैफिक समतामूलक चौराहा, खुर्रम नगर और पेपर मिल कॉलोनी से आ रहा है। दूसरी ओर ग्रीन कॉरिडोर का सबसे ज्यादा ट्रैफिक इसी पॉइंट पर आकर उतरेगा। ऐसे में इस पॉइंट पर ट्रैफिक जाम का सबसे बड़ा जंक्शन होने की आशंका है। इसे लेकर राहगीरों का कहना है कि अगर रोटरी के साइज को कुछ छोटा कर दिया जाए तो जाम की स्थिति नहीं देखने को मिलेगी। साथ आरआर चौराहे के पास बने कट को भी बंद कर दिया जाए तो स्थिति बेहतर हो सकती है। यहां पर ट्रैफिक लोड काफी ज्यादा होगा।


### सिकंदरबाग चौराहा और महानगर का ट्रैफिक रोकेगा रास्ता

निशातगंज में संकल्प वाटिका के पास भी ग्रीन कॉरिडोर का रोटरी निर्माण हो रहा है। यहां भी शहर का ट्रैफिक रोटरी पर आकर मिल रहा है। इस पॉइंट पर सिकंदर बाग चौराहा और महानगर की ओर से आना वाला ट्रैफिक कॉरिडोर के रोटरी पर मिल रहा है। इसके बाद कॉरिडोर पर भी ट्रैफिक हनुमान सेतु और समतामूलक से आ रहा है। ऐसे में यहां भी चारों तरफ से ट्रैफिक मिल रहा है, जिसके चलते जाम की स्थिति बन सकती है।



### क्या है ग्रीन कॉरिडोर योजना

ग्रीन कॉरिडोर योजना के तहत गोमती नदी तट पर आईआईएम से लेकर किसान पथ तक करीब 28 किमी लंबाई में फोर लेन कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसका काम चार फेज में हो रहा है। पहले फेज का काम हरदोई-सीतापुर बायपास से पक्का पुल तक करीब सात किमी का है। दूसरा फेज में पक्का पुल से पिपराघाट तक करीब नौ किमी का है। तीसरा फेज पिपराघाट से शहीद पथ तक करीब छह किमी और चौथा फेज शहीद पथ से किसान पथ तक करीब छह किमी का है। इसमें पहले फेज पर करीब डेढ़ साल से आवागमन चालू है।



डालीगंज चौराहे पर भी ग्रीन कॉरिडोर का एक हिस्सा उतर रहा है।

> अभी रोटरी से ट्रैफिक मूवमेंट के लिए निर्माण करवाया जाएगा। अभी केवल रोटरी का स्वरूप खड़ा है। इन तीनों रोटरी पर निर्माण कार्य पूरा होने पर कहीं ट्रैफिक जाम नहीं होगा। बहुत स्मूथ ट्रैफिक रोटरी से निकल पाएगा।
>
> -ज्ञानेंद्र वर्मा, अपर सचिव, LDA

# जाम कम करने के लिए बढ़ेंगे 42 SI और 10 रेसर मोबाइल

### ट्रैफिक सुधार के लिए बड़ा ऐक्शन प्लान तैयार

### CP ने कहा, डायवर्जन बढ़ाएं और पार्किंग पर सख्ती बरतें

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने और आने वाले दिनों में ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस का लगातार प्रयास जारी है। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने शुक्रवार को यातायात पुलिस और नागरिक पुलिस की संयुक्त बैठक कर अतिरिक्त पुलिस बल, प्रभावी डायवर्जन प्लान, सख्त पार्किंग व्यवस्था और रोड इंजिनियरिंग सुधार जैसे अहम फैसले लिए गए। बैठक में सीपी के साथ जेसीपी एलओ बबलू कुमार, डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव, डीसीपी सेंट्रल, विक्रांत वीर, डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित मौजूद रहे।

सीपी कार्यालय में हुई इस गोष्ठी में शहर के प्रमुख और संवेदनशील ट्रैफिक मार्गों की समीक्षा की गई। बैठक में साफ किया गया कि राजधानी होने के कारण यहां धार्मिक आयोजनों, मेलों, वीआईपी मूवमेंट और बड़े कार्यक्रमों से लगातार यातायात पर दबाव बना रहता है, जिसे देखते हुए ट्रैफिक प्रबंधन को और मजबूत करना जरूरी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए समय से और अवसर विशेष डायवर्जन प्लान लागू किए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस को 10 अतिरिक्त रेसर मोबाइल और 42 सब इंस्पेक्टर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तत्काल नियंत्रित किया जा सके।





NBT ने नए साल पर शहर में लगने वाले जाम को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### रोड इंजिनियरिंग से जुड़ी खामियां होंगी दूर

बैठक में यातायात सुधार के लिए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और एलडीए से समन्वय बनाकर रोड इंजिनियरिंग से जुड़ी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आयोजकों के साथ बैठक कर ट्रैफिक सहयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### टोइंग वाहनों की बढ़ेगी संख्या

पार्किंग व्यवस्था को लेकर सीपी ने सख्त रुख अपनाते हुए नो-पार्किंग जोन में प्रभावी कार्रवाई और क्रेन व टोइंग वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग तय करने को भी कहा गया, ताकि एक ही सड़क पर ट्रैफिक का दबाव न बढ़े।

### बिना अनुमति आयोजनों पर रोक

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी कार्यक्रम या आयोजन की अनुमति तभी दी जाएगी, जब आयोजक पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक मार्शल तैनात करेंगे। नियमों का पालन न होने पर आयोजन की अनुमति निरस्त मानी जाएगी। इसके अलावा आमजन को ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी सोशल और प्रिंट मीडिया के जरिए पहले से साझा करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग योजना बनाकर घर से निकलें और जाम की स्थिति से बचा जा सके।

# लोहिया में हाईटेक कैथ लैब शुरू

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया उद्घाटन, तीन हुई कैथ लैब की संख्या

■ NBT न्यूज, लखनऊ : दिल के मरीजों का राम मनोहर लोहिया संस्थान में अब और सटीक इलाज मिल सकेगा। हृदय रोग विभाग में लगभग 8.50 करोड़ रुपये की लागत से नई कैथ लैब का उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को उद्घाटन किया। विभाग में अभी तक रोजाना अधिकतम 25 एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर से जुड़े इलाज किए जा रहे हैं। नई कैथ लैब से इनकी संख्या बढ़कर 40 हो जाएगी। इससे दिल के मरीजों को वेटिंग भी कम होगी। सर्दी के मौसम में बढ़ते हार्ट अटैक मामलों और अस्पतालों पर बढ़ते रेफरल दबाव के बीच कैथ लैब को बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

**गेम-चेंजर होगी नई कैथ लैब:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले के मुकाबले अब रोजाना डेढ़ गुना ज्यादा मरीजों को इलाज मिल सकेगा। नई कैथ लैब हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग सिस्टम, अडवांस्ड इंटरवेंशनल टेक्नॉलजी और अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सुविधाओं से लैस है। इससे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और अन्य जटिल कार्डियक प्रक्रियाएं ज्यादा सटीकता और कम समय में संभव होंगी। खासकर, हार्ट अटैक मामलों में यह सुविधा गेम चेंजर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस है कि गंभीर हृदय रोगियों को बड़े संस्थानों में रेफर करने के बाद इलाज में देरी न हो। इसी सोच के तहत लोहिया संस्थान में तीसरी कैथ लैब शुरू की गई है। उन्होंने भरोसा दिया कि कार्डियोलजी विभाग को जरूरत के अनुसार सभी आधुनिक उपकरण और तकनीकी सहयोग मुहैया करवाए जाएंगे।



### क्यों अहम है तीसरी कैथ लैब?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

लोहिया संस्थान के कार्डियोलजी विभाग के बेड़े में अब तीन कैथ लैब हो गई हैं। नई कैथ लैब इसलिए अहम है, क्योंकि यह हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग सिस्टम, अडवांस्ड इंटरवेंशनल टेक्नॉलजी और अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सुविधाओं से लैस है। पहले की दो कैथ लैब तकरीबन एक दशक पुरानी हैं। डॉक्टरों का कहना है कि नई कैथ लैब से और सटीक इलाज हो सकेगा।

# 17 चक्कर काटने के बाद भी नहीं उतर पाया विमान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : घने कोहरे की वजह से शुक्रवार को हवाई और रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। दिल्ली से लखनऊ आ रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान 17 बार कोशिश के बावजूद अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। लैंडिंग की नाकाम कोशिशों से यात्रियों में घबराहट फैल गई। आखिरकार विमान को वापस दिल्ली लौटना पड़ा। यही विमान लखनऊ पहुंचने के बाद रियाद के लिए रवाना होता है, इसलिए लखनऊ से सुबह 8 बजे रियाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान IX-189 को रद्द करना पड़ा।

> कोहरे के कारण आई दिक्कत, यात्रियों में मचा हड़कंप

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली से सुबह 6:30 बजे लखनऊ आने वाली उड़ान IX-2171 लो विजिबिलिटी के कारण नहीं उतर सकी। मुंबई से रात 12:35 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान 6E-5264 करीब 45 मिनट देरी से पहुंची। रियाद से सुबह 9 बजे आने वाली फ्लायनास की उड़ान XY-333 दोपहर 2:25 बजे लखनऊ पहुंची। कुल 28 उड़ानें प्रभावित रहीं।

**तेजस एक्सप्रेस फिर कैंसल** कोहरे से रेल यातायात प्रभावित हुआ। शुक्रवार को तेजस एक्सप्रेस दोनों ओर से रद्द कर दी गई। इसके अलावा गोमती, अमरनीवी, फरक्का, आम्रपाली और अयोध्या एक्सप्रेस समेत 35 से अधिक ट्रेनें दो से 15 घंटे की देरी से चलीं।

### केबल फॉल्ट से पांच हजार उपभोक्ताओं की बिजली गुल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : केबल फॉल्ट की वजह से न्यू आलमबाग उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को दोपहर बाद ठप हो गई। करीब पांच हजार की आबादी इस फॉल्ट की वजह से बिजली के लिए परेशान रही। देर शाम तक बिजली नहीं आने की वजह से पेयजल का संकट खड़ा हो गया। कड़ाके की ठंड में बिजली न आने से लोग परेशान हुए। शुक्रवार दोपहर 12 बजे बिजली गुल गई। काफी देर के बाद भी बिजली नहीं आई तो लोगों ने उपकेंद्र और हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया। शाम साढ़े छह बजे के बाद फॉल्ट दुरुस्त करने में सफलता मिली, जिसके कुछ देर के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

### ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद लिस्ट में नाम देख सकेंगे वोटर


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में SIR के तहत गणना प्रपत्र भरने वाले मतदाता ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वोटर लिस्ट में अपना नाम देख सकेंगे। SIR कार्यक्रम 6 जनवरी तक चलेगा। जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, उनके लिए अभी चार दिन का समय बचा है। इस दौरान वे अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा कर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा सकते हैं। एडीओ अमय किशोर ने बताया कि जिन मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा कर दिए हैं, वे SIR की मियाद खत्म होने पर ही वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकेंगे।

# बच्चों के लिए नगर निगम बनाएगा कान्हा स्कूल

GOOD न्यूज

## कान्हा उपवन में शिक्षा की नई पहल, नर्सरी से कक्षा आठ तक होगा, जमीन चिह्नित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम छोटे बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कान्हा उपवन गोशाला, अमौसी के पास एक नए कॉन्सेप्ट पर आधारित कान्हा स्कूल का निर्माण कराएगा। यह स्कूल नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए होगा और इसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। योजना को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंजूरी दे दी है। स्कूल निर्माण के लिए करीब 80 हजार वर्ग मीटर भूमि भी चिह्नित कर ली गई है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि यह स्कूल विशेष रूप से छोटे बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। यहां नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र पढ़ाई कर सकेंगे, जिससे बच्चों को प्रारंभिक और प्राथमिक शिक्षा एक ही परिसर में मिलेगी। कान्हा स्कूल को एक मॉडल एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के तौर पर तैयार किया जाएगा। इसका उद्देश्य ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना है, जिसे आगे चलकर शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जा सके। स्कूल में आधुनिक कक्षाएं, बच्चों के अनुकूल सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा।





AI Image

### अलीगंज में बनेगी शहर की सबसे बड़ी लाइब्रेरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ में शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि अलीगंज में लखनऊ की सबसे बड़ी लाइब्रेरी विकसित की जाएगी। यह लाइब्रेरी डिजिटल और मैन्युअल होगी। यहां आधुनिक ई-लर्निंग संसाधन, डिजिटल कैटलॉग, ऑनलाइन जर्नल्स के साथ-साथ पारंपरिक पुस्तकों का विशाल संग्रह उपलब्ध रहेगा। शहर के अन्य हिस्सों में पढ़ाई की सुविधा को समान रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जोन-8 और जोन-7 में भी एक-एक नई लाइब्रेरी बनाई जाएगी।

### इंडोर गेम्स को मिलेगा बढ़ावा

लुलु मॉल के पास हरिहरपुर क्षेत्र में नगर निगम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने जा रहा है। नगर आयुक्त के अनुसार यह कॉम्प्लेक्स पूरी तरह इंडोर गेम्स के लिए होगा। यहां चार टेनिस कोर्ट, चार बैडमिंटन कोर्ट, स्क्वैश कोर्ट समेत कई अन्य आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि परियोजना का काम अडवांस स्टेज में है और टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

### बनेगा नया नगर निगम कार्यालय

जोन-7 के मानस नगर क्षेत्र में नगर निगम का नया और बड़ा कार्यालय भी बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। मानस नगर इंदिरा नगर के पिकनिक स्पॉट रोड पर है।




# कॉलेजों को 5 तक भेजने होंगे प्रैक्टिकल के अंक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**एकेटीयू ने जारी किया आदेश, विवि के ईआरपी पोर्टल पर करना होगा अपलोड, 12 तक भेजनी होगी हार्ड कॉपी**

एकेटीयू में चल रही परीक्षाओं के प्रैक्टिकल के अंक अब पांच जनवरी तक कॉलेजों को विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने हैं। विवि की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। सभी कॉलेजों के निदेशकों को निर्देश दिया गया है कि बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर छोड़कर बाकी सभी पाठ्यक्रम के छात्रों के सेशनल व प्रैक्टिकल के अंक विवि के ईआरपी पोर्टल पर अपलोड कर दें।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नागरिया ने बताया कि अंकों के ब्योरे की हार्ड कॉपी 12 जनवरी तक विवि को भेजनी है। विवि में 23 जनवरी से सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हुई है। गौरतलब है कि इस बार विवि की ओर से प्रैक्टिकल परीक्षाओं में काफी सख्ती की गई है। प्रैक्टिकल कराने वाले सभी कॉलेजों को प्रैक्टिकल की फोटो तक वेबसाइट पर मांगी गई है। परीक्षाओं में पारदर्शिता बरतने के लिए विवि की ओर से यह बदलाव किया गया है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा-बहराइच।

पत्रांक:- 1930/स0वि0/के0वि0/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.12.2025

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा बहराइच द्वारा ए, बी, सी, डी, एवं ई श्रेणी में पंजीकृत एवं अनुमोदित तथा अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर निविदा राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त/15वां वित्त क्षेत्र पंचायत अंश से निम्न शर्तों पर आमंत्रित की जाती है। निम्न कार्यों की निविदाएं दिनांक 21.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है निविदा फार्म / बिड विकास खण्ड चित्तौरा कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा धनराशि जमा कर निविदादाता द्वारा दिनांक 21.01.2026 दिन बुधवार तक विकास खण्ड कार्यालय में प्रात: 10:00 बजे से 02:00 बजे तक अपनी मुहर बन्द निविदा बाक्स में डालेंगे। तदोपरान्त 21.01.2026 अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं/ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी | निविदा/बिड का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | **राज्य वित्त आयोग** | | | | | |
| 1 | टेपरहा | मेन रोड से पशु आश्रय स्थल तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 2 | शेखबापुर | शेखबापुर के हाजीबिलावल में दुखहरन शर्मा के घर से मुख्य मार्ग तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 3 | गोपुरकला | गोपुरकला में डामर रोड से सुशील श्रीवास्तव के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 4 | राजापुरमाफी | राजापुरमाफी में वृद्धा आश्रम से मुजफ्फर के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 5 | मोहरना | मोहरना में प्रताप नरायन वर्मा के खेत से कामता वर्मा के बाग तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 6 | मोहरना | मोहरना में पाण्डेय पुरवा से प्रताप नरायन वर्मा के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 7 | नव्वाहट्टी | कठहना वाजीनगर में महंगू के घर से रौनदास के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 8 | ऊंचवापुरैनी | दिलदार नगर में खंदू के घर से राजकिशोर के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 9. | अलीनगर गारीह | बाबादीन के घर से रमेश के घर के पास तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 10. | ब्लाक कार्यालय | ब्लाक कार्यालय में खण्ड विकास अधिकारी कक्ष का मरम्मत /साज सज्जा कार्य। | राज्य वित्त | 990000.00 | 99000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 11 | ब्लाक कार्यालय | विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट का स्थापना कार्य। | राज्य वित्त | 300000.00 | 30000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 12 | गोविन्दापुर | गोविन्दापुर में प्रज्ञा ट्रेडर्स के दुकान से बड़े लाल के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 13 | धरसवां | धरसवां में चित्तौरिया सम्पर्क मार्ग से बब्बू पुरवा होते हुए पूर्वी हरजन कालोनी तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 14 | इटौंहा | इटौंहा के रेवली में पिच रोड से हरीराम के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 15 | ककराहेवाड़ा | ककराहेवाड़ा में राम भरोसे के घर से जगदीश पासी के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 16 | ककराहेवाड़ा | ककराहेवाड़ा में पहलवान राव के घर से फूलचन्द के घर की तरफ खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 17 | सिंगहा | सिंगहा में डामर रोड से रफीक अली के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 18 | बिशुनपुर राजू | बहराइच चित्तौरा मार्ग से सुमित जिन्दल के प्लाट तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 19 | परसौला | डामर रोड से बुद्धा स्कूल आश्रम स्थल तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 20 | रसूलपुर सरैया | सूरज के घर से गोविन्द पाठ स्थान से होते हुए मंगल के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 21 | कल्लीपारा | ग्राम पंचायत कल्लीपारा के मझारनपुरवा में अम्बेडकर पार्क की बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997001.00 | 99700.10 | 800.00 | 3 माह |
| 22 | डीहा | चन्द्रावती के खेत से सिलरौली बाबीर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 23 | डीहा | समयदेई के खेत से कृष्ण बहादुर के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 24 | डुहा | डुहा में इन्दल के घर से प्राथमिक विद्यालय तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 996000.00 | 99600.00 | 800.00 | 3 माह |
| 25 | डुहा | डुहा साहबा के घर से सहदेव के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 26 | उमैला | पुत्तु के घर से ललन के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 27 | बक्शीपुरा | बक्शीपुरा नई बस्ती में अंकित सिंह के घर से अभिषेक तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 28 | अशोका | अशोका में शकुन्तला स्कूल से मतपुर के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 29 | अशोका | अशोका में विनोद वर्मा के बाग से रमेश वर्मा के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 30 | टेढ़िया | नानपारा बहराइच मार्ग से समशान घाट तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 31 | बाईबिलासा | सूरजापुर भाजी डामर रोड से आनंद पब्लिक स्कूल तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 32 | सिटकहना जोत केशव | मुनीश कुमार के घर से धर्मपाल के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 33 | धरसवां | राजाराम के घर से देवीराम के घर तक की तरफ खड़न्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 34 | बजीपुर | चित्तौरा बहराइच मार्ग से बजीरगंज की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 35 | परसौला | राजेंद्र यादव के घर से विनोद वर्मा के घर की तरफ खड़न्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 36 | जगतापुर | दुबे पुरवा में सरकता ज्ञानज्योतिक सेन्टर के सामने से रामसनेही के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 37 | अहिरौरा | ग्राम ललपुरवा में शौचालय के घर से जुनियर विद्यालय के आगे तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 38 | जगतापुर | जगतापुर में अमित मौर्य के घर से राज कुमार के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 39 | खालीलपुर बेरिया | पुलिया से सुशील श्रीवास्तव के खेत की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 40 | खालीलपुर बेरिया | बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति लि0 का मरम्मत एवं सुदृढीकरण का कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 41 | ब्लाक परिसर | विकास खण्ड कार्यालय का मरम्मत व साज सज्जा का कार्य | राज्य वित्त | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 42 | ब्लाक परिसर | ब्लाक कैंपस में शौचालय निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 800000.00 | 80000.00 | 800.00 | 3 माह |
| | | **15वां वित्त आयोग (टाईड)** | | | | | |
| 1 | लालबहुराई | डामर रोड से प्रवीन सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 2 | मोहरना | सुंदर यादव के कुआ से पक्की सड़क तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 3 | रसूलपुर सरैया | संतोष के घर से दिनेश पाण्डेय के घर होते हुए अमरदीप के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 4 | रेहवान | रेहवान में रामपुरा मौर्या के खेत से पूर्व कूप अवधेश अंगद पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 5 | रेहवान | रेहवान आर0सी0सी0 रोड विश्राम आर्या के घर से गुड्डू कश्यप के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 6 | कल्लीपारा | ग्राम पंचायत कल्लीपारा में कल्ली पारा कालोनी में नरेश सिंह के दुकान की दुकान से पुष्पा देवी मन्दिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997001.00 | 99700.10 | 800.00 | 3 माह |
| 7 | डुहा | डुहा में होली प्रजापति के घर से बालेश्वरी कोरी के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 8 | उमैला | उमैला में शिवपूजन यादव के घर से दुर्गा पूजा स्थल तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 9 | छावनी सरकार | छावनीसरकार में दुबेपुरवा सम्पर्क मार्ग से अनिल कुमार के प्लाट तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 10 | लालबहुराई | लालबहुराई में डामर रोड से जय प्रकाश के घर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 11 | कटरा बहादुर गंज | कम्पोजिट विद्यालय कटरा बहादुरगंज में आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 12 | परसौला | कम्पोजिट विद्यालय परसौला में आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 13 | परसौला | बुद्धा स्कूल ऑफ साइंस में आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 14 | बारागुन्नू | प्राथमिक विद्यालय बारागुन्नू में आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 15 | बहादुरपुर | ग्राम पंचायत बहादुरपुर में दुर्गा मन्दिर पर आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 16 | अहिरौरा | ग्राम पंचायत अहिरौरा में बुढ़वा बाबा मन्दिर पर आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 17 | खालीलपुर बेरिया | ग्राम पंचायत खालीलपुर बेरिया में समय माता मन्दिर पर आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 18 | धरसवां | ग्राम पंचायत धरसवां में गोंडे बाबा मन्दिर पर आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 19 | नगरौर | ग्राम पंचायत नगरौर में हनुमान मन्दिर पर आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 20 | चिलवरिया | ग्राम पंचायत चिलवरिया में श्री राम जानकी मन्दिर के पास आर0 ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 21 | बरौंधा भटौली | ग्राम पंचायत बरौंधा भटौली में राम जानकी मन्दिर के पास आर0ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 22 | उमैला | ग्राम पंचायत उमैला में हनुमान जी मन्दिर के पास आर0ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 23 | उमैला | ग्राम पंचायत उमैला में शकुंतला मेमोरियल स्कूल में आर0ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 24 | मोहरना | ग्राम पंचायत मोहरना में रामलीला मैदान शिव मन्दिर के पास आर0ओ0 व वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 25 | कारिया | ग्राम पंचायत कारिया में समय माता मन्दिर के पास आर0ओ0 व वाटर कूलर की स्थापना कार्य। | 15 वां वित्त टाईड | 400000.00 | 40000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 26 | ककराहेवाड़ा | कैमीपक में लखन के घर से गोरे के घर के तरफ तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 997000.00 | 99700.00 | 800.00 | 3 माह |
| 27 | ककराहेवाड़ा | अयोध्या विश्वकर्मा के घर नियाज अली के घर के तरफ इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 28 | ककराहेवाड़ा | ककराहेवाड़ा-कैमीपक में बाबली शुक्ल के घर से महुआ तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 29 | ककराहेवाड़ा | मरवाहा में रामप्रगट के घर से बासुदेव के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 30 | बारागुन्नू | किशोरी लाल के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 31 | मोहरना | मोहरना में गड्डे यादव के हाता से राम तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 32 | सिटकहना जोत केशव | विजयपुर सेमरा मार्ग से अम्बिका प्रसाद के घर की तरफ इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15 वां वित्त टाईड | 995000.00 | 99500.00 | 800.00 | 3 माह |
| | | **15वां वित्त आयोग (अनटाईड)** | | | | | |
| 1 | परसौला | मुसाफा चौराहा पर चित्तौरा रोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 2 | उमैला | शकुन्तला मेमोरियल स्कूल पर उमैला में यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 3 | खालीलपुर | बेरिया मन्दिर के पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 4 | अशोका | अशोका में सरायपरा चौराहा पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 5 | डीहा | डीहा लाल नगर के पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 6 | मसीहाबाद | सुहेल देव स्मारक के पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 7 | अलीनगर गारीह | दौलकहा पुलिस बूथ के पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 8 | बिशुनपुर राजू | अंबेडकर पार्क के सामने चित्तौरा रोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |
| 9 | उमैला | शकुंतला मेमोरियल स्कूल के पास यात्री शेड निर्माण कार्य। | 15 वां वित्त अनटाईड | 999000.00 | 99900.00 | 800.00 | 3 माह |

**नियम व शर्तें:-** 01. कुल जमानत राशि 10 प्रतिशत जिसमें 5 प्रतिशत राशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर के रूप में खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा बहराइच के नाम बन्धक करते हुए निविदा के साथ संलग्न करना होगा शेष 5 प्रतिशत जमानत राशि भुगतान के समय भुगतान राशि से काटी जायेगी जो की कार्य पूर्ण होने के 6 माह बाद वापस की जायेगी। 02. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 03. निविदा पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरलेखन मान्य नहीं होगा। 04. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक है। 05. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 06. कार्य आदेश धनराशि के उपलब्धता के अनुसार जारी किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
चित्तौरा-बहराइच।


## हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

# लखनऊ फाल्कन और मिड विंटर पहुंची सेमीफाइनल में

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ

दिलकुशा ग्राउंड पर शुक्रवार को तीन धमाकेदार मुकाबले खेले गए। जिसमें लखनऊ फाल्कन और मिड विंटर ने जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज को शिकस्त देकर उत्तर प्रदेश पुलिस ने क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया।

लखनऊ फाल्कन और लखनऊ यूथ के बीच खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में चौथे मिनट में ही फाल्कन की ओर से अभिजीत ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के 52वें और 53वें मिनट में मिले दो मौकों पर फाल्कन के विहान ने गोल में तब्दील कर यूथ को मुकाबले में पीछे धकेल दिया। इसके बाद अंत तक यूथ आक्रमण कर गोल बराबरी का प्रयास करता लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। जिसके चलते लखनऊ फाल्कन ने 3-0 से मुकाबला जीत लिया। वहीं, मिड विंटर और एसोल अरीन के मध्य खेले गए मुकाबले में मिड विंटर से 10वें मिनट में सुधांशु और 59वें मिनट में शिवांश ने एक-एक गोल कर टीम को 2-0 से जीत दिलाई। अंत तक दोनों टीमों के बीच यह अंतर बना रहा।

शुरुआती मुकाबले में गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाफ यूपी पुलिस ने 1-0 की बढ़त लेकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। यूपी पुलिस से सैयद ने पहले हाफ के नौवें मिनट में साथी खिलाड़ी के पास गोल में तब्दील कर टीम की ओर से एकमात्र विजयी गोल दागा। स्पोर्ट्स कॉलेज ने इसके बाद यूपी पुलिस को एक भी गोल नहीं करने दिया, लेकिन स्पोर्ट्स कॉलेज यूपी पुलिस पर गोल करने में भी असफल रहा, जिसके चलते 1-0 के अंतर से यूपी पुलिस ने जीत हासिल की।



दिलकुशा ग्राउंड पर तीन धमाकेदार मुकाबले खेले गए।

## सलमान की पारी से संदीप अकैडमी जीती

**BBD सी डिवीजन लीग**

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पर्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर विकेट कीपर सलमान अली की नाबाद शतकीय पारी के बाद अभिषेक सोनी (4/4) और उत्कर्ष दुबे (3/4) की घातक गेंदबाजी के दम पर संदीप क्रिकेट अकैडमी ने 215 रन से बड़ी जीत दर्ज की। संदीप अकैडमी ने पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में सात विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में लखनऊ स्पोर्ट्स क्लब 49 रन पर सिमट गया। सलमान ने 46 गेंद में 10 चौके 8 छक्कों की मदद से 107 रन की नाबाद पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। अन्य मुकाबले में सीएसडी सहारा क्रिकेट स्टेडियम बीकेटी ने ट्रंप स्टालियंस क्रिकेट क्लब को 81 रन पर रोक कर 190 रन से जीत हासिल की।

### ये भी जीते

- मेहता क्रिकेट क्लब ने ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ग्रुप को 74 रन रोककर 99 रन से जीत हासिल की।
- रेफॉन स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ आर्य क्रिकेट अकैडमी 6 विकेट से जीता।
- गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन के खिलाफ 57 रन से मुकाबला जीता।

**मुकाबला हुआ रद्द:** सर्द हवाओं और कोहरे के चलते आर्यवर्त कॉलेज पर हिन्दुस्तान पावर क्रिकेट और आर्यवर्त क्रिकेट अकैडमी के बीच मुकाबला कम रोशनी के चलते रद्द हो गया। वहीं, प्लेनेट ग्राउंड पर डिवाइन क्रिकेट क्लब को वॉकओवर से जीत मिली।

## टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ को मिली स्पॉन्सरशिप

■ NBT न्यूज, लखनऊ: देश के नंबर एक खिलाड़ी रह चुके शहर के स्टार टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ के सपनों को अब पंख मिलेंगे। कौस्तुभ को एक इंटरनैशनल कंपनी से स्पॉन्सरशिप मिली है। उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उनके प्रशिक्षक उबैद ने बताया कि कौस्तुभ अंडर 14 आयु वर्ग में देश के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हैं। इससे पहले वह अंडर 14 आयु वर्ग में ही देश के नंबर एक खिलाड़ी भी रह चुके हैं। वर्तमान में अंडर 14 के साथ कौस्तुभ अंडर 16 आयु वर्ग में भी खेल रहे हैं और भारत में 30वीं रैंक पर हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में वह तीसरे पायदान के खिलाड़ी हैं।

## एनपीसी ने जीती ट्रॉफी



**डॉ. पीसी मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट**

■ NBT न्यूज, निगोहां: निगोहां के एसएनटी मैदान में आयोजित डॉ. पीसी मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को फाइनल में एनपीसी की टीम ने उन्नाव की रानू प्रधान इलेवन को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर एनपीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में रानू प्रधान इलेवन ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 92 रन ही बना सकी।

मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में टूर्नामेंट के आयोजक अंकुर मिश्रा ने विजेता टीम एनपीसी को 5 फुट ऊंची ट्रॉफी और 1,51,000 रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता रानू प्रधान इलेवन को ट्रॉफी के साथ 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का खिताब विजेता टीम के मो. सैफ को दिया गया। फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अनिकेत को मिला, जिन्होंने नाबाद 18 रन बनाए और 2 विकेट हासिल किए।


**U.P. CO-OPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD.**
9-A, Rana Pratap Marg, Lucknow. Telephone: (0522) 2200183, 2628310 Fax: (0522) 2627994

**Short Term e-Auction Notice on GEM Portal**

Online E-Auctions on **GEM Portal** are invited for sale of free molasses in steel tanks from Co-operative sugar mills of U.P. to bonafide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Prayagraj, U.P. **E-Auction can be uploaded up to 10.00 AM. on 01.01.2026.**

| S.No | Particulars | Start Date and Time | End Date and Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Document and EMD deposit upload time | 01.01.2026 10.00 AM | 05.01.2026 10.00 AM |
| 2. | Evaluation | 05.01.2026 10.05 AM | 05.01.2026 06.00 PM |
| 3. | Auction Start | 06.01.2026 10.00 AM | 07.01.2026 10.00 AM |

The e-Auctions EMD is Rs. 20 per quintals. Total quantity for sale of free C-Heavy molasses 733000.00 quintals. The details for submission of e-Auctions on GEM Portal will be available on the e-auction portal **https://gem.gov.in** and also on Federation website **www.upsugarfed.org** from 01.01.2026 at 10.00AM. The Federation reserves the right to cancel any or all the e-Auctions without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding. इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **https://gem.gov.in** एवं **www.up sugarfed.org** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट्स को पढ़ते रहें।

Managing Director

**Online e-Tender Notice**

The e-Bids EMD is Rs. 20 per quintals. Online e-Bids are invited for the sale of levy C-heavy molasses **165500**.00 quintals from Co-operative Sugar Mills of U.P. to bonafide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Allahabad, U.P. E-Tender can be uploaded up to **6.55 P.M on dt. 05.01.2026**, Technical & Financial Bid will be opened on **06.01.2026 at 10.00 AM, 2:00 PM** respectively.

The **e-Tender** fee is Rs.2360/- (incl. GST). The amount of fee and Earnest money in favour of U.P. Cooperative Sugar factories Federation Ltd., Lucknow through RTGS/NEFT. The bank details are available in the **Tender** form. The details for submission of e-Bids will be available on the e-Bids portal **http://eTender.up.nic.in** and also on Federation website **www.upsugarfed.org** from **02.01.2026 at 6.55 P.M.** The Federation reserves the right to cancel any or all the e-Tender without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding. इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **http://eTender.up.nic.in** एवं **www.upsugarfed.org** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट्स को पढ़ते रहें।

Date -02.01.2026 MANAGING DIRECTOR


## अंतरराष्ट्रीय शटलर तनीषा ने साझा किए अनुभव



■ NBT न्यूज, लखनऊ: शहर की बेहतरीन शटलर तनीषा सिंह ने नए साल का आगाज एक्सीलिया बैडमिंटन अकैडमी में प्रशिक्षुओं से अपने अनुभव साझा कर किया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी तनीषा ने एक्सीलिया अकैडमी में प्रशिक्षुओं से बात की और अपने संघर्ष और शुरुआती दिनों को याद किया। इस दौरान अकैडमी के प्रशिक्षुओं ने भी खेल और पढ़ाई के साथ सामंजस्य, स्कूल जाने, प्रशिक्षण के तौर-तरीके से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। मौके पर अकैडमी कोच देवेंद्र कौशल, निदेशक आशीष पाठक, प्रधानाचार्य मीनू श्रीवास्तव, शालिनी पाठक, प्रवीण पांडेय ने तनीषा का स्वागत किया। उनके साथ उनके पिता योगेश सिंह और माता पूनम सिंह मौजूद रहे।


TIMES interact — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

ई-नीलामी सूचना

[illegible] www.salvorsettlers.com [illegible]

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

**NOTICE**

I, Shaukat Rai Neb S/o Tirth Ram Neb R/o 35/1, G1 Shubhanjali Appartment, Tagore Town, Allahabad, UP-211002. By mistake my wife's name is wrongly written in my service record as Mrs. Janak Neb her Correct Name is Mrs. Manju Neb for all future purposes. She is dependent on me.

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

लखनऊ

ABRAR Nagar, Lko: For Sale 4-BHK Independent House. Plot area is 1800 sqft. Nearby school/hosp/mkt. Wide road. Prime location. Call-7007876466

भर्ती

रिक्त पद

लखनऊ हजरतगंज में ऑफिस ब्वॉय की आवश्यकता है। सफाई, चाय / पानी की व्यवस्था शामिल है। मोबाइल नंबर - [illegible]

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact — CATEGORY » SERVICE — Publication: TOIL+KNP+TOILC+ALLVAR+ETL+NBTL

ROL sample ad 5 lines — CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

Contact:
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274


## अमरनाथ की हैटट्रिक से चारबाग क्वॉर्टर फाइनल में

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अमरनाथ सहाय की हैटट्रिक के दम पर शुक्रवार को चारबाग डिपो ने यूपीएसआरटीसी इंटर डिपो नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में एसएम ऑफिस को 79 रनों से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। कालिन ताल्लुकेदार्स के मैदान पर खेले गए टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज अमरनाथ सहाय ने 13 और मो. अशरफ के 57 रन की बदौलत चारबाग डिपो ने 123 रन बनाए। जवाब में एसएम ऑफिस की टीम 44 रन ही बना सकी। अमरनाथ सहाय हैट-ट्रिक लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। अन्य मैच में आलमबाग डिपो ने आरएम ऑफिस को छह विकेट से हराया। वहीं, यूपीएम सुपर किंग्स के 82 रनों के जवाब में बाराबंकी डिपो 63 रन ही बना सकी और 19 रन से मैच गंवा दिया।

## महिला क्रिकेटरों का कैंप आज से

■ NBT न्यूज, लखनऊ: फरवरी और मार्च में वनडे सीरीज से पहले यूपी की दिग्गज महिला क्रिकेटरों का शहर में जमावड़ा लगेगा। सीनियर और अंडर 23 की महिला क्रिकेटरों का फिटनेस कैंप शनिवार से शेन क्रिकेट ग्राउंड पर लगने जा रहा है। यूपी महिला क्रिकेट सेलेक्शन कमिटी की सदस्य प्रियंका शैली ने बताया कि वन डे सीरीज से पहले सीनियर और अंडर 23 खिलाड़ियों का 10 दिवसीय कैंप शुरू होगा। जहां पर सभी महिला क्रिकेटर अपनी अंतिम तैयारियों को परखेंगी। प्रियंका शैली ने बताया कि यह एक फिटनेस कैंप होगा।

## चौक में फुटबॉल प्रतियोगिता 10 से

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पहला हेमचंद्र जोशी अंडर-18 फुटबॉल टूर्नामेंट 10 और 11 जनवरी को चौक स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि 12 जनवरी से मरकंड सिंह और रविंद्र पाल (स्वर्ण पदक विजेता, हॉकी ओलिंपिक) की याद में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता चौक स्टेडियम पर खेली जाएगी।

## रेलवे मनोरंजन संस्थान का हुआ कायाकल्प

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बादशाहनगर स्थित रेलवे मनोरंजन संस्थान का कायाकल्प किया गया है। यह संस्थान शारीरिक फिटनेस, मानसिक विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विशेष है। इसमें अब सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, शौचालय सुविधा, डांस व जिम्नास्टिक हॉल की भी व्यवस्था है। साथ ही राइफल शूटिंग रेंज भी है। पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि इसको डीआरएम गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में नए सिरे से तैयार किया गया है।

# KGMU में 20 फीसदी बढ़ गए जोड़ों के मरीज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सर्दी बढ़ते ही जोड़ों के दर्द और गठिया से पीड़ित मरीजों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में जोड़ों के मरीजों की संख्या 20% तक बढ़ गई है। ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के सुपरिंटेंडेंट डॉ. कुमार शांतनु ने बताया कि ओपीडी में रोज 400 मरीज आते हैं जिसमें से आधे से अधिक जोड़ों के मरीज होते हैं। उन्होंने बताया कि जहां पहले 150 जोड़ों के मरीज आते थे, अब इनकी संख्या बढ़कर करीब 200 तक हो गई है।

उन्होंने बताया कि तापमान गिरने के साथ हड्डियों और जोड़ों में जकड़न, सूजन और दर्द बढ़ जाता है। हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार का कहना है कि ज्यादातर मरीज शुरुआत में गर्म तेल, पट्टी या घरेलू नुस्खों से राहत पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन असर न होने पर अस्पताल पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि ठंड का असर गठिया रोगियों पर अधिक पड़ता है और आने वाले दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या और बढ़ेगी।

**ठंड में क्यों बढ़ती है जोड़ों की समस्याएं?**

डॉ. शांतनु ने बताया कि सर्द मौसम में शरीर का तापमान गिरते ही नसें सिकुड़ने लगती हैं, जिससे रक्त संचार धीमा पड़ जाता है। डॉ. अभिषेक अग्रवाल बताते हैं कि गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस और पुरानी चोट वाले मरीजों को ठंड सबसे अधिक प्रभावित करती है। तापमान कम होने पर जोड़ के लुब्रिकेंट्स घट जाते हैं, जिससे घर्षण बढ़ता है और दर्द तेज महसूस होता है। डॉ. आशीष कुमार के मुताबिक, तापमान कम होने पर बोन-जॉइंट गैप और कार्टिलेज पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे दर्द की तीव्रता दोगुनी महसूस होती है। गठिया के कुछ मरीजों में ठंड के कारण सुन्नपन और हल्की सूजन भी देखने को मिलती है। खासकर बुजुर्ग, डायबीटीज, मोटापे और विटामिन-डी की कमी वाले मरीज ज्यादा प्रभावित होते हैं।

## सर्दी बढ़ने के साथ हड्डियों और जोड़ों में जकड़न, सूजन की बढ़ी समस्या

AI Image



### ठंड में प्रमुख समस्याएं

●गठिया का दर्द बढ़ जाता है ●जोड़ों में जकड़न और सूजन ●पुरानी चोटों का दर्द उभरता है ●मांसपेशियों में खिंचाव और अकड़न ●घुटने और कमर में तेज दर्द ●रक्त संचार धीमा होने से सुन्नपन

### कैसे करें बचाव?

●शरीर को गरम रखें, खासकर घुटने और कमर को ढक कर रखें।
●हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या स्ट्रेचिंग नियमित करें।
●गर्म पानी से सिकाई (हॉट फोमेंटेशन) करें।
●विटामिन-डी और कैल्शियम का स्तर जांचते रहें।
●लंबे समय तक एक ही मुद्रा में न बैठें।

### उपचार क्या होना चाहिए?

●दर्द बढ़ने पर घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने के बजाय समय पर डॉक्टर को दिखाएं।
●जरूरत के अनुसार पेन रिलीफ दवाएं और एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाएं डॉक्टर की सलाह पर लें।
●अल्ट्रासाउंड थेरपी, आईएफटी या वॉर्म थेरपी काफी लाभ देती है।
●गठिया की पुरानी तकलीफ है, तो मौसम बदलते ही नियमित दवाओं का सेवन जारी रखना चाहिए।
●दर्द बढ़ने पर ठंडी सतह से बचें और पूरी तरह आराम न करें, हल्की मूवमेंट जारी रखें।

### क्या न करें?

●बिना जांच के पेन किलर बार-बार न लें।
●जोड़ पर अत्यधिक कपड़े बांधकर दबाव न डालें।
●दर्द बढ़ने पर चलना या भारी वजन उठाना टालें।
●लंबे समय तक ठंड में रहने से बचें।

# ज्यादा आग तापने से हो सकता है त्वचा रोग, खत्म हो जाती है नमी

**परेशानी : सर्दी के मौसम में स्किन हो जाती है ड्राई, रखें विशेष ख्याल**

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सर्दियों की शुरुआत होते ही त्वचा से जुड़ी परेशानियां तेजी से बढ़ने लगती हैं। इस मौसम में ड्राई स्किन, खुजली, त्वचा का फटना, एड़ियों में दरारें पड़ना और लाल चकत्ते जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दिक्कतों के पीछे केवल मौसम ही नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की कुछ गलत आदतें भी जिम्मेदार हैं।

केजीएमयू के डर्मेटोलॉजी विभाग की डॉक्टर पारुल वर्मा के अनुसार ठंड के मौसम में लोग शरीर को गर्म रखने के लिए आग या हीटर के सामने अधिक देर तक बैठते हैं और लंबे समय तक तेज धूप सेकते हैं। इससे त्वचा की नमी तेजी से खत्म होने लगती है और उसकी प्राकृतिक सुरक्षा परत कमजोर पड़ जाती है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

●रोज नहाने के बाद मॉइस्चराइजर लगाएं।
●कॉटन कपड़े के ऊपर ऊनी कपड़े पहनें।
●हल्के गुनगुने पानी से नहाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।
●जरूरत से ज्यादा साबुन व फेसवॉश का इस्तेमाल न करें।

**सीधे ऊनी कपड़े पहनने से बचें**

सीधे ऊनी कपड़े पहनने से त्वचा में रगड़ लगने से खुजली, ललाइन और एलर्जी की समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए पहले सूती कपड़े पहनना चाहिए।

**इन आदतों से बचना जरूरी**

बहुत गर्म पानी से नहाना, बार-बार साबुन का इस्तेमाल करना, मॉइस्चराइजर न लगाने से त्वचा शुष्क हो जाती है।

## फटाफट खबरें

### तीन अस्पतालों को मिले स्ट्रेचर, वीलचेयर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल और लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल को मरीजों के लिए 10-10 स्ट्रेचर, 10-10 वीलचेयर दिए गए हैं। इसके अलावा तीनों अस्पतालों को एक हजार पल्स ऑक्सिमीटर भी मिले हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तहत उप मुख्यमंत्री और रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल में इनका वितरण किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखनऊ के सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में स्ट्रेचर और वीलचेयर देने वाले व्यापारी नवीन गुप्ता, अमित अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल और रजत कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सोसायटी के लखनऊ के चेयरमैन ओपी पाठक, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता के अलावा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी यूपी के सचिव रामानंद कटियार, अपर निदेशक चिकित्सा लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कैंट विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कंबल वितरण किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों को तत्काल राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाकर आयोजन को सफल बनाने में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सीपी अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव, देवेंद्र शुक्ला, मान सिंह, विनायक पांडेय, राजन वर्मा, महेंद्र राजपूत, मानस वाहरी, पार्षद गिरीश मिश्रा, श्रावण नायक, नरेंद्र पाल, सुधीर मिश्रा 'बबलू', आशीष हितैषी, सुशील तिवारी, राजू गांधी, पीयूष दीवान ने विशेष योगदान दिया।

### सर्वेक्षण के आंकड़े सरकार के लिए सहायक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय लखनऊ क्षेत्र ने असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण व श्रम बल सर्वेक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। आंचलिक कार्यालय स्थित प्रशिक्षण हॉल में हुए क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र, रोजगार की स्थिति, श्रमबल की भागीदारी, उद्यमों की संरचना तथा विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से संबंधित सटीक सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन में ASUSE एवं PLFS सर्वेक्षणों की भूमिका बताना था। इन सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़े केंद्र एवं राज्य सरकारों के नीति निर्धारण, योजनाओं के निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता ने की। इस अवसर पर उप महानिदेशक आंचलिक कार्यालय मनोज कुमार, आंचलिक कार्यालय के निदेशक पुरुषोत्तम वर्मा, डिंपल यादव, अंशिका वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

### व्यवस्था पर चोट कर गया 'हत्त तेरी किस्मत'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इप्टा लखनऊ की ओर से कैसरबाग स्थित इप्टा कार्यालय के बलराज साहनी प्रेक्षागृह में प्रसिद्ध नुक्कड़ नाट्य कर्मी सफदर हाशमी के शहादत दिवस पर याद-ए-सफदर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में इप्टा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महासचिव शहजाद रिजवी ने सफदर हाशमी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने रंगकर्म को जनता से जोड़ने के लिए नुक्कड़ नाटक को एक नई धार दी। इस अवसर पर नाटककार विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित राजनीतिक व्यंग्य नाटक 'हत्त तेरी किस्मत' का मंचन किया गया। निर्देशन जिया खान और शिशिर सिंह ने किया।

### गोकुल में बाजेला बधइया...

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से गोमतीनगर के वास्तुखंड स्थित 1/293 में आयोजित लोक गीतों की कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को भी बसंत के गीत सिखाए गए। इसमें हमका दिहू वरदान चली री मुइया गंगा नहाए...सखि छोटी ननद बैठे पे अड़ी...गोकुल में बाजेला बधइया...को सिखाया गया। कार्यशाला में आभा शुक्ला, नीलम, माधुरी सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, लता, रीना सिंह, सहित कई महिलाओं ने ऑफ लाइन व ऑन लाइन गीत सीखे। सतना से लता तिवारी ने भाग लिया। कार्यशाला की संयोजक रंजना मिश्रा ने बताया कि यह 8 जनवरी तक चलेगी।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पब्लिसिटी वैन भी लगाई गई। यह अभियान 31 जनवरी तक चलना है, जिसमें लोगों को जागरूक भी करना है। शुक्रवार को आरटीओ प्रशासन संजय कुमार तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह के साथ ही एमवीआई सुशील कुमार, प्रशांत कुमार, विष्णु कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर 40 लोगों का चालान भी किया गया। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

### कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ मनाई खुशियां



■ NBT न्यूज, लखनऊ: बुद्ध नमामि धम्म ध्वज यात्रा संस्थान ने शुक्रवार को केजीएमयू में कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ नववर्ष की खुशियां मनाई। इस अवसर पर बच्चों ने नृत्य किए। उनको ग्रीटिंग कार्ड एवं पेन स्टैंड भेंट किए गए। इस अवसर पर संस्थान में हरीश चन्द्रा, आजीवन सदस्य दीक्षा बौद्ध, तूबा इरफान, प्राची चन्द्रा, एस लाल, अरुण गौतम, विजय बौद्ध व ध्यानस्थ बौद्ध आदि सदस्यों ने कैंसर पीड़ित बच्चों को गिफ्ट भेंटकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### खाली प्लॉट पर बाउंड्री की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जानकीपुरम विस्तार आवासीय योजना में खाली प्लॉट पर लोग कूड़ा फेंक रहे हैं। आवासीय समिति ने एलडीए वीसी को पत्र लिखकर खाली प्लॉट की बाउंड्री करवाने की मांग की है। जानकीपुरम विस्तार आवासीय महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पांडे ने बताया कि हर सेक्टर में कई खाली भूखंड हैं। जिन पर अवैध अतिक्रमण, कूड़े का ढेर और झुग्गी झोपड़ी डाल दी गई है। कई सेक्टरों में चल रहे गैराजों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं खाली भूखंडों के मालिकों को नोटिस जारी किया जाए।

## समाधान दिवस में पीड़ित ने नगर आयुक्त से की शिकायत

# 432 रुपये से बढ़ाकर 1.60 लाख कर दिया हाउस टैक्स

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें हाउस टैक्स असेसमेंट को लेकर परेशान भवन स्वामी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। टिकैत राय से आई शालिनी ने बताया कि उनका हाउस टैक्स 432 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 60 हजार रुपये कर दिया गया। इस पर नगर आयुक्त ने मामले की जांच कर समस्या का तत्काल निस्तारण का निर्देश जोनल अफसर को दिया। इनका इतना ज्यादा हाउस टैक्स Geographic Information System (GIS) के माध्यम से बढ़ाया गया है। ऐसे में GIS मैपिंग को लेकर पहले भी सवाल उठे थे और अब भी उठ रहे हैं। नए साल के पहले समाधान दिवस पर लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। इस दौरान कई लोग ऐसे भी रहे, जिनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**नहीं मिली राहत**

जानकीपुरम द्वितीय से पहुंचे दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि उनका गेस्ट हाउस है। उस पर अवैध तरीके से 41 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। कम से कम 20 बार समाधान शिविर में आ चुके हैं, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बुजुर्ग महिला पार्वती ने बताया कि वे मेहंदीगंज में रहती हैं। मेरे ससुर के नाम मकान है। 27 हजार से ज्यादा हाउस टैक्स आया है। घर में अकेला सिर्फ एक लड़का है, वो भी बीमार रहता है। कैसे इतना ज्यादा टैक्स भर पाएंगी। इसलिए यहां आई थीं कल्याणपुर के अनीत कुमार यादव ने बताया कि एक घर पर जल संस्थान की ओर से डबल आईडी जारी कर दी गई। मां किरण और पिता रामधन के नाम पर दो-दो वॉटर टैक्स आ रहे हैं। जबकि पिताजी की मौत हो गई है। 23,751 रुपए का पानी का बिल पिताजी के नाम पर भी भेज दिया।

**बढ़े हुए हाउस टैक्स का मौके पर किया गया निस्तारण**



### ज्यादातर शिकायतों का निपटारा

मेयर सुषमा खर्कवाल ने भवन स्वामियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास है कि नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शी, न्यायसंगत और समयबद्ध ढंग से किया जाए। गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों का समाधान कर आम नागरिकों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, टैक्स असेसमेंट अफसर अशोक सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद रहे। इस दौरान समाधान दिवस में कुल 76 शिकायतें हुईं दर्ज। जिनमें से ज्यादातर का मौके पर निस्तारण किया गया।

### हल हुआ मामला

मोहम्मद अजीम अपने ससुराल से जुड़ा मामला लेकर आए हैं। बाबू बनारसी दास वॉर्ड में उनकी ससुराल है। वहां हाउस टैक्स 14 हजार रुपये के करीब आया था। जो बहुत ज्यादा था, यहां आने के बाद जब कागज दिखाए तब इसे काफी कम कर दिया गया। अब 3 हजार की करीब हो गया है। कुल मिलाकर समस्या का समाधान मिल गया।

### समाधान शिविर में 76 शिकायतें मिली

मोहम्मद अजीम अपने ससुराल से जुड़ा मामला लेकर आए हैं। बाबू बनारसी दास वॉर्ड में उनकी ससुराल है। वहां हाउस टैक्स 14 हजार रुपये के करीब आया था। जो बहुत ज्यादा था, यहां आने के बाद जब कागज दिखाए तब इसे काफी कम कर दिया गया। अब 3 हजार की करीब हो गया है। कुल मिलाकर समस्या का समाधान मिल गया। समाधान दिवस के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों से गृहकर एवं जलकर से संबंधित कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर से संबंधित 60, जलकर से संबंधित 16 आपत्तियां शामिल थीं। जोन-1 से 25, जोन-2 से 5, जोन-3 से 5, जोन-4 से 1, जोन-5 से कोई आपत्ति नहीं, जोन-6 से 11, जोन-7 से 11 तथा जोन-8 से 2 आपत्तियां प्राप्त हुईं। समाधान दिवस के दौरान नागरिकों की अन्य समस्याओं-जैसे सफाई व्यवस्था, सड़कों एवं गलियों की मरम्मत, सीवर लाइन एवं ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठान से संबंधित शिकायतों पर भी अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया गया।

# गोमती में उतरेगी वॉटर मेट्रो, कोच्चि के अफसरों से मंथन

परिवहन मंत्री के साथ हुई बैठक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गोमती नदी में जल्द ही वॉटर मेट्रो उतरेगी। इसको लेकर शुक्रवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के आवास पर कोच्चि मेट्रो के निदेशक संजय कुमार के साथ बैठक हुई इस बैठक में जल परिवहन प्राधिकरण की परियोजनाओं पर बात हुई।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि लखनऊ में गोमती नदी में वॉटर मेट्रो के संचालन पर विचार किया गया है। बैठक में गोमती नदी में वॉटर मेट्रो चलाने में क्या संभावनाएं हैं, इसकी तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन संबंधी रिपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि यूपी के तीन महत्वपूर्ण स्थानों की तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। लखनऊ के बाद मथुरा में यमुना नदी में आगरा से यमुना तक, गोरखपुर में रामगढ़ में संचालन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले नेविगेशनल एड की कार्यवाही होगी। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, पैसेंजर काउंटिंग सिस्टम, पर्यावरणीय व्यवस्था, सोशल इंपैक्ट स्टडी, टर्मिनल, जेट्टी, रोड कनेक्टिविटी पोन्टून, ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन, इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, बोट चार्जर, हायर प्रोटेक्शन सिस्टम, एआईसी के अध्ययन के बाद डीपीआर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रॉजेक्ट है।

### मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए 12 हेक्टेअर जमीन देगा एलडीए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए अस्थायी कास्टिंग यार्ड बनाया जाएगा, जिसके लिए एलडीए 12.50 हेक्टेअर जमीन देगा। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को मेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक करके परियोजना के लिए दी जाने वाली प्राधिकरण और नजूल भूमि के प्रस्तावों की समीक्षा की।

एलडीए वीसी ने बताया कि वसंतकुंज योजना के सेक्टर-के में 6 हेक्टेअर और राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए प्रबंध नगर योजना में निर्मित अस्थायी पार्किंग की 6.50 हेक्टेअर भूमि चिह्नित की गई है। ये जमीनें मेट्रो के अस्थायी कास्टिंग यार्ड के लिए हस्तांतरित कर दी जाएंगी। इसके अलावा मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए वसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए के दक्षिणी भाग में लगभग 18 हेक्टेअर भूमि चिह्नित की गई है।

### अब 7 जनवरी से लखनऊ दर्शन बस चलाने की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस से लखनऊ का हेरिटेज टूअर करवाने की योजना अब शुक्रवार को सात जनवरी तारीख प्रस्तावित कर दी गई है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें यूपी स्टेट टूरिज्म के एमडी, एलडीए सचिव, अपर नगर आयुक्त, सिटी ट्रांसपोर्ट, परिवहन विभाग, पर्यटन विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। बैठक में तय हुआ कि शनिवार को बस का ट्रायल किया जाएगा। यूपी स्टेट टूरिज्म के एमडी ने मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को बताया कि डबल डेकर ई-बस की प्रस्तावित दो शिफ्ट रहेंगी। सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 बजे तक पर्यटकों को टूअर करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि डबल डेकर ई-बस में ड्राइवर सहित 66 पर्यटक टूअर कर सकेंगे।

# व्यापारियों ने बदला पाला, उप्र आदर्श व्यापार मंडल की ली सदस्यता



शहर के एक बड़े व्यापारिक संगठन के कई पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की।

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहर की व्यापारिक राजनीति में शुक्रवार को एक बड़ा फेरबदल देखने को मिला। आदर्श व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में शहर के एक बड़े व्यापारिक संगठन के कई पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। लेखराज स्थित आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में एक बड़े संगठन के महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष वर्मा, सतनाम सिंह, तारिक मसिद सैकड़ों व्यापारियों के साथ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल में शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी वरिष्ठ व्यापारी नेताओं को आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता देते हुए सभी व्यापारी नेताओं को प्रांतीय कार्यकारिणी में नामित किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रांतीय कार्यकारिणी 2026-28 में सुहेल हैदर अल्वी को संसदीय महामंत्री, मनीष वर्मा को उपाध्यक्ष, सतनाम सिंह को उपाध्यक्ष, तारिक मसिद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने कहा व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है। वह सरकार के राजस्व को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाता है और रोजगार के सृजन में भी व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका व्यापार मंडल में शामिल होने वाले प्रमुख व्यापारी नेताओं में मुंशी पुलिया के वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रदीप अग्रवाल, यशपाल सिंह, सभाजीत वर्मा, रामायण श्रीवास्तव, जावेद अली, विपिन चौधरी, प्रशांत गुप्ता, आनंद गुप्ता, गुंजन तोलानी, नितिन अग्रवाल, पप्पू अग्रवाल, ऋषि मेहरा, आशीष छाबड़ा, कुलदीप तलवार, शैलेश गुप्ता, टोनी पांडेय, विशाल रस्तोगी, आकाश वर्मा, रूपेश वर्मा, अभिजीत सरकार, राहुल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, अजीत सिंह, विनोद गौड़, रामदेव, अजय शामिल रहे।

# वॉश कला के प्रचार-प्रसार के लिए लगी प्रदर्शनी

■ NBT न्यूज,लखनऊ: जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर (आरआईसी) और उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के बीच आगामी तीन वर्षों का समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समझौते का उद्देश्य आगामी तीन वर्षों तक विभिन्न दृश्य कला कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्चित करना है। यह जानकारी शुक्रवार को अकादमी के अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत शुक्रवार को लखनऊ की वॉश कला के प्रचार-प्रसार के लिए जयपुर के राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। 6 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 45 कलाकृतियां प्रदर्शन के लिए लगाई गई हैं। इसके अलावा शनिवार से आरआईसी में एक कार्यशाला भी आयोजित की गई है। कार्यशाला में लखनऊ की विशिष्ट कलात्मक पहचान मानी जाने वाली वॉश पेंटिंग का प्रशिक्षण वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र प्रसाद द्वारा दिया जाएगा।

# इंडस्ट्रियल एरिया में कूड़ा निस्तारण के लिए कार्ययोजना तैयार करेगा यूपीसीडा



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी के इंडस्ट्रियल एरिया में कूड़ा निस्तारण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जिला उद्योग बंधु की बैठक में कूड़ा न उठने की बात सामने आने पर डीएम ने यूपीसीडा के अधिकारियों को नगर निगम के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टेशन की दरें तय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर पेंडेंसी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों को भी चेतावनी दी गई है।

> डीएम ने बैठक कर ट्रांसपोर्टेशन की दरें तय करने के लिए निर्देश, निवेश मित्र पोर्टल पर पेंडेंसी मिली तो नपेंगे जिम्मेदार अफसर

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम विशाख जी ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक की। जिसमें विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, संबंधित विभागों के अधिकारियों और उद्योग विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की संबंध में चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि समय सीमा में आवेदनों को निस्तारित करें। बेवजह आवेदन लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में कारोबारियों ने इंडस्ट्रियल एरिया में गंदगी और समय से कूड़ा निस्तारण न हो पाने का मुद्दा उठाया। जिस पर डीएम ने यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्र से डोर टु डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ कूड़े के अंतिम निस्तारण के लिए नगर निगम की ओर से ट्रांसपोर्टेशन के लिए प्रस्तावित दरों पर समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में इंडस्ट्रियल एरिया में एलपी लाइन विकसित करने के लिए धनराशि स्वीकृति होने पर उद्यमियों ने प्रशासन का आभार जताया। मेसर्स के फोटोइक्युपमेंट की ओर से पिछले उद्योग बंधु बैठक में इकाई के संचालन में अतिक्रमण के चलते आ रही दिक्कतों को बताया गया था। अब वहां से अतिक्रमण की समस्या का समाधान करा दिया गया है। बैठक में अमौसी और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। डीएम ने इस मुद्दे को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की सोमवार को बैठक बुलाई है। उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिलाया है कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

# तीन दिन बाद परीक्षा, प्रवेशपत्र का पता नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं, लेकिन परीक्षा से महज तीन दिन पहले तक प्रवेशपत्र जारी नहीं किए गए हैं। प्रवेशपत्र में ही छात्रों को यह जानकारी मिलती है कि किस कॉलेज के छात्र की परीक्षा कहां आयोजित होगी। ऐसे में प्रवेशपत्र न होने से छात्रों की चिंता बढ़ गई है।

> एलयू में 6 से शुरू हो रहा है सेमेस्टर एग्जाम

इस बार विश्वविद्यालय ने प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाए हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में तकनीकी और प्रशासनिक गड़बड़ियां सामने आईं। कई छात्रों का डेटा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं था, जिसकी शिकायत के बाद सुधार करवाया गया। इसके बाद पीजी के पुराने छात्रों को समर्थ पोर्टल द्वारा नया एनरोलमेंट नंबर जारी कर दिया गया, जिसे अब विश्वविद्यालय स्तर पर एक-एक कर बदला जा रहा है छात्रों को परीक्षा से वंचित न होना पड़े, इसके लिए विश्वविद्यालय ने 3 जनवरी को एक दिन के लिए पोर्टल दोबारा खोलने का फैसला लिया है। परीक्षा फॉर्म के अंतिम डेटा के आधार पर ही प्रवेशपत्र जारी किए जाएंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेशपत्र पर काम चल रहा है। 4 जनवरी तक विवि की वेबसाइट पर प्रवेशपत्र जारी कर दिए जाएंगे, जिन्हें छात्र डाउनलोड कर सकेंगे।

**धर्म-कर्म** आज शाम 5 बजकर 35 मिनट तक रहेगी पौष पूर्णिमा तिथि, मिथुन राशि में गुरु और चंद्रमा की युति

# गज केसरी योग में पौष पूर्णिमा का स्नान आज

**ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:08 से 6:02 तक ● अभिजित मुहूर्त 11:50 से 12: 32 तक**

■ NBT न्यूज, लखनऊ

गज केसरी योग में पौष माह की पूर्णिमा का स्नान शनिवार को होगा। पौष पूर्णिमा से ही माघ माह का स्नान शुरू हो जाता है। जिसे माघ स्नान कहा जाता है। इस तिथि में स्नान के साथ दान का भी महत्व है। पिछले साल इन्हीं दिनों में प्रयाग में कुंभ हुआ था। पुराणों में प्रयाग में संगम स्नान को विशेष माना गया है। पौराणिक मान्यता है कि इन दिनों प्रयाग में सारे तीरथ वास करने आते हैं। स्नान का क्रम 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर पूर्ण होगा।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पौष पूर्णिमा तिथि शुक्रवार की शाम 6: 54 मिनट से शुरू हो गई है जो शनिवार की शाम 5 बजकर 35 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में पौष पूर्णिमा का स्नान शनिवार को किया जाएगा। पूर्णिमा तिथि को पूर्ण चंद्रमा के दर्शन होते हैं। पूर्णिमा को सूर्योदय 6: 56 मिनट और चंद्र उदय शाम को 5:18 मिनट पर होगा। मिथुन राशि में गुरु और चंद्रमा की युति से गज केसरी योग बनेगा। साथ ही धनु राशि में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र की युति होगी।

### स्नान-दान का श्रेष्ठ मुहूर्त

स्नान-दान और पूजा पाठ के लिए सबसे उत्तम मुहूर्त ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5: 08 से 6: 02 तक होगा। अभिजित मुहूर्त दिन में 11:50 से 12: 32 इस समय स्नानदान का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस तिथि पर पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुन्य और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा और जरूरतमंदों को दान करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

File



### महत्वपूर्ण तिथियां

स्नान पर्व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा। इसके बाद स्नान की मुख्य तिथियों में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, एक फरवरी को माघी पूर्णिमा है। इसके बाद अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को होगा।

### तिल और कंबल दान का विशेष महत्व

मान्यता है कि स्नान और दान से शनि, राहु-केतु जैसे ग्रहों के दोष शांत होते हैं। माघ मेले में अन्न, गर्म कपड़े, कंबल, तिल और रजाई गद्दा, चरपाई, का दान सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इससे पितरों की तृप्ति, धन-धान्य, सुख-समृद्धि मिलती है।

## फटाफट खबरें

### अवैध शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, माल : पुलिस ने क्षेत्र में रामनगर गांव निवासी सुषमा को दस लीटर अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा। महिला प्लास्टिक की पिपिया में शराब भरकर बेचने जा रही थी। माल थाने की पुलिस टीम में एसआई खुशबू यादव, बृजेश कुमार और कॉन्स्टेबल जीतेंद्र व अवधेश कुमार शामिल थे। पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### अवैध कब्जे पर चला नगर निगम का बुलडोजर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए के लिए चल रहे अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम कनौसी, तहसील सदर में जमीन से कब्जा हटवाया गया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के अनुसार ग्राम कनौसी स्थित खसरा संख्या-1990 की कुल 7 बीघा (लगभग 1.120 हेक्टेयर) सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया गया था। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की कीमत लगभग 47.65 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### ससुरालवालों पर दहेज उत्पीड़न का केस

■ NBT न्यूज आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र की रहने वाली शालिनी सिंह ने अपने पति अमित कुमार सहित ससुराल पक्ष के कई सदस्यों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गला दबाकर हत्या का प्रयास और अश्लील हरकतों के गंभीर आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। 25 जून को सामूहिक रूप से हमला कर जान से मारने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### रंजिश में दंपती को पीटा, मुकदमा

■ NBT न्यूज, निगोहां : नवीली निवासी मंजू सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश में विपक्षी राजेंद्र सिंह और उनके बेटे सचिन सिंह लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आए और पति ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह सहित उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी और फरार हो गए। घटना से परिवार में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### शराब के नशे में महिला को पीटा, FIR

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : जैतीखेड़ा निवासी हिमांशी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पति सुजीत सिंह के साथ दवा लेने जा रही थी। इसी दौरान खेत में मौजूद कुलदीप सिंह, बड़े सिंह और प्रदीप सिंह उर्फ मोनू शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर पति पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मासूम बच्ची से गंदी हरकत, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महिगवां पुलिस ने दो वर्षीय मासूम से गंदी हरकत के आरोप में फरार आरोपित को गुरुवार शाम गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर महिगवां आरके गुप्ता ने बताया कि आरोपित सरसवां निवासी रजीत है। आरोपित ने पीड़िता की दो वर्षीय बेटी से गलत हरकत करके विडियो बनाया था। विरोध करने पर पीड़िता से रेप किया था। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने रजीत के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। एक साल बाद वह जेल से छूटा था। फिर रजीत ने वही हरकत की। इंस्पेक्टर ने बताया कि रजीत को पहाड़पुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 'प्रशासन की आंख और कान हैं चौकीदार'

■ NBT न्यूज, निगोहां : नववर्ष के अवसर पर निगोहां थाने पर शुक्रवार को एसीपी विकास कुमार पांडे ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की मौजूदगी में चौकीदारों के साथ बैठक की। एसीपी ने कहा कि ग्राम स्तर पर चौकीदार प्रशासन की आंख और कान होते हैं, जिनकी सतर्कता से अपराध नियंत्रण व शांति बनी रहती है। आगामी पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण कराने में उनकी भूमिका अहम रहेगी। संदिग्ध गतिविधियों, विवाद या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : पारा के हसखेड़ा सिंधी कॉलोनी में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार सचिन शर्मा (20) युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे लोकबंधु अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल के मुताबिक हरदोई शाहाबाद निवासी सचिन शर्मा हसखेड़ा में किराए पर रहता था। वह सोलर पैनल लगाने का काम करता था।

### रंजिश में हमला करने वाले चार भाई गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हसनगंज पुलिस ने दो भाइयों पर रंजिश में हमला करने वाले चार भाइयों को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से पुलिस ने हमले में इस्तेमाल लोहे की रॉड बरामद की है। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपित जोशीटोला निवासी राहुल, अमित, ललित और सुमित जोशी भाई हैं। चारों ने मिलकर बुधवार रात रंजिश में जोशी टोला निवासी रवि जोशी व उसके भाई अंकित जोशी पर हमला बोल कर दिया था।

### बड़े इमामबाड़े में युवक ने की टॉयलेट, FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बड़े इमामबाड़े में टॉयलेट किए जाने वाले युवक के खिलाफ चौक पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हुसैनाबाद ट्रस्ट के सहायक कार्यालय अधीक्षक हबीबुल हसन ने पुलिस को बताया कि बड़े इमामबाड़े में एक जनवरी को घूमने के दौरान एक व्यक्ति ने टॉयलेट की। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा। उनका कहना है कि बड़ा इमामबाड़ा धार्मिक स्थल भी है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक आरोप के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि./यां.) विंग,
**उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)**
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2511/6901/निविदा-3/(25)/623
दिनांक : 31.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप पर पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, पिलर गार्डर एवं प्लेटफार्म के निर्माण तथा आर्मरड केबिल की आपूर्ति एवं डाले जाने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **05.01.2026** से **12.01.2026** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि./यां. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16 नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि./ यां. विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य **₹1000.00 +18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 =1180.00)** है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.upjn.org** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
निविदा विक्रय की तिथि - **05.01.2026** से **12.01.2026 अपरान्ह 3:00 बजे** तक।
निविदा डालने की तिथि - **13.01.2026 अपरान्ह 3:00 बजे** तक।
निविदा खोलने की तिथि - **14.01.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे** तक।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि./यां.) विंग,
**उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)**
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2512/6901/निविदा-3/(25)/624
दिनांक : 31.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप पर पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, पिलर गार्डर एवं प्लेटफार्म के निर्माण तथा आर्मरड केबिल की आपूर्ति एवं डाले जाने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **05.01.2026** से **12.01.2026** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि./यां. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16 नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि./ यां. विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य **₹1000.00 +18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 =1180.00)** है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.upjn.org** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
निविदा विक्रय की तिथि - **05.01.2026** से **12.01.2026 अपरान्ह 3:00 बजे** तक।
निविदा डालने की तिथि - **13.01.2026 अपरान्ह 3:00 बजे** तक।
निविदा खोलने की तिथि - **14.01.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे** तक।



# सऊदी में नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी

**फर्जी वीजा-मेडिकल देकर युवाओं को बनाया शिकार, ठगों ने जान से मारने और अश्लील फोटो वायरल करने की दी धमकी, गुडंबा थाने में दर्ज हुआ मुकदमा**

■ NBT न्यूज, लखनऊ

सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर गुडंबा निवासी एक परिवार और उनके परिचित युवतियों से लाखों रुपये ठग लिए गए। जालसाजों ने फर्जी वीजा और मेडिकल रिपोर्ट भेजकर रुपये ऐंठ लिए। फर्जीवाड़े का पता चलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दी गई। गुडंबा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुडंबा के आदिल नगर निवासी रूबीना ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी मंतशा अहमद पहले सऊदी अरब में एक चिकित्सा संस्थान में कार्यरत थी। बेटा मो. एहतेशाम ड्राइवर के रूप में काम करता था। सऊदी अरब में ही बेटी की मुलाकात आजमगढ़ निवासी मेहताब आलम से हुई। भारत लौटने के बाद मेहताब आलम ने खुद को सऊदी अरब में मजबूत संपर्क वाला बताते हुए बेटे और बेटी दोनों को बेहतर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। कुछ समय बाद मेहताब आलम अपने सहयोगी शम्स आलम के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के बदले मेडिकल और वीजा के नाम पर पैसों की मांग की। आरोपितों ने पीड़िता की बेटी के साथ उसकी दो सहेलियों को भी विदेश में नौकरी दिलवाने का दावा किया। इस पर पीड़िता ने अलग-अलग तारीख में बैंक खाते और यूपीआई के जरिए लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके अलावा आरोपितों ने 1.50 लाख रुपये नकद भी लिए और सऊदी रियाल भी ट्रांसफर कराए।



**दूतावास ने बताया फर्जी**

मंतशा ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने वॉट्सऐप पर मेडिकल रिपोर्ट और वीजा भेजा था। वीजा की पुष्टि सऊदी अरब दूतावास से करवाई तो पता चला कि वीजा फर्जी है और उसमें छेड़छाड़ की गई है। मेडिकल रिपोर्ट की जांच कराने पर संबंधित सेंटर ने ऐसे किसी प्रमाणपत्र के जारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ। पीड़िता का आरोप है कि जब आरोपितों से पैसे वापस मांगे गए तो उन्होंने जान से मारने, सोशल मीडिया पर एडिट की गई फोटो वायरल करने और भारत व सऊदी अरब में किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की धमकी दी। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश श्रीवास्तव का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मेहताब आलम, शम्स आलम, जरीर रजा, हसीना नाम की महिला और विद्या सागर नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका कहना है कि बैंक ट्रांजैक्शन, फर्जी दस्तावेज और कॉल डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है।

12 दिसंबर 2024 को लापता हुआ था, 19 दिसंबर 2024 को मिला था शव

# छात्र की हत्या में एक साल बाद भी पुलिस खाली हाथ

Rishi.Sengar@timesofindia.com

**गला कसकर की गई थी हत्या, शरीर पर थीं चोटें**

■ लखनऊ : बीकेटी में छात्र को अगवा कर बंधक बनाकर हत्या किए जाने के मामले को एक साल बाद भी पुलिस अभी तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मामले की पड़ताल की जा रही है। वहीं परिवारीजनों की न्याय को लेकर उम्मीद टूटती जा रही है।

बीकेटी के बौली गांव के मजरा हाजीपुर में पीयूष उर्फ मानू परिवारीजनों के साथ रहता था। वह बीकेटी इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा का छात्र था। 12 दिसंबर को वह घर से किसी की बाइक पर बैठकर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा था। परिवारीजनों ने इस संबंध में बीकेटी पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 19 दिसंबर को उसकी हत्या कर फेंका गया शव बौली गांव के मजरा विश्रामपुर में निर्माणाधीन मकान में मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला कस कर हत्या की पुष्टि हुई थी। उसके सिर पर भारी चीज से वार करने की चोट थी। इसके अलावा शरीर पर काफी चोटें और खरोंचें थीं।




AI Image

पीयूष उर्फ मानू की हत्या के मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ की गई थी। पुलिस टीमें और क्राइम ब्रांच इस हत्याकांड पर काम कर रही है। टीमों के पास जांच में आए साक्ष्यों का रिव्यू किया है। जल्द ही पुलिस हत्यारों का सुराग लगा लेगी।
*- गोपाल कृष्ण चौधरी, डीसीपी नॉर्थ*

**अब तक कोई सुराग नहीं लगा**

पुलिस ने मानू के गायब होने और उसकी हत्या कर शव फेंके जाने के मामले में 12 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की थी। पर, संदिग्धों से पूछताछ में कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से भी कुछ संदिग्धों पर नजर रखी थी। पर, उससे भी कोई ठोस साक्ष्य हाथ नहीं लगा था। पीड़ित परिवारीजनों ने उस समय पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिवारीजनों का कहना था कि पुलिस ने गंभीरता से मामले की जांच की होती तो मानू की जान बचाई जा सकती थी। क्योंकि अगवा कर बंधक बनाए जाने के कुछ दिनों बाद भी वह जिंदा था। सवाल यह है कि ऐसी कौन सी दुश्मनी थी कि हत्यारों ने मानू को इतनी बुरी तरह प्रताड़ित किया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। इलाके के लोगों का कहना है कि इस हत्याकांड में रसूखदार लोगों का हाथ है।

### यातना देकर की गई थी हत्या

गांव से मानू 12 दिसंबर को गायब हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि हत्या दो दिन पहले की गई थी। इसका मतलब है कि मानू को चार-पांच दिन बंधक बनाकर रखा गया। उसे खूब यातनाएं दी थीं। 19 दिसंबर को जब उसका शव मिला था, उसकी नाक और मुंह से खून निकल रहा था। खून ताजा था। उसे देखने से भी साफ लग रहा था कि हत्या दो दिन के अंदर ही गई थी। परिवारीजनों ने आशंका व्यक्त की थी कि मानू को कहीं बंधक बनाकर खूब यातनाएं दी गईं। इसके बाद पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या करके निर्माणाधीन मकान में शव को फेंक दिया गया।

**इन मामलों का भी कुछ पता नहीं**

■ पारा में विक्रमनगर स्थित सब्जीमंडी के पास युवक की हत्या करके शव बोरे में बांध कर कूड़ेदान में 15 अक्टूबर को फेंका गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाकर युवक की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। 28 अक्टूबर को पुलिस ने इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस अभी तक शव की शिनाख्त तक नहीं कर सकी है।

■ निगोहां के गौतम खेड़ा इलाके में बाक नाले में 1 नवंबर को महिला की हत्या कर बोरे में शव को डाल कर फेंका गया शव मिला था। बोरे में एक प्रेस व ईंट-पत्थर भी भरे हुए थे। जिससे कि महिला का शव नाले में ऊपर न आ सके। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

■ जानकीपुरम के अजनहर कला गांव में कैलाश यादव के खेत के पास 7 नवंबर की सुबह महिला की हत्या कर चादर में बांधकर फेंका गया अर्धनग्न शव मिला था। ग्रामीणों ने महिला के साथ रेप के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की थी। महिला का चेहरा ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के सिर पर वार करके उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। डॉक्टरों ने विसरा रिजर्व किया था। इसके अलावा स्लाइड भी तैयार की गई थी।

## समय से पोस्टमॉर्टम के लिए 14 संविदाकर्मियों की होगी भर्ती

■ NBT न्यूज, लखनऊ

**मिलेगी राहत**
- टेक्निशन, डॉक्टर, बाबू और सफाईकर्मी शामिल
- समय पर पोस्टमॉर्टम न होने से परेशान हो रहे लोग


KGMU स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस में कर्मचारियों की कमी के कारण लंबे समय से पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस समस्या को देखते हुए फरेंसिक विभाग ने 14 संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा है। सभी नियुक्तियां नए पोस्टमॉर्टम हाउस में की जाएंगी। प्रस्तावित पदों में टेक्निशन, बाबू, चिकित्सा अधिकारी (डॉक्टर) और सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

वर्तमान में पोस्टमॉर्टम हाउस में कुल 12 कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम चार कर्मचारियों की जरूरत होती है। कई बार फरेंसिक विभाग की अन्य जिम्मेदारियों के चलते यही कर्मचारी वहां से हटा लिए जाते हैं, जिससे पोस्टमॉर्टम में और देरी हो जाती है। समय पर पोस्टमॉर्टम न होने से शव घंटों तक पड़े रहते हैं और परिवारीजनों को लंबा इंतजार करना है। कई बार इस बात को लेकर टकराव की स्थिति हो जाती है।

इस गंभीर समस्या को एनबीटी ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर सामने आने के बाद स्वास्थ्य प्रशासन हरकत में आया। सीएमओ और मर्चरी प्रभारी ने पोस्टमॉर्टम हाउस का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की स्थिति जानी। इसके बाद 14 संविदा पदों पर भर्ती के लिए तत्काल लिखित प्रस्ताव भेजा गया। अडिशनल सीएमओ डॉ. गोपी लाल ने बताया कि जनता को राहत देने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नए पोस्टमार्टम हाउस के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति का पत्र जारी किया जा चुका है और केजीएमयू वीसी द्वारा इनकी तैनाती की जाएगी।

## प्रधान सहायक के खिलाफ हत्या के प्रयास की FIR दर्ज

■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी के रहमानखेड़ा जंगल के पास रेलवे लाइन के किनारे घायल मिली बाल विकास पुष्टाहार की कर्मचारी को शुक्रवार को भी होश नहीं आया। पीड़िता के भाई ने परियोजना के प्रधान सहायक कमल कुमार के खिलाफ षड्यंत्र कर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट काकोरी थाने में दर्ज करवाई है। काकोरी और हरदोई पुलिस मामले में जांच कर रही है।



रेलवे लाइन पर घायल मिली महिला को नहीं आया होश

ठाकुरगंज फरीदीपुर निवासी पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, हरदोई में तैनाती है। राजाजीपुरम निवासी कमल परियोजना में प्रधान सहायक है। कमल उनकी बहन का उत्पीड़न कर रहा था। बहन ने प्रमुख सचिव परियोजना निदेशक और मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की थी। इसके बाद 19 दिसंबर को हरदोई शहर कोतवाली में कमल के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बाद में मामले में दो और लोगों को नामजद किया गया था। इसके बाद से आरोपित धमकियां देकर समझौते का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि हत्या को हादसा दिखाने के लिए बहन को ट्रेन से धक्का दिया गया। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कमल की तलाश की जा रही है।

## परिवहन विभाग ने दिखाई सख्ती, ट्रैफिक रूल तोड़ने वाले हुए कम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों की संख्या में कमी हुई है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2024 में 17,58,930 चालान हुए, वहीं 2025 में 13,78,919 चालान किए गए। इस आधार पर लगभग 464.49 करोड़ रुपये वसूले गए। सीएम योगी के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए हैं, जिसके बाद उन्होंने यह साल भर का आंकड़ा जारी किया है। अब परिवहन विभाग 2026 में डिजिटल निगरानी और जागरूकता अभियान चलाएगा।



**2024 की तुलना में 2025 में लगभग 4 लाख कम हुए चालान**

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि 2025 में सबसे ज्यादा चालान 6,32,901 हेलमेट न पहनने के मामले में दर्ज हुए हैं। इसी तरह 14,535 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए और सीट बेल्ट उल्लंघन के मामलों में 1,33,189 चालान हुए हैं। जबकि ओवरस्पीडिंग के पिछले वर्ष के 7,77,897 मामलों की तुलना में 2025 में 3,30,171 मामलों में चालान की कमी है। ड्रिंक ऐंड ड्राइव के 3,611 मामले और रॉन्ग साइड चलाने वालों से 56,079 चालान वसूले गए। ओवरलोडिंग के 54,923 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि गलत नंबर प्लेट के 11,892 और माल वाहन से यात्री ढोने के 1,226 चालान वसूले गए। कमर्शल वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस न लगाने के 20,431 मामले दर्ज किए गए। अप्रैल में अपंजीकृत ई-रिक्शा के खिलाफ 36,773 और अंतरजनपदीय ओवरलोड मालवाहकों पर 1,786 मामले दर्ज किए गए। मई महीने में अनधिकृत यात्री वाहनों पर 2,218 और जून में निजी वाहनों के कमर्शल उपयोग पर 1,821 चालान किए गए। सितंबर में अन्य राज्यों के वाहनों पर 6,832 और अक्टूबर में बिना नंबर प्लेट के डंपर-ट्रक पर 5,073 चालान हुए।

## शटडाउन लेकर इसी सप्ताह होगी पोल की शिफ्टिंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट के तैयार होने में बाधा बने बिजली के खंभों को इसी सप्ताह शिफ्ट करवा दिया जाएगा। NHAI और बिजली विभाग के बीच कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद अब शिफ्टिंग की कवायद तेज कर दी गई है। पोल की शिफ्टिंग होते ही निर्माण एजेंसी बचे हिस्से का निर्माण शुरू करवा देगी।

**अगले हफ्ते शुरू हो जाएगा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट का बचा काम**

एलिवेटेड रूट में सरोजनीनगर में बिजली के हाईटेंशन लाइन के तीन खंभे निर्माण कार्य में रुकावट बने हुए हैं। इन खंभों के न हटने से एलिवेटेड रूट के एक पैच का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। अब NHAI और बिजली विभाग की संयुक्त टीम इसी सप्ताह शट डाउन लेकर बिजली के खंभों को शिफ्ट करवा देगी। निर्माण एजेंसी के प्रभारी अंकुर जैन ने बताया कि तीनों पोल का फाउंडेशन तैयार कर लिया गया है। बिजली विभाग से शट डाउन के लिए हरी झंडी मिल गई है। दस्तावेजी कार्य भी पूरा कर लिया गया है। चार-पांच दिन में बिजली विभाग शटडाउन लेगा। इसके बाद तीनों पोल को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। निर्माण कार्य करीब दो माह में पूरा होने की उम्मीद है।

## राजस्व परिषद की रिपोर्ट पर खोली गई कॉलोनी की रोड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अहिमामऊ स्थित स्वास्तिक कॉलोनी की विवादित रोड से अवैध निर्माण हटवाकर रास्ता खोल दिया गया है। हालांकि पुलिस अन्य आरोपों की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस जल्द ही कुछ लोगों के बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

**अहिमामऊ की स्वास्तिक कॉलोनी का मामला**

स्वास्तिक कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर ईंट की दीवार उठाकर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करने का प्रयास किया था। इसको लेकर आरोपितों व कॉलोनी के लोगों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। कॉलोनी के लोगों की ओर से पूर्व सांसद धनंजय सिंह, जौनपुर के महाराजगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह व उनके भाई विनय व अन्य लोगों के खिलाफ अवैध कब्जा, धमकी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का केस दर्ज करवाया गया है। बीते दिनों इस मामले को लेकर बवाल बढ़ने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच किया तो दस्तावेजों में पहले से ही 20 फुट की रोड पाई गई। इसी रोड पर आरोपित ईंट की दीवार बनाकर उसे अपने परिसर में शामिल करने का प्रयास कर रहे थे। राजस्व विभाग की जांच में रोड पाए जाने पर ईंट की दीवार हटवाकर रोड को कॉलोनी के लोगों के आने-जाने के लिए खोल दिया गया है।

## ध्वस्त की गई रेलवे ट्रैक के किनारे बनी अवैध बस्तियां

■ NBT न्यूज, लखनऊ : रेलवे और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने निराला नगर और खालीगंज इलाके में करीब 450 से ज्यादा अवैध झोपड़ियों को बुलडोजर से ढहा दिया।

**निराला नगर-खलीगंज में 450 से ज्यादा झुग्गियां हटाई गईं**

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रेलवे ट्रैक के किनारे लंबे समय से अवैध झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर लोग रह रहे थे। इससे रेल संचालन पर लगातार खतरा बना हुआ था। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद जमीन खाली नहीं की गई। मजबूरन नियमों के तहत बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों के संबंध में जांच की जा रही है।

## बजरंगबली के दर्शन किए, फिर उठा ले गया दानपात्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कैंट में सदर इलाके शीतला माता मंदिर में शुक्रवार तड़के चोर ने हनुमान जी के दर्शन किए। उसके बाद दानपात्र उठाकर फरार हो गया। सुबह पुजारी मंदिर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। कैंट पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में चोर की करतूत कैद हुई। मामले की पड़ताल की जा रही है।

- सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई घटना
- कैंट के सदर इलाके की घटना

सदर के नेहरू रोड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में ही पुजारी प्रमोद कुमार पांडेय रहते हैं। एसओ गुरप्रीत कौर ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे एक चोर मंदिर में घुसा। वह सीधे दानपात्र के पास पहुंचा। चोर ने हनुमानजी के दर्शन किए। इसके बाद दानपात्र के ऊपर रखी सामग्री हटाई। दानपात्र पकड़ते समय दोबारा हनुमानजी की ओर नजर देखा। इसके बाद दानपात्र उठा लिया। चोर भगवान की तरफ पीठ न करके तीन कदम उल्टे पांव चला गया। बाहर निकलते समय उसने मुड़कर एक बार फिर हनुमानजी के दर्शन किए। मंदिर में चोर नंगे पांव दाखिल हुआ था। पुलिस ने बताया कि सुबह जब पुजारी मंदिर में पहुंचे तो दानपात्र गायब देख डायल-112 पर सूचना दी। पुजारी ने पुलिस को बताया कि दानपात्र में दो-तीन हजार रुपये होंगे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### सोता रहा टेलर का परिवार, चोर उठा ले गया कैश और जेवर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठाकुरगंज इलाके में टेलर के मकान में घुसा चोर कैश, जेवर और फोन उठा ले गया। गुरुवार सुबह जागने पर चोरी का पता चला। पुलिस के टरकाने पर पीड़ित ने खुद जांच की तो एक घर में लगे कैमरे में चोर भागते हुए दिखाई दिया।

ठाकुरगंज के लोनियन टोला इलाके में संत कुमार सोनी टेलर हैं। दो मंजिला मकान की पहली मंजिल पर वह पत्नी ज्योति, बेटे शुभम व बहू सोनाली के साथ किराए पर रहते हैं। न्यू ईयर के मौके पर दुग्गा निवासी उनकी बेटी काजल भी हुई थी। काजल ने बताया कि बुधवार रात परिवार के लोग खाना खाने के बाद सो गए। गुरुवार सुबह उठे तो कमरे का सारा सामान बिखरा और अलमारियां खुली देख दंग रह गए। काजल ने बताया कि चोर उनके पर्स से 25 हजार रुपये कैश, सोने की चेन, सोने के इयरिंग और दो फोन उठा ले गया।

**नंगे पैर बालकनी से दाखिल हुआ चोर :** छानबीन के परिवार पहली मंजिल पर आने जाने के सारे दरवाजे बंद मिले। आशंका है कि चोर बालकनी से पहली मंजिल पर पहुंचा और चोरी कर भाग निकला। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर टरकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने खुद छानबीन करते हुए कैमरे खंगाले तो रात करीब सवा तीन बजे कैप लगाए नकाबपोश एक चोर भागते हुए दिखाई दिया। फुटेज में दिख रहा चोर नंगे पैर है। आशंका है कि किसी को उसके आने की आहट न हो इसलिए उसने चप्पल उतार दी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फुटेज की मदद से चोर के बारे में पता लगाया जा रहा है।


## बुजुर्ग के गुम हुए मोबाइल से ट्रांसफर किए ₹4.28 लाख

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : साइबर जालसाज ने बुजुर्ग के गुम मोबाइल से 4.28 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चिनहट के कस्बा स्थित वासुदेव नगर निवासी बुजुर्ग कन्हैया लाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 25 दिसंबर को कैलाश विहार में भागवत कथा सुनने गए थे। इसी दौरान उनका मोबाइल गुम हो गया था। अगले दिन उन्होंने मोबाइल गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। इसी दौरान उनके गुम मोबाइल की मदद से साइबर जालसाज ने 25 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच सेंट्रल बैंक खाते से 2.09 लाख और एसबीआई खाते से 2.19 लाख रुपये पार कर दिए। 4.28 लाख रुपये बैंक अकाउंट से निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित कन्हैया लाल ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। अब इस मामले में चिनहट पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

## फरार आरोपित डॉक्टर पर ₹25 हजार का इनाम घोषित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : केजीएमयू में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गर्भपात कराने व अन्य आरोपों से घिरे फरार आरोपित जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज उद्दीन नायक पर पुलिस ने 25,000 रुपये इनाम घोषित कर दिया है।



डॉक्टर रमीज की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें दे रही दबिश

पीड़ित महिला डॉक्टर के मुताबिक आरोपित ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया था। पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपित ने गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने अक्टूबर में आरोपित पर शादी का दबाव बनाया था। नवम्बर में आरोपित ने पीड़िता से धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया था। इसके बाद पीड़िता ने आरोपित से दूरियां बढ़ा ली थी। इसके बाद आरोपित पीड़िता के पीछे पड़ गया था। धमकी देने लगा कि पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो और विडियो वायरल कर देगा। पीड़िता की शिकायत पर चौक पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखे से शारीरिक संबंध बनाने, महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराने, प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने की धमकी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की सुसंगत धाराएं भी लगाई गई थीं।

इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के मुताबिक पीड़िता का कोर्ट में 164 का बयान हो गया है। इसके अलावा कोर्ट से आरोपित के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी हो गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें कई स्थानों पर दबिश दे रही हैं। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि फरार आरोपित डॉक्टर के ऊपर 25,000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# 25 लाख से अधिक श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

## पौष पूर्णिमा पर माघ मेले का पहला स्नान आज, 10 घाटों पर सुबह 4 बजे से शुरू होगा स्नान

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

माघ मेले का पहला स्नान शनिवार को पौष पूर्णिमा पर होगा। स्नान पर्व पर देश-विदेश से 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 हजार रनिंग फुट में 10 स्नान घाट बनाए गए हैं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को तैयारियों का जायजा लिया।

डिवीजनल कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के अनुसार स्नान सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त से शुरू होगा। पहले स्नान पर्व पर 25-30 लाख श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। मेले को डस्ट फ्री और प्लास्टिक फ्री घोषित किया गया है। पहली बार बाइक टैक्सी सुविधा भी शुरू की गई है। इससे शहर के प्रमुख रेलवे व बस स्टेशनों से मेले तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही मेला सेवा ऐप भी लॉन्च किया गया है, जो श्रद्धालुओं को लोकेशन बताने और किसी प्रकार की शिकायत दर्ज करने में मददगार साबित होगा। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने बताया कि पहले स्नान पर्व के लिए बड़े पैमाने पर फोर्स तैनाती की गई है।




### कल्पवास के साथ आज से शुरू होगा 44 दिवसीय माघ मेला

**प्रमुख स्नान पर्व**

| | |
|---|---|
| पौष पूर्णिमा | 3 जनवरी |
| मकर संक्रांति | 15 जनवरी |
| मौनी अमावस्या | 18 जनवरी |
| बसंत पंचमी | 23 जनवरी |
| माघी पूर्णिमा | 1 फरवरी |
| महाशिवरात्रि | 15 फरवरी |

NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: संगम नगरी प्रयागराज में 44 दिनों तक चलने वाला माघ मेला शनिवार से शुरू होगा। पौष पूर्णिमा पर मेले का पहला स्नान पर्व होगा और 1 महीने तक चलने वाला कल्पवास भी शुरू हो जाएगा। इसके लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। हालांकि मेला परिसर में कीचड़ सहित अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले स्नान पर्व के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद गुरुवार से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। इस बीच मेले में जमीन के आवंटन को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। मेले के दौरान 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। जबकि पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर 25 लाख के करीब श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना है। मेला 15 फरवरी तक चलेगा।




## फटाफट खबरें

### रजाई में दम घुटने से दुधमुंहे की मौत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: मिर्जामुराद के बेनीपुर गांव में गुरुवार रात रजाई में दम घुटने से 25 दिन के दुधमुंहे बच्चे की मौत हो गई। बेनीपुर निवासी सुधा देवी ने 25 दिन पूर्व पहले बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात सुधा ने बेटे को रजाई ओढ़ाई थी। इसके बाद खुद भी पास ही सो गई। सुबह उठने पर बच्चे की शरीर में कोई हरकत नहीं देख पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### KCC ऋण में फर्जीवाड़ा, 25 पर FIR

■ NBT न्यूज, गोंडा: भारतीय स्टेट बैंक की कर्नलगंज शाखा से जुड़े किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बैंक अधिकारियों को कथित रूप से गुमराह कर दोबारा ऋण लेने के आरोप में कोर्ट ने 25 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। बैंक प्रबंधक के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन चतुर्थ) महिमा चौधरी ने 15 दिन में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू करने का आदेश दिया है।

### नंदिनी नगर महाविद्यालय में राष्ट्र कथा शुरू



■ NBT न्यूज,गोंडा: नंदिनी नगर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्र कथा महोत्सव का आगाज हुआ। कथा वाचक सद्गुरु रीतेश्वर महाराज ने सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र चेतना पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि संस्कार, साधना और समर्पण की भूमि है। युवाओं से आह्वान किया कि जीवन में संस्कार, सेवा और संयम अपनाएं। इस मौके पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, कैसरगंज सांसद करनभूषण सिंह मौजूद रहे।

### ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने दी जान

■ NBT न्यूज, इटावा: औरैया के बिधूना कोतवाली क्षेत्र के बधरा गांव में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिवारीजनों ने गांव के ही एक युवक पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार जगराम प्रजापति की पत्नी सरोजनी (30) ने मंगलवार को संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

### जेनरेटर रूम में सोए कर्मचारियों की मौत

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: नारखी स्थित पेट्रोल पंप के जनरेटर रूम में सोए कर्मचारियों की गुरुवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नगला सोठ गांव स्थित पंप के कर्मचारी सागर और मोहित गुरुवार रात ड्यूटी के बाद जेनरेटर रूम में सोए थे। शुक्रवार सुबह पहुंचे दूसरे कर्मचारियों ने दोनों को बेहोश देख पुलिस को सूचना दी। अस्पताल पहुंचाए जाने तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इटावा निवासी दोनों युवक अपने परिवार के इकलौते बेटे थे।

### रायबरेली के युवक की नासिक में मौत

■ NBT न्यूज, रायबरेली: सरेनी के पूरे बल्दी मजरे सिधौर तारा गांव निवासी तेजबहादुर (22) की संदिग्ध हालात में नासिक में मौत हो गई। राजपाल ने बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे बेटे से फोन पर बात हुई थी। तब उसने कहा था कि खाने के बाद फोन करूंगा। काफी देर तक कॉल नहीं आने पर नंबर मिलाया तो बंद था। इसके बाद गुरुवार सुबह कमरे में साथ रहने वाले युवक ने फोन करके बेटे की मौत की जानकारी दी। देर शाम दो लोग एंबुलेंस से शव लेकर आए और बिना मिले चले गए। परिवारीजनों ने साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### अमिताभ ठाकुर ने जेल में खाना-पानी छोड़ा

■ NBT न्यूज, देवरिया: जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने दो दिन से खाना-पानी छोड़ दिया है। देवरिया औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट आवंटन में धोखाधड़ी के आरोप में जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस की शुक्रवार को देवरिया सीजेएम कोर्ट में पेशी हुई। इसके बाद उन्होंने खुद बताया कि दो दिन से देवरिया जेल में आमरण अनशन कर रहे हैं। अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक गिरफ्तारी के समय का फुटेज व सीडीआर उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा। आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के समय उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया था। वहीं, पेशी के दौरान मुकदमे के दस्तावेज नहीं पहुंचने पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख तय की है।

### TTE पर महिला यात्री से मारपीट का आरोप

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज: दिल्ली से आजमगढ़ जाने वाली कैफियात एक्सप्रेस में टीटीई एवं उसके सहयोगियों पर 31 दिसंबर को टिकट चेकिंग के दौरान महिला यात्री एवं उसके परिवारीजनों से अभद्रता और मारपीट का आरोप लगा है। सूचना पर पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल करवाया। इसके साथ ही पीड़िता ने गोसाईंगंज स्टेशन पर शिकायत भी दर्ज की है। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्र के अनुसार अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है।

### 'अटल सरकार ने पेश किया था सुशासन मॉडल'

■ NBT न्यूज, अयोध्या: पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के सामने सुशासन का जो मॉडल पेश किया था, उसे वर्तमान सरकार और बेहतर ढंग से लागू कर रही है। नगर निगम के तिलक हाल में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित सम्मेलन में यह बात प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही।

## दोस्तों ने की थी युवक की हत्या, दोनों गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, अयोध्या: रौनाही में शुभम हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के अनुसार अंकुर पांडे ने खंडासा के खानपुर गांव निवासी दोस्त शुभम रावत की शादी की फोटो उसकी प्रेमिका को भेज दी थी। इसे लेकर दोनों के बीच तनातनी चल रही थी। वहीं, गिरीश रावत का पहले से शुभम से विवाद था। दोनों ने साजिश रचकर 26 दिसंबर 2025 को शुभम को रौनाही क्षेत्र में बुलाया और शराब पिलाने के बाद चाकि से वारकर हत्या की और शव सरयू नदी में फेंक दिया था। इसके बाद परिवारीजनों को नहाने के दौरान डूबने की कहानी सुना दी। हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ में दोनों ने सच उगल दिया।

## नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत, FIR

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सारनाथ स्थित जन सुधार नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती आदित्य गोस्वामी (26) की शुक्रवार को मौत हो गई। परिवारीजनों ने टॉर्चर से मौत का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बताया कि शरीर पर चोट के निशान टॉर्चर की पुष्टि कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर स्थिति संभाली। परिवारीजनों के अनुसार आदित्य को 27 दिसंबर को केंद्र में भर्ती करवाया गया था। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग, जिंदा जला चालक

■ NBT न्यूज, इटावा: घने कोहरे के बीच आगरा-इटावा-कानपुर राजमार्ग पर दो ट्रकों की टक्कर के बाद आग लगने से चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर पक्का बाग ओवरब्रिज के पास गुरुवार देर रात हरियाणा से वाराणसी जा रहा ट्रक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया था। पीछे से टकराए जिप्सम लदे ट्रक में आग लग गई और केबिन में फंसे चालक की जलने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरियाणा के सिरसा निवासी जसकीरत सिंह उर्फ लवली के रूप में हुई।

**हादसे में जीजा साले की मौत:** सीतापुर के मिश्रिख में सिधौली मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले की मौके हो गई। पुलिस के अनुसार मोहम्मदनगर निवासी रामसेवक (19) बाइक से हानीपुर निवासी साले विपिन (18) के साथ जा रहे थे। रूपपुर पुलिया के पास सामने से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी।

**डिवाइडर पर चढ़ी बाइक, युवक की मौत:** अमेठी के बंधवा रैसी गांव के पास शुक्रवार को बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गई। लालपुर डिबिया निवासी दिलीप कुमार (40) बाइक से पत्नी ललिता को लेकर मुसाफिरखाना जा रहे थे। बंधवा रैसी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर पुल के डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गई थी। हादसे में दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### हादसों में दोस्तों समेत चार की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अलग-अलग सड़क हादसों में दो दोस्तों सहित चार की मौत हो गई। सुलतानपुर हाइवे पर हैदरगढ़ के खसरसिया गांव के पास हुआ गुरुवार रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गौसपुर निवासी अरुण रावत (30) और उसके दोस्त रामू रावत (28) की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या हाइवे पर सफदरगंज के रसौली चौराहे के पास सीतापुर निवासी राजन कुमार वर्मा (24) की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान राजन की मौत हो गई। वहीं, शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे लोनीकटरा में हुए हादसे में मुखिया मजरे तेजवापुर निवासी सतगुरु (28) की मौत हो गई। हादसे में उनकी मां ईश्वर देई (55) गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**ट्रॉला से टकराई बस, युवक की मौत:** शाहजहांपुर में गुजरात से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही डबलडेकर बस शुक्रवार सुबह आगे चल रहे ट्रॉला से टकरा गई। पुलिस के अनुसार थाना रोजा के अटसलिया पुल पर ट्रॉला चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा हुआ। इसमें केबिन में बैठे परिचालक मुकेश (26) समेत तीन लोग घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने तक मुकेश की मौत हो चुकी थी।

## दो टफलेक्स कोर्ट पर होगी प्रतियोगिता

■ NBT न्यूज, वाराणसी: पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पहली बार सीनियर नैशनल वॉलिबॉल चैंपियनशिप 4 से 11 जनवरी तक खेली जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष मेयर अशोक तिवारी ने बताया कि सभी मैच डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (सिगरा) के आउटडोर और इंडोर हॉल में होंगे।

**वाराणसी में सीनियर नैशनल वॉलिबॉल प्रतियोगिता आज से**
**प्रधानमंत्री वर्चुअली करेंगे उद्घाटन, सीएम होंगे मुख्य अतिथि**

उत्तर प्रदेश में पहली बार वॉलिबॉल प्रतियोगिता दो टफलेक्स कोर्ट पर होगी। इसके साथ ही स्विट्जरलैंड से अंतरराष्ट्रीय वॉलिबॉल महासंघ के तीन आब्जर्वर की देखरेख में प्रतियोगिता होगी। आयोजन सचिव सर्वेश पांडेय ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हेल्प डेस्क सक्रिय कर दी गई है। प्रतियोगिता में देशभर के 1300 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। शुक्रवार को खिलाड़ी वाराणसी पहुंचने लगे हैं। 72 वीं सीनियर नैशनल वॉलिबॉल चैंपियनशिप का पीएम वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली प्रतियोगिता में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही यूपी वॉलिबॉल संघ के अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। चैंपियनशिप के लिए यूपी की महिला और पुरुष टीम घोषित कर दी गई है।

## 'ज्ञान से आता है अहंकार, भक्ति से पवित्रता की प्राप्ति'

### राम मंदिर में प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव संपन्न



■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर में पांच दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव शुक्रवार को विविध अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान श्रीरामचरितमानस में अवधपुरी अति रुचिर बनाई, देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई सरीखी चौपाइयां गूंजती रहीं। संयोजक प्रेम प्रकाश मिश्र के अनुसार योगेश सवीन, कुमार गौरव शुक्ला, ऋषिकेश निवासी स्वामी चिदानंद, मुरैना के राजेश ठाकुर की देखरेख में पाठ हुआ।

वहीं, अंगद टीला के श्रीराम कथा मंच से जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य ने कहा कि ज्ञान के लिए परिश्रम और भक्ति के लिए समर्पण की आवश्यकता होती है। मन में लालसा और कारण लेकर प्रभु के दर्शन मत करो, अहैतुक दर्शन करो। आगे कहा कि ज्ञान व्यक्ति को अभिमान देता है, ज्ञान का अर्थ ही गुमान है। यहां संत प्रवर ने काग भुशुंडी की ज्ञान के अभिमान के कारण श्राप की कथा सुनाई। वहीं, लीना चतुर्वेदी समूह ने कथक के माध्यम से राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति दी। हनुमान चालीसा पर भी नृत्य पेश किया गया। मंजोली पाण्डेय ने अवधी में श्रोताओं को प्रणाम निवेदित करते हुए राम ही राम हो रटन लगी निबिया... पेश किया।

### गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर युवक से ₹50 लाख बरामद

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: गोरखपुर रेलवे स्टेशन से शनिवार रात राजू जायसवाल नाम के युवक के बैग से 50 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। यह रकम हवाला की बताई जा रही है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने रकम को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 4 पर एक युवक संदिग्ध हालात में दिखा। उसके हाथ में एक बैग था। पुलिस ने रोका तो वह हड़बड़ा गया।

## युवक को पीटने, पेशाब पिलाने में चौकी इंचार्ज समेत 7 नामजद

■ NBT न्यूज, बांदा: चोरी कबूल नहीं करने पर बंधक बनाकर पीटने और पेशाब पिलाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर दरोगा सहित सात पर केस दर्ज हुआ है।

पीड़ित के अनुसार 1 सितंबर को गांव के रामरूप सिंह, भैया, पंकज सिंह, ज्वाला, विद्याधर और सुनील ने बुलाया और गांव में हुई चोरियां कबूलने का दबाव बनाया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी पैलानी की खप्टिहाकला चौकी ले गई। पत्नी के साथ मां भी चौकी पहुंची। चौकी इंचार्ज हरि शरण सिंह ने सबके सामने पीटते हुए चोरी कबूलने और सामान लौटाने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं दो अंगुलियां तोड़ने के साथ ही पेशाब पिलाई और एनकाउंटर की धमकी देते हुए भगा दिया। इसके बाद 3 सितंबर को फिर से चौकी बुलाया कर धमकाया। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट में गुहार लगाई थी। पैलानी थाना प्रभारी राकेश वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश से खप्टिहा चौकी इंचार्ज समेत सात अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**अफसरों के ध्यान न देने पर पीड़ित ने कोर्ट में लगाई थी गुहार**

## बैठक के दौरान हार्ट अटैक, फरीदपुर विधायक का निधन

■ भाषा, बरेली: फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार दोपहर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार सर्किट हाउस में पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान तबीयत बिगड़ने पर विधायक को अस्पताल पहुंचाया गया। वेंटिलेटर पर रखने के बावजूद सुधार नहीं हुआ और करीब एक घंटे बाद दोपहर तीन बजे निधन हो गया। फरीदपुर से दूसरी बार विधायक बने डॉ. श्याम बिहारी ने गुरुवार को ही 60वां जन्मदिन मनाया था। विधायक के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गहरा शोक जताया है।

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया गहरा शोक**

## दलित किशोर को निर्वस्त्र कर पीटा, 5 पर FIR


■ भाषा, बरेली: कैंट इलाके में एक दलित किशोर को निर्वस्त्र कर पीटने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को पांच लोगों पर FIR दर्ज की। एसपी सिटी मानुष पारीक के मुताबिक, मुकुल यादव, सुभाष यादव उर्फ एडी, सुल्तान, आयुष और वासु पर आरोप है कि ये सभी 31 दिसंबर की रात किशोर को घर के पास से उठाकर ले गए और निर्वस्त्र कर पिटाई की। इसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

## पार्षद पुत्र ने दरोगा को जड़ा थप्पड़, केस दर्ज

■ भाषा, वाराणसी: चौक थाना क्षेत्र में एक दरोगा को पार्षद के बेटे ने कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। पुलिस के अनुसार हिमांशु हुकुलगंज से भाजपा पार्षद बृजेश चंद्र श्रीवास्तव के बेटे हिमांशु ने गुरुवार देर शाम एक दरोगा को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह उसे बचाया और थाने लाई। पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल के अनुसार केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सजा माफी पर भी जाना पड़ा जेल, पांच दिन बाद फिर से मिली रिहाई

■ चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी: दहेज हत्या की दोषी एक बुजुर्ग महिला को राज्यपाल से सजा माफी मिली, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने फिर से जेल भेज दिया। इसके बाद पांच दिन बाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई तो पता चला कि प्रशासन ने सजा माफी के आदेश की जानकारी देर से भेजी थी। आखिरकार पांच दिन बाद हाई कोर्ट के आदेश पर महिला को आजादी मिल गई।



जानकारी के मुताबिक, हैदरगढ़ के कोठी निवासी दिलीप की शादी साल 2010 में लखनऊ के दुगावां निवासी महेश वर्मा की बेटी रजनी से हुई थी। साल 2012 में गर्भवती रजनी की जलकर मौत हो गई। रजनी की सास ब्रह्मादेवी पर हत्या का आरोप लगा। सेशन कोर्ट ने 10 मई 2019 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। हाई कोर्ट ने भी वह सजा बरकरार रखी। इस पर ब्रह्मादेवी ने सुप्रीम कोर्ट और राज्यपाल के समक्ष गुहार लगाई। राज्यपाल ने 2 सितंबर 2025 को सदाचरण और उम्र का लिहाज करते हुए समय पूर्व रिहाई के आदेश दिए। इस पर उन्हें 5 सितंबर 2025 को रिहा कर दिया गया। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर को सजा निलंबित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट का आदेश बाराबंकी के सेशन कोर्ट पहुंचने पर 17 दिसम्बर 2025 को वॉरंट जारी हुआ और हैदरगढ़ पुलिस ने 27 दिसंबर को उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इस पर ब्रह्मादेवी की बेटी तनु ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की। हाई कोर्ट की सुनवाई में सामने आया कि प्रशासन ने सजा माफी के आदेश की जानकारी 15 दिसंबर को भेजी थी। इस पर हाई कोर्ट ने 31 दिसंबर को वॉरंट निरस्त करते ब्रह्मादेवी को रिहा करने का आदेश दिया।




**विज्ञापन संख्या. 1/2026**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड**
में
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **23 जनवरी, 2026** (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **02 फ़रवरी, 2026** (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
**https://pesb.gov.in**
में लॉग इन करें।

**नैनीताल बैंक**
शाखा- महानगर, पता- एम-6, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
उत्तर प्रदेश-226006, फोन नं. 0522-2337281/4040557

**डिमांड नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के सम्बन्ध में निम्नलिखित ऋणियों एवं जमानतियों द्वारा नैनीताल बैंक की महानगर, पता- एम-6, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226006 शाखा से लिया गया ऋण अनर्जक आस्ति है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत बैंक द्वारा पंजीकृत/कोरियर डाक द्वारा प्रेषित डिमाण्ड नोटिस बैंक शाखा में वापस आ गए हैं। यदि ऋणी/जमानतियों द्वारा बैंक की उपरोक्त अवशेष राशि का भुगतान 60 दिन के अन्दर बैंक को नहीं किया जाता है तो बैंक उक्त में उल्लिखित सम्पत्ति का कब्जा सेक्शन 13(4) के अन्तर्गत लेने के लिए बाध्य होगा।

**ऋणी/जमानतियों का नाम एवं पता**

1. आर. के. इंटरप्राइजेज (कर्जदार फर्म/प्रोपराइटरशिप फर्म) द्वारा इसके प्रोपराइटर राम कृपाल सिंह पुत्र बृज राज सिंह के माध्यम से, पंजीकृत पता-प्लॉट नं. 22, शांति रेजीडेंसी, मिर्जापुर पुलिया, जानकीपुरम एक्सटेंशन, एकेटीयू के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-227021, अन्य पता- पहली मंजिल, गाटा नं. 226, 60 फीट रोड, सैदपुर जागीर, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226018 2. राम कृपाल सिंह पुत्र बृज राज सिंह (कर्जदार/प्रोपराइटर), निवासी मकान नं. 22, शांति रेजीडेंसी, तिवारीपुर, पोस्ट- जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226021 3. देवेन्द्र विक्रम सिंह पुत्र वीरेन्द्र विक्रम सिंह (जमानती), निवासी देवारी रूसल, लखनऊ-227205

डिमाण्ड नोटिस दिनांक 16.12.2025 को रु. 7,84,666.11 (रुपये सात लाख चौरासी हजार छः सौ छियासठ एवं पैसे ग्यारह मात्र दिनांक 28.10.2025 तक) दिनांक 29.10.2025 से आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे (घटाये वसूली, यदि कोई हो) जारी किया जा चुका है।

दृष्टिबंधक/बन्धक सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण : नया डिजिटल इंकजेट प्रिंटर C8 एवं प्रिंट हेड 512।

ऋणी एवं जमानतियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की महानगर, पता- एम-6, गोल मार्केट महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226006 में स्वयं उपस्थित हो 13(2) के अन्तर्गत प्रेषित डिमाण्ड नोटिस प्राप्त कर इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि के 60 दिन के भीतर अवशेष राशि का भुगतान सुनिश्चित करें ताकि उक्त अधिनियम के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

स्थान : लखनऊ, उत्तर प्रदेश दिनांक : 03.01.2026 प्राधिकृत अधिकारी

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: rishi.yadav Time: 01-02-2026 23:11 Color:

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । शनिवार, 3 जनवरी 2026

# लीपापोती का प्रयास

## इंदौर में मौत के आंकड़ों पर बहस

**स्वच्छता रैंकिंग** में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है।


हाईकोर्ट में सुनवाई

**अलग-अलग आंकड़े।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगर निगम की तरफ से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में दूषित पेयजल की वजह से केवल चार मौतें बताई गई हैं, जबकि यहीं के मेयर का कहना है कि 10 लोगों की मौत हुई और दूसरे सोर्स संख्या 15 बता रहे हैं। मौत के आंकड़ों पर बहस साबित करती है कि अब भी इस घटना से सबक लेने के बजाय लीपापोती करने का प्रयास है। दूषित पेयजल की वजह से एक भी मौत होना शर्मनाक है और यहां तो 200 से ज्यादा लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा।

**कार्रवाई काफी नहीं।** राज्य सरकार ने नगर निगम के आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देती, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती है। यहां ऊपर से नीचे तक, सभी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**सुधार की जरूरत।** इंदौर के भागीरथपुरा की घटना जरूरी नागरिक सुविधाओं की कमी की ओर भी इशारा करती है। आज भी देश में हर एक लाख आबादी पर औसतन लगभग 35 लोगों की दूषित पेयजल की वजह से जान जाती है। ग्लोबल एवरेज की तुलना में यह लगभग तीन गुना है। बेशक सरकार ने जल जीवन मिशन जैसे अभियान चलाए हैं, जिसकी बदौलत करीब 81% ग्रामीण घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का दावा है, लेकिन अब भी सुधार की बहुत जरूरत है।

**चुनौती और बढ़ेगी।** भारत ने 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़े होने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पहले आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना होगा। 2050 तक भारत की आबादी 1.7 अरब तक होने का अनुमान है और तब पानी के संसाधनों पर और दबाव पड़ेगा। देश को बेहतर वॉटर मैनेजमेंट के साथ सिस्टम को सुधारने की जरूरत है, तभी इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

### खुले मन से

# लीजिए साथ छोड़ गया वह साल भी


सुधीर मिश्र

बचपन में हम लोग अक्सर एक-दूसरे को नए साल के ग्रीटिंग कार्ड भेजते वक्त लिखते थे-

*मुसम्मी के रस को जूस कहते हैं*
*जो कार्ड न भेजे उसे कंजूस कहते हैं*

आज सोचता हूं कि कितनी सरल-सहज पंक्तियां थीं। पूरे साल का शिकवा रहता था, फलां ने पिछले साल न्यू इयर का ग्रीटिंग कार्ड नहीं भेजा। नवंबर खत्म होते ही घरों में कार्ड की गड्डी आ जाती थी। रिश्तेदार, वह दोस्त जिसके पापा का ट्रांसफर वेस्ट बंगाल हो गया, नानी के घर में मिली मकान मालिक की वह लड़की, जो गर्मियों की छुट्टी में अच्छी दोस्त बन गई थी और स्कूल के वे टीचर जो रोज स्केल से कुटाई करते थे, उन सबके लिए।

डाकिया उस जमाने के वॉट्सऐप हुआ करते थे। उनकी आवाज, साइकल की घंटी सुनते ही पूरा मोहल्ला अलर्ट मोड पर आ जाता था। डाक आने पर पहले दिल धड़कता था, मोबाइल नहीं बजता था। डाकिया बाबू का जलवा आज के बड़े से बड़े इनफ्लुएंसर से कहीं बड़ा था। खासतौर से 25 दिसंबर से पांच जनवरी के बीच। ज्यादातर ग्रीटिंग कार्ड इस दौरान आ ही जाते थे। पुराने लखनऊ में रहने वाली हमारी टोली पहले तो चौक में स्टेशनरी की बड़ी दुकानों पर कार्ड छांटती थी। वहां पसंद न आने पर हजरतगंज में यूनिवर्सल और जनपथ की बुक शॉप पर धावा बोला जाता था। ज्यादातर कार्ड पहाड़, बर्फ, झोपड़ी और चिड़िया वाले हुआ करते थे, फिर जमाना बदलने लगा। डाकिया बहुत कम दिखने लगे, जो मेरे घर आते थे, वह तो शायद रिटायर हो गए। ग्रीटिंग कार्ड आउटडेटेड होने लगे। रिश्तों की गर्माहट कुछ कम हुई। पहले मोबाइल के साथ एसएमएस आया। एक सौ साठ शब्दों में दिल के जज्बात बयां होने लगे, फिर फेसबुक आया, जिसकी 'दीवार' पर लोग अपनी बधाइयां लिखने लगे। वह सबके लिए होती हैं तो कभी आत्मीय लगी ही नहीं। फिर वॉट्सऐप का आतंक आया। बधाइयों के सैकड़ों मेसेज। समझ ही नहीं आता कि इनका क्या करूं और जवाब कैसे दूं? फिर लोग रात को बारह बजे स्टेटस लगाने लगे कि अगर आपके संदेश का जवाब न दे पाऊं तो अडवांस में बधाई और धन्यवाद। शुभकामनाएं भी डिसक्लेमर के साथ। हाईटेक लोग तो चैट बॉट के जरिए बधाई संदेश के जवाब दे रहे हैं। सब ऑटोमैटिक हो चुका है। कार्ड लिखने के लिए सोचना पड़ता था, उसमें समय लगता था। लिख-लिखकर मिटाना पड़ता था, वह क्या गया कि रिश्तों की गर्माहट भी चली गई। अब न्यू जर्सी में रहने वाले दोस्तों की शुभकामनाएं मिल जाती हैं, लेकिन अपने शहर में ही रहने वाले रिश्तेदारों और पड़ोसियों की नहीं। लोग जिम जाने, दुबले होने और मोबाइल कम इस्तेमाल करने के संकल्प ले रहे हैं, लेकिन आत्मीय होने और अपनों से मिलकर एक कप चाय पीने के नहीं। लोग समझ ही नहीं रहे कि 5-जी का नेटवर्क अपना नहीं बनाता, उसके लिए गले लगना पड़ता है, हाथ मिलाने पड़ते हैं। बहरहाल हाथ मिलाने पर हफीज मेरठी का यह शेर और बात खत्म कि-

*इक अजनबी के हाथ में दे कर हमारा हाथ*
*लो साथ छोड़ने लगा आखिर ये साल भी*

### ऑफ़ दि ट्रैक


# सबसे पुराने क़दम

दिलीप लाल

**सऊदी अरब** के पश्चिमी नेफुद डेजर्ट में स्थित Alathar नामक स्थल पर वैज्ञानिकों को लगभग 1.15 लाख वर्ष पुराने मानव पदचिह्न मिले हैं। इन्हें अरब प्रायद्वीप में आधुनिक मानव (Homo sapiens) की अब तक की सबसे पुरानी प्रत्यक्ष मौजूदगी का प्रमाण माना जा रहा है। इन पदचिह्नों की आयु Last Interglacial Period की बताई गई है, जब पृथ्वी की जलवायु अधिक नम और मानव जीवन के लिए अनुकूल थी। यह खोज उस सिद्धांत को मजबूती देती है कि अरब प्रायद्वीप कभी अफ्रीका, लेवांत और द. एशिया को जोड़ने वाला एक 'ग्रीन कॉरिडोर' था, जिसके जरिए प्रारंभिक मानव दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़े।

### केंद्र ने नए साल में 4000 मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना बनाई

# दक्षिण की ओर चला धर्म रथ


विश्वनाथ गोकर्ण



प्रत्यक्षं किम् प्रमाणं - जो सामने है, उसके लिए प्रमाण जरूरी नहीं होता। मेरे खयाल से सनातन धर्म के लिए यह बात एकदम सही है। किसी को शक नहीं है कि सनातन धर्म का ध्वज आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में शीर्ष पर लहरा रहा है। भले ही आप इसे राजनीतिक चश्मे से देखें, लेकिन मानेंगे कि भारत में करीब एक दशक पहले बदले राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद सब इतना आसान नहीं था।

**दुर्लभ संयोग।** एक साल पहले महाकुंभ की गूंज अचानक से तेज हुई। 144 साल के दुर्लभ संयोग की चर्चा हर जगह होने लगी। लोगों को लगा कि अब नहीं गए, तो कभी नहीं जा पाएंगे। बड़ी संख्या में लोग तमाम मुश्किलें उठाकर और जमा-पूंजी लगाकर इस ऐतिहासिक मौके को अपने नाम करने पहुंचे।

**जेब खाली, मन भरा।** प्रयागराज पहुंचने वाला हर श्रद्धालु अपनी हैसियत से थोड़ा अधिक ही खर्च कर आया। नतीजतन, पंडित-पुरोहितों के साथ ई-रिक्शा, ऑटो, ठेला चालकों की भरपूर कमाई हुई। होटल, रेस्तरां वाले भी मालामाल हो गए।


**आज भी सिहरन।** महाकुंभ की यादों से लोग आज भी रोमांचित हो उठते हैं। वे याद करते हैं कि प्लेन टिकट महंगा था, ट्रेनों में जगह नहीं थी और रास्ते जाम थे, फिर भी लोग पहुंचे। जो होटल का खर्च नहीं उठा सकते थे, उन्होंने सड़क किनारे ही डेरा डाल दिया।

**इकॉनमी को बूस्ट।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के एक सर्वे के मुताबिक, महाकुंभ पहुंचे हर श्रद्धालु ने औसतन 5.8 हजार रुपये खर्च किए। मेले में लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। इस हिसाब से यूपी की इकॉनमी को करीब 3.88 लाख करोड़ का बूस्ट मिला। सर्वे से यह भी भी पता चलता है कि लोगों ने घूमने पर 41% से ज्यादा खर्च किया, जबकि रहने पर 16.64% और खाने पर केवल 11.24%।

**सभी को फायदा।** मेले में लोगों ने पुण्य ही नहीं कमाया, बड़े पैमाने पर रोजगार का मौका भी भुनाया। गंगाजल के लिए प्लास्टिक कैन और बोतल का कारोबार ही करोड़ों रुपये का हो गया। दक्षिण भारत में रहने वालों ने लाखों रुपये खर्च कर टैंकर से संगम का जल मंगाया। उन्होंने अपने इलाके के मंदिरों में जलाभिषेक किया और कई लोगों को निःशुल्क बांटा। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के मनकामेश्वर मंदिर और नागवासुकि मंदिर सहित कई कॉरिडोर का लोकार्पण किया जाना इन्हीं में से एक था। अब एक बार फिर प्रयागराज माघ मेले के लिए सज चुका है।

नए साल की आशा

**कॉरिडोर निर्माण।** महाकुंभ बीतते-बीतते लगा, सनातनी चर्चाएं कम होने लगेंगी, लेकिन उज्जैन के श्री महाकालेश्वर और मां विंध्याचल देवी कॉरिडोर निर्माण ने सनातनी उत्थान यज्ञ में आहुति दे दी। साल के आखिर तक प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के स्वर्ण शिखर पर बहुप्रतीक्षित धर्म ध्वजा फहराया। इसे सनातन ध्वजा कहा गया, जिससे अयोध्या पर फिर विश्व भर में चर्चा होने लगी। आलम है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में रोजाना लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



**धार्मिक पर्यटन**
- काशी और अयोध्या में हर दिन आ रहे लाखों श्रद्धालु
- घूमने के लिए भी धार्मिक शहरों का रुख कर रहे लोग

**धार्मिक टूरिज्म।** पिछले साल इतने धार्मिक आयोजन हुए कि साल के अंत में लोग पहाड़ों और समुद्र किनारे छुट्टियां बिताने के बजाय धर्मस्थलों पर गए। पुराने साल को विदा करने वालों की भीड़ काशी, अयोध्या, मथुरा, वैष्णो देवी, कांची, मदुरै, तिरुपति और गोकर्ण जैसे स्थानों पर रही। कई पर्यटक द्वादश ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर हैं, तो कई शक्तिपीठ पहुंच गए।

**अब दक्षिण की बारी।** केंद्र ने नए साल में तमिलनाडु में चार हजार मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना बनाई है। ऐसा हुआ तो अब दक्षिण भारत में और भीड़ बढ़ेगी। इसके अलावा, 17 फरवरी को आंशिक सूर्य ग्रहण है। इसमें भी पवित्र नदियों वाले शहरों में लोग जाएंगे। इस दौरान कई अहम धार्मिक अनुष्ठान भी हो सकते हैं। बहरहाल नए साल में भारत को तमाम मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, मगर संदेह नहीं है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक सनातनी धर्म ध्वजा लहराता रहेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

www.nbt.in

# ऐसी दुश्मनी पहले तो न थी!

**उत्तराखंड** के पर्वतीय जिलों में वन्यजीवों और इंसानों का आमना-सामना होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पहले भी इंसानों और जानवरों के बीच संघर्ष होता था, लेकिन कभी-कभार। और इसके बावजूद दोनों के बीच का रिश्ता सहज और समन्वय का था। यह रिश्ता कैसे बिगड़ा, इसे लेकर तमाम रिपोर्ट हैं - मुझे तो ये तीन कहानियां याद हैं, जो बता देती हैं कि पहाड़ों पर आखिर चल क्या रहा है।

चमोली के ज्योतिर्मठ की दया भिलगवाल को अब भी रेगुलर चेकअप के लिए जाना पड़ता है। उनके सिर पर 22 और मुंह पर 12 टांके लगे हैं। घाव का निशान गहरा है। यह निशान उन्हें मिला था 4 नवंबर 2024 की सुबह। वह घर के पास खेतों में पशुओं के लिए घास लेने गई थीं। जब वह घास काट रही थीं, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। दया ने कुछ देर तक मुकाबला किया, लेकिन फिर पस्त पड़ गईं। उनकी चीख सुनकर परिवार के लोग जब तक पहुंचते, भालू ने उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया था।

दूसरी कहानी है उत्तरकाशी के मातली गांव की सुंदरी देवी की। उनकी उम्र 80 बरस है और उन्होंने पहाड़ को बदलते बहुत करीब से देखा है। उनसे जब इस बारे में बात हुई तो कहने लगीं, 'हमारे लिए जंगल सिर्फ पेड़-पौधों और हरियाली नहीं, हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। हम अपने आसपास के जंगल में बिना डर के जातेए थे। तब पता होता था कि कौन-सा इलाका हमारा है और कौन-सा वन्य जीवों का। दोनों ही इस सीमा को मानते। न हम उनके क्षेत्र में बिना जरूरत जाते और न ही वे इधर आते। आज जब इंसान पहले जैसा नहीं रहा, तो जंगल भी बदल गया है। हमने प्रकृति से दूरी बना ली है। जंगल और इंसान के बीच की समझ, उनके बीच का संतुलन टूट रहा है।' सुंदरी देवी ने अपने साथ घटी एक घटना बताई। वह रोज की तरह जंगल में चारा-पत्ती लेने गई थीं। एक पेड़ पर चढ़कर जब वह पत्तियां तोड़ रही थीं, तभी उनका गमछा गिर गया। उन्होंने नीचे देखा तो एक भालू आराम फरमा रहा था। वह न चीखीं और न घबराईं। पत्तियां तोड़ने के बाद वह धीरे से नीचे उतरीं और गमछा उठाकर घर चल पड़ीं। 'मुझे डर इसलिए नहीं लगा कि वह भी जंगल का हिस्सा है और मैं भी। तब तो कभी-कभी बाघ और तेंदुए भी गांव और घरों के आसपास दिखाई दे जाते थे। लेकिन, वे चुपचाप आते और चले जाते। अब आपस में दुश्मनी का भाव हो गया है, जो तब नहीं था।'

खुद अपनी आंख से

बृजेश सती

तीसरी कहानी है मिली कोट गांव के भरत सिंह चौधरी की। उनके साथ हाल ही में घटना हुई, 26 नवंबर को। वह पौधों में पानी दे रहे थे, जब अचानक भालू ने हमला कर दिया। उन्होंने पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की, पर भालू ने उन्हें खींच लिया। 55 साल के भरत सिंह ठीक हैं, लेकिन शायद पहले जितने भरोसे के साथ वह अब जंगल में कदम न रख पाएं।

### चलते-चलते...

**वैज्ञानिकों ने** गाजर के बेकार समझे जाने वाले कचरे को उच्च पोषण और स्वादिष्ट प्रोटीन स्रोत में बदलने का एक नया तरीका खोज लिया है। American Chemical Society की रिपोर्ट के अनुसार, इससे तैयार फंगल मायसेलियम का उपयोग पैटी और सॉसेज में किया गया। सोया या चने की तुलना में इस फंगल प्रोटीन से बने उत्पादों को लोगों ने अधिक पसंद किया।

# डेटिंग ऐप्स पर जॉब सर्च



**डेटिंग ऐप्स को प्यार तलाशने का जरिया माना जाता है। लेकिन, AI के जमाने में हालात बदल रहे हैं। एक सर्वे से पता चला है कि युवा अब इंटर्नशिप, जॉब इंटरव्यू और फ्रीलांसिंग के लिए भी डेटिंग ऐप्स का सहारा ले रहे हैं।**

**5 पॉइंट**

**1 2,200 लोगों का सर्वे**
सर्वे में शामिल एक तिहाई ने बताया कि नौकरी के लिए ही डेटिंग ऐप्स पर मैच ढूंढा। दो तिहाई ने अपनी पसंद की कंपनी के लोगों को राइट स्वाइप किया, जबकि आधे ने सीनियर पोजिशन वाले लोगों को चुना।

**2 मैनेजर तक पहुंच**
दरअसल, हायरिंग सिस्टम में AI के आने से योग्य उम्मीदवारों के रेज्यूमे ऐसे ही पड़े रह जाते हैं। जॉब मार्केट और कठिन हो गया है। इसलिए, हायरिंग मैनेजर तक पहुंचने के लिए भी इनका सहारा लिया जा रहा है।

**3 पहचान में मददगार**
नेटवर्क बढ़ाने के लिए भी डेटिंग ऐप्स की मदद ली जा रही है, क्योंकि नौकरी तब ही मिलती है जब उस कंपनी में किसी से पहचान हो। ऐसे में युवा पहले ऐप्स से दोस्ती कर रहे और फिर उसी दोस्त से नौकरी मांग रहे।


**4 फ्रीलांस जैसा रिश्ता**
कई लोगों ने डेटिंग ऐप्स पर बनाए रिश्तों को फ्रीलांसिंग के लिए भुनाया। कुछ को रिश्ते में आने के बाद फ्रीलांस काम मिल गया, लेकिन उनका रिश्ता चला नहीं। हालांकि कुछ का रिश्ता नौकरी से आगे भी बढ़ा।

**5 कंपनियां कन्फ्यूज**
डेटिंग ऐप्स कंपनियों के लिए यह ट्रेंड नया है। उनके यूजर तो बढ़ रहे हैं, लेकिन चिंता है कि अगर हायरिंग के लिए ऐप्स का इस्तेमाल होने लगा तो उन पर भरोसा घटेगा।

*प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र*

# राजशाही की वापसी का तो सवाल ही नहीं

*राजशाही का अंत कर गणतांत्रिक व्यवस्था अपनाने और एक प्रगतिशील संविधान हासिल कर लेने के बाद भी नेपाल लोकतंत्र की राह पर सहजता से आगे नहीं बढ़ पा रहा। एक के बाद दूसरी अनिश्चितता से उसका पाला पड़ता रहा है। इसी की ताजा कड़ी है गत सितंबर में हुआ Gen Z विद्रोह, जिसने तत्कालीन ओली सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की की अगुआई वाली अंतरिम सरकार ने मार्च में आम चुनाव करवाने का ऐलान किया है, लेकिन इस बीच पुरानी संसद को बहाल करने की मांग भी जारी है। ऐसे में पिछले दिनों दिल्ली आए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई से बातचीत कर NBT के* ***प्रणव प्रियदर्शी*** *ने यह समझने का प्रयास किया कि नेपाल इन हालात में कैसे फंसा और यहां से आगे की उसकी राह किस ओर जाती दिखती है। प्रस्तुत हैं बातचीत के मुख्य अंश:*


NBT सप्ताह का इंटरव्यू
डॉ. बाबूराम भट्टराई

**■ आप न केवल जनयुद्ध के दौर की अगुआई करने वाले प्रमुख नेताओं में रहे हैं, बल्कि संविधान समिति के भी अध्यक्ष रहे हैं। जिस अनिश्चितता में नेपाल अभी फंसा है, उसे देखते हुए क्या चुनाव तय समय पर होने की आशा है?**

मैं कोई भविष्यवक्ता नहीं हूं, इसलिए यह नहीं बता सकता कि चुनाव समय पर होंगे या नहीं, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि चुनाव तय समय पर ही होने चाहिए। सबके लिए यही सही है, नेपाल की जरूरत यही है।

**■ सितंबर में नेपाल में सड़कों पर Gen Z का जो गुस्सा फूटा था, उसे आप किस तरह से देखते हैं?**

हमने नेपाल में लंबे संघर्षों के बाद संघीय गणतांत्रिक संविधान बनाया, उससे राजनीतिक तौर पर तो लोकतंत्र स्थापित हो गया, लेकिन उसके बाद जो बराबरी, समृद्धि, खुशहाली आनी चाहिए थी, वह नहीं लाई जा सकी। उसके खिलाफ नेपाल के युवाओं का असंतोष सामने आया, वही Gen Z विद्रोह था।

**■ पूर्व पीएम केपी ओली कहते हैं, उसके पीछे विदेशी हाथ था। उनका इशारा भारत की ओर है। क्या आप भी ऐसा ही मानते हैं?**

देखिए, जो भी शासक वर्ग के लोग होते हैं वे इस तरह की बातें करते हैं। इस तरह की कॉन्सपिरेसी थियरीज को मैं नहीं मानता। यह नेपाल के युवाओं का असंतोष था, जेनुइन विरोध था, इसमें कोई शक नहीं। हां, एक बार ऐसा विरोध फूट पड़ता है तो उसमें कुछ गलत तत्व भी प्रवेश कर जाते हैं। इसमें भी अगर ऐसा कुछ होगा, तो इसकी जांच चल ही रही है, उसमें सामने आ जाएगा, लेकिन मूलतः यह नेपाल के युवाओं का असंतोष था, उसके कारण भी आंतरिक थे।

**■ क्या थे वे आंतरिक कारण?**

दो तरह के फैक्टर रहे इसके पीछे। जनयुद्ध के लंबे दौर के बाद हमने राजशाही का अंत करके नया संविधान बनाया। उसके बाद अजेंडा बदल गया था। इसलिए हमारी जो माओवादी पार्टी थी, हमने कहा था कि उसका कार्यभार पूरा हो गया है। उसके बाद नई तरह की राजनीति की जरूरत थी, सुशासन के जरिए आर्थिक समृद्धि लाने की जरूरत थी। लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई। पुरानी पार्टी के पुराने नेता पुराने ही तौर-तरीके चलाते रहे। लिहाजा आर्थिक क्रांति नहीं हो पाई जिसका नतीजा इस विस्फोट के रूप में दिखा। दूसरा फैक्टर यह भी रहा कि टेक्नॉलजी के विकास, खासकर इंटरनेट की पहुंच से युवाओं की चेतना बढ़ी। उस लिहाज से उनकी आकांक्षाएं बढ़ीं। तो वस्तुगत और मनोगत ये दोनों कारण रहे।

**■ नेपाल में राजतंत्र की वापसी की मांग भी सुनने में आ रही है कई कोनों से। यह खतरा कितना वास्तविक है?**

देखिए, किसी भी समाज में एक छोटा सा हिस्सा तो होता ही है जो अतीतोन्मुख होता है। तो कभी ऐसा कोई स्वर कहीं से उठ जाए बात अलग है, वास्तव में ये फ्रिंज एलीमेंट्स ही हैं। राजशाही की वापसी का सवाल ही नहीं उठता। नेपाल उस दौर को पीछे छोड़ चुका है।

**"असलियत यह है कि भारत और नेपाल के संबंध इतने पुराने और इतने गहरे हैं कि उसे किसी तरह से रिप्लेस करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। फिर भी, मान लीजिए कि अगर कोई ऐसी मूर्खता करने की सोचता भी है तो खुद चीन उसे अस्वीकार कर देगा। ये बातें रेकॉर्ड पर हैं कि 19वीं और 20वीं सदी में जब भी ऐसी कोशिश की गई, चीन ने उसे हतोत्साहित किया।**

**■ केपी ओली के शासनकाल में खास तौर पर भारत विरोधी भावनाओं का उभार देखा गया। भारत के बरक्स चीन के करीब जाने का रुझान भी नजर आया...**

ऐसी बातें करने वाले जो भी लोग हों, वे हकीकत से अनजान हैं। कुछ लोग अपने किसी संकीर्ण स्वार्थ की वजह से भी ऐसी बातें प्रचारित करते हैं, लेकिन असलियत यह है कि भारत और नेपाल के संबंध इतने पुराने और इतने गहरे हैं कि उसे किसी तरह से रिप्लेस करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। फिर भी, मान लीजिए कि अगर कोई ऐसी मूर्खता करने की सोचता भी है तो खुद चीन भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। ये बातें रेकॉर्ड पर हैं कि 19वीं और 20वीं सदी में जब भी ऐसी कोशिश की गई, चीन ने उसे हतोत्साहित किया। चीन की तरफ से स्पष्ट बता दिया गया कि नेपाल का हित भारत से अच्छे संबंध बनाए रखने में है और सुरक्षित तथा स्थिर नेपाल चीन के भी हक में है।

**■ बीसवीं सदी में वामपंथी विचारों ने नेपाल और भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में गहरी छाप छोड़ी। लेकिन 21वीं सदी में उसका प्रभाव कमजोर होता जा रहा है। क्या आप मानते हैं कि यह विचारधारा अप्रासंगिक होती जा रही है?**

कोई भी विचारधारा अपने समय और समाज से निरपेक्ष नहीं होती। आज तकनीकी विकास ने हमारे जीवन, सोच और जरूरतों को बदल दिया है। विचारधारा को भी उसी हिसाब से जरूरी बदलाव करने होंगे, तभी वह अपनी प्रासंगिकता बनाए रख पाएगी।

### रीडर्स मेल

**नए दौर की हो रणनीति**

यह पत्र 1 जनवरी के लेख 'जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा' से संबंधित है। पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने साबित कर दिया कि पाकिस्तान कुछ भी कर सकता है और हमें उसका जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय वायु सेना के प्रमुख लड़ाकू विमानों की डिलिवरी में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की देरी पर कई बार चिंता जता चुके हैं। इसका सीधा असर हमारी सैन्य तैयारियों पर पड़ता है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि निजी क्षेत्र भी अपना वादा पूरा करे और सेना की मांगों को समय पर पूरा करे। इतना ही नहीं, यह भी जरूरी है कि स्वदेशी सैन्य हथियारों में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। उसमें तकनीक और AI की भूमिका होगी। इसलिए, जरूरी है कि कार्यशैली भी उसी तरीके से बनाई जाए ताकि भारतीय सेना की तैयारी हमेशा समय से आगे रहे।

**बाल गोविंद, नोएडा**

**क्रांतिकारी बदलाव**

देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की ताजा पहल ऐतिहासिक साबित हो सकती है। उनका यह कहना कि आपात स्थिति में अस्पतालों की तरह अदालतें भी 24 घंटे खुली रहें, काफी महत्वपूर्ण है। सूर्यकांत ने सीधे तौर पर कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को आम लोगों की अदालत बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था जरूरी हो गई है कि अगर किसी शख्स को देर रात किसी जांच एजेंसी का समन मिले या उसकी स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा हो, तो वह आधी रात में भी अदालत का दरवाजा खटखटा सके। अदालतों को 24 घंटे खुले रखने का उद्देश्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगर सूर्यकांत इसे व्यावहारिक रूप दे पाते हैं, तो यह न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव साबित हो सकता है।

**अरविंद रावल, ईमेल से**

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: manoj.pandey Time: 01-03-2026 00:23 Color:



# सोफिया-व्योमिका को पूरे देश ने चुना



**नवभारत टाइम्स के माध्यम से सभी देशवासियों का मैं धन्यवाद करती हूं। मैं स्वयं को केवल भारतीय सेना का एक प्रतिबिंब मानती हूं। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस पूरे संगठन का है, जिसकी सेवा करने का सौभाग्य मुझे मिला है।**

*कर्नल सोफिया कुरैशी*

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर 2025




## 'मुझे भारतीय सेना के हर सैनिक पर गर्व है'



ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, यह अभियान हमारे राष्ट्र के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता पूरे देश के एकजुट होने और भारतीय सेना को मिले समर्थन का परिणाम है। इस अभियान ने भारतीय सेना की उस क्षमता को प्रदर्शित किया कि वह जहां कहीं भी आतंकी और उनके शिविर हों, वहां सटीकता और जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई कर सकती है। इस अभियान में सभी सैनिकों ने साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। भारतीय सेना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव सतर्क है। देशवासियों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और मुझे भारतीय सेना के प्रत्येक सैनिक पर गर्व है।

*जनरल उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय सेना प्रमुख*


## 'दोनों बहादुर बहनों को बहुत-बहुत बधाई'



नवभारत टाइम्स के पाठकों की ओर से '**NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर-2025**' के रूप में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का चुना जाना गर्व का विषय है। मैं दोनों बहनों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि नवभारत टाइम्स के पाठकों ने सेना को सर्वोपरि रखा है। हमारे लिए बहुत गौरव और सम्मान की बात है कि इस पुरस्कार के लिए देश की जनता के भारतीय सेना की प्रतिनिधि के तौर पर हमारी इन बहादुर बहनों को चुना। हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम पर हमें गर्व है। जिस तरह से देश की सेना ने 'आपरेशन सिंदूर' में आतंक को मुंहतोड़ जवाब दिया, वह अपने आप में एक मिसाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमेशा देश के सम्मान को सर्वोपरि रखा है, हमें उन पर गर्व है।

*ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश*

## 'ट्रेनिंग में ही पता लग गया था कि असाधारण रूप से दृढ़ निश्चय वाली हैं व्योमिका'



एयर कोमोडोर ए.के. प्रसाद (रिटायर्ड)

जब विंग कमांडर व्योमिका सिंह सिकंदराबाद स्थित हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में आईं, तब वह पहले से इंजिनियरिंग कर चुकी थीं। आमतौर पर ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि कोई इंजिनियरिंग की पढ़ाई के बाद फ्लाइंग ब्रांच को चुने। तभी मुझे लगा था कि वह असाधारण रूप से दृढ़ निश्चय वाली हैं। उन्होंने बेसिक हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग कोर्स को बेहद अच्छे ढंग से पूरा किया। 2004 से 2005 के बीच ट्रेनिंग के दौरान मैंने व्योमिका को नजदीक से देखा। उन दिनों वह बेहद फोकस्ड, कमिटेड ट्रेनी थीं। बाद में उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में अलग-अलग तरह के टेरेन में उड़ान भरी। व्योमिका न सिर्फ एक अच्छी ऑफिसर हैं, बल्कि एक बेहद संवेदनशील इंसान भी हैं। इसका एक निजी अनुभव मेरे लिए खास है। जब मेरी बेटी की शादी होनी थी और मेरा परिवार मुंबई में था, तब दिल्ली में हमें जो भी मदद चाहिए थी, व्योमिका ने पूरी जिम्मेदारी और अपनापन दिखाते हुए वह मदद की। वह रिश्तों की अहमियत समझती हैं और हर संबंध को पूरा सम्मान देती हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें ब्रीफिंग करते देखना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण था। जिस अधिकारी को मैंने कभी एक ट्रेनी के तौर पर देखा था, वह उस दिन न सिर्फ भारतीय वायुसेना बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। वह प्रेस को जानकारी दे रही थीं, लेकिन पूरी दुनिया उन्हें देख रही थी। उनके अनुभव, क्षमता और आत्मविश्वास ने ही उन्हें इस भूमिका के योग्य बनाया।



दोनों ने सुनाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी


**जब भी मैं उनसे मिला, हर बार मैंने उन्हें एक बेहद प्रोफेशनल, संतुलित और संवेदनशील वायुसेना अधिकारी के रूप में ही पाया।**

हम देशवासियों का धन्यवाद करते हैं, जिनका अटूट विश्वास हमें ताकत देता है और ज्यादा मजबूती और अधिक समर्पण के साथ सेवा करने की प्रेरणा देता है। भारतीय वायुसेना के लिए साल 2025 गर्व का और निरंतर सतर्कता का रहा। जब हमारे साथी लगातार, बिना किसी आराम के, देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैयार रहे। हमने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और एक बार फिर सबसे पहले रिस्पॉन्ड करने वाली फोर्स के रूप में आगे आए। हमारे एयरक्राफ्ट, इक्विपमेंट, हमारे लोग पूरे साल पूरी तरह तैयार रहे। हमेशा की तरह, भारतीय वायुसेना देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा और राष्ट्र की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



*विंग कमांडर जयदीप सिंह*
*प्रवक्ता, भारतीय वायुसेना*

## 'सोफिया शुरू से ही अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित और मेहनती अफसर रही हैं'



ले. जनरल डी.पी. पाण्डे (रिटायर्ड)

कर्नल सोफिया कुरैशी को मैं उस समय से जानता हूं, जब वे आर्मी वॉर कॉलेज में सीनियर कमांड कोर्स कर रही थीं और मेरी स्टूडेंट थीं। उस दौरान ही उनमें एक सशक्त सैन्य अधिकारी के सभी गुण साफ दिखाई देते थे। वे शुरू से ही अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार, मेहनती और समर्पित अफसर रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब कर्नल कुरैशी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए देश और दुनिया के सामने ऑपरेशन से जुड़ी जानकारी रख रही थीं तो उनका आत्मविश्वास और विषय पर पकड़ साफ झलक रही थी। जिस स्पष्टता और संतुलन के साथ उन्होंने मीडिया को ब्रीफ किया, वह सिर्फ भारतीय सेना के एक अधिकारी की नहीं बल्कि एक प्रशिक्षित सैन्य लीडर की झलक थी। उनके शब्दों और व्यवहार में भारतीय सेना की वह परंपरा दिखाई देती है जो न सिर्फ बेहतरीन सैनिक, बल्कि सक्षम नेतृत्व भी तैयार करती है। सोशल मीडिया पर जब कुछ पाकिस्तानी और असामाजिक तत्वों ने उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की तब भी कर्नल कुरैशी का जवाब बेहद संतुलित और गरिमापूर्ण रहा। उन्होंने किसी भी तरह की उकसावे वाली प्रतिक्रिया से बचते हुए सेना की गरिमा बनाए रखी। मुझे खुशी है कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी सामने रखने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई और उन्होंने इस भूमिका को पूरी क्षमता और परिपक्वता के साथ निभाया। उनके इस योगदान और उपलब्धियों पर मुझे गर्व है।



बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक के दिल में दोनों ने जगह बनाई।

**सोशल मीडिया पर जब कुछ असामाजिक तत्वों ने उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की, तब भी सोफिया का जवाब बेहद संतुलित और गरिमापूर्ण रहा।**

## यंग इंडिया ने भी व्योमिका-सोफिया को बताया हर जेनरेशन के लिए प्रेरणा

'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरे भारत की जुबां तक पहुंचाने वाली ये दोनों ही महिलाएं 2025 के सबसे इन्फ्लुएंशल चेहरे हैं। पहलगाम अटैक के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारी जरूरत बना, हमारी सेना की ताकत काबिले तारीफ थी, जिसे इन दो सेना के अधिकारियों ने डाइनिंग टेबल की चर्चा तक पहुंचाया। - अनन्या सिंह




पहलगाम हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। महिलाओं के सामने उनके अपनों को मारा गया, इसीलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया और कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को इस ऑपरेशन का चेहरा बनाया गया। इसने हमारी विमन पावर को दिखाया। - वर्चस्व पांडे



पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमारी आर्मी पावर दिखाई, तो कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की विमन पावर को दिखाया और लोगों के लिए, खासतौर पर लड़कियों के लिए ये प्रेरणा बनीं। ये 2025 के वो चेहरे हैं, जो हमेशा याद रखे जाएंगे। - अद्वैत



दोनों ही सेना अधिकारियों ने हमारी फोर्स की ताकत से देश का परिचय कराया और पब्लिक में कॉन्फिडेंस भरा। यकीनन यह 2025 के लिए खास बात थी। जिस तरह से इन्हें यह बड़ा मौका दिया गया, उसी तरह से ही देश के काबिल युवा भी सेना से जुड़कर देश की सेवा करना चाहते हैं। - चित्रा



महिला अधिकारियों को यह कमान देना, स्पेशल था। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे गंभीर और बड़े सेना अभियान की इन्होंने ब्रीफिंग की और इस से महिलाओं को लेकर सोच मजबूत हुई कि ये लीड कर सकती हैं। यह उदाहरण है कई ऑर्गनाइजेशन/कंपनियों के लिए, जो महिलाओं को लीडर का रोल देने से हिचकते हैं। - सृष्टि सेठी



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in